राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

लखनऊ
वर्षः 26 अंक 156
गुरूवार 3 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 37°C
न्यूनतम 22°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-14 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# वक्फ विधेयक पर लोकसभा में घमासान

## सरकार वक्फ विधेयक से किसी भी धार्मिक मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी'

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल।** लोकसभा में बुधवार को वक्फ अधिनियम में संशोधन से जुड़े विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। विधेयक को पिछले साल अगस्त में पेश किया गया था और बाद में चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया। समिति की सिफारिशों पर विचार कर इसे सदन में आज चर्चा के लिए लाया गया।

'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024' के साथ इससे जुड़े निष्क्रिय हो चुके पुराने अधिनियम को कागजों से हटाने के लिए 'मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2024' लाया गया है। नए विधेयक का नाम अंग्रेजी में यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट इंपावरमेंट इफिशिएंट एंड डेवलपमेंट बिल (उम्मीद बिल) रखा गया है।

हिन्दी में यह एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम होगा। केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि विधेयक केवल वक्फ से जुड़ी संपत्तियों के प्रबंधन से जुड़ा है

**चर्चा**
- जेडीयू ने किया वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन
- ललन सिंह बोले- किसी से नहीं चाहिए धर्मनिर्पेक्षता का सर्टिफिकेट

और इसका धार्मिक विषयों से कुछ लेना-देना नहीं है। विपक्ष मुसलमानों को अपना वोट बैंक मानता है और उसे गुमराह करने की कोशिश कर रहा है।

यह विधेयक न केवल मुसलमानों बल्कि देश के हित में है और इसके पारित होने पर विपक्ष को भी बदलाव अनुभव होगा। रिजिजू ने विधेयक पर चर्चा के दौरान वक्फ अधिनियम में 2013 में हुए संशोधन से उपजी गड़बड़ियों और असिमित शक्तियों के कारण पैदा हुए विवादों को उठाया। उन्होंने विपक्ष पर लोगों को गुमराह करने का आरोप



लगाते हुए कई मुद्दों पर स्पष्टीकरण भी दिया।

उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार ने 2014 के चुनाव के पहले संशोधन किया था। किरेन रिजिजू ने कहा कि दुनिया में सबसे अधिक वक्फ संपत्ति भारत में है। भारत में सबसे अधिक संपत्ति रखने वाली निजी संस्था भी वक्फ है। ऐसे में उसका उचित प्रबंधन और उससे समुचित आय सुनिश्चित की जानी चाहिए।

ऐसा होने पर असल में मुस्लिम समुदाय खासकर पिछड़े, गरीब और महिलाओं को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने सच्चर कमेटी की सिफारिशों का जिक्र ■ शेष पेज 13 पर

### जिनके लिए ये बिल है उनकी बात नहीं सुनी जा रही: अखिलेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर बहस के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि वक्फ बिल नाकामी पर पर्दा है।

भाजपा सरकार हर मोर्चे पर नाकाम। रातोंरात नोटबंदी का फैसला लिया। नोटबंदी की नाकामी पर भी चर्चा जरूरी है। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और किसान की आय दोगुनी नहीं कर पाए, उस पर भी चर्चा होनी चाहिए। वक्फ बिल मुसलमानों के लिए है। मुसलमानों की बात ही नहीं सुन रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि वक्फ बिल के पीछे ना नीति सही, ना नियत सही। भाजपा ध्रुवीकरण का फायदा उठानी चाहती है। भाजपा मुस्लिम भाईचारे को बांटना चाहती है। भाजपा को अपने वोटबैंक में गिरावट की चिंता है। ■ शेष पेज 13 पर

## पुंछ में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम

- पाकिस्तान ने फायरिंग कर संघर्ष विराम तोड़ा
- भारतीय सेना ने दिया जवाब, पाकिस्तान के 10 जवान घायल

**पुंछ, 2 अप्रैल।** जिला पुंछ में नियंत्रण रेखा पर मंगलवार को घुसपैठ के बड़े प्रयास को भारतीय सेना ने विफल बना दिया। इस दौरान एलओसी पर बारूदी सुरंगों में विस्फोट के बाद भारत-पाकिस्तान सैनिकों के बीच भारी गोलीबारी भी हुई। इस गोलीबारी में सीमा पार भारी नुकसान व पाकिस्तानी सेना के करीब आठ से दस जवानों के घायल होने की भी सूचना है। एलओसी पर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। सेना के उच्चाधिकारी स्थिति पर पूरी नजर बनाए हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे कृष्णा घाटी सेक्टर में भारतीय सेना की अग्रिम पोस्ट के नजदीक जंगली क्षेत्र में अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में एक के बाद एक तीन बारूदी सुरंगों में विस्फोट हुए। इसके साथ ही पाकिस्तान की तरफ से गोलीबारी भी शुरू कर दी गई। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि एलओसी के उस पार से आतंकियों का एक दल भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ का प्रयास कर रहा था, उसी समय भारतीय सेना की ओर से घुसपैठ को रोकने के लिए बिछाई गई बारूदी सुरंगों में विस्फोट होने के कारण आतंकियों का मंसूबा नाकाम हो गया और वे वापस भागने को मजबूर हो गए। आतंकियों को भारतीय सेना से बचाने के लिए पाकिस्तानी सेना ने गोलीबारी कर उन्हें कवर फायर भी दिया। नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की आशंका को देखते हुए भारतीय सेना ने भी जवाबी गोलीबारी की। दोनों तरफ से लगभग दो घंटे तक लगातार गोलीबारी जारी रही। स्थानीय लोगों के अनुसार, गोलीबारी के बाद घटना स्थल पर जंगली क्षेत्र में आग भी लग गई है और वहां से उठता धुंआ दूर-दूर से दिखाई दे रहा है। सूत्रों के अनुसार, गोलीबोरी में सीमा पार काफी नुकसान व पाकिस्तान के दस सैनिकों के घायल होने की भी सूचना है।

### वासंतिक नवरात्र



**पांचवा दिन-मां स्कंदमाता**

नवरात्रि का पांचवां दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। देवी स्कंदमाता बुध ग्रह को नियंत्रित करती हैं। इसलिए मां स्कंदमाता की पूजा करने से व्यक्ति के बुध ग्रह के बुरे प्रभावों से मुक्ति मिलती है।

### तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा में उठाई सुनीता विलियम्स को भारत रत्न देने की मांग

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल।** तृणमूल कांग्रेस के सदस्य मोहम्मद नदीमुल हक ने बुधवार को राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान सुनीता विलियम्स को भारत रत्न देने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि 286 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद सुनीता 19 मार्च को सुरक्षित पृथ्वी पर सुरक्षित लौट आईं। उन्होंने कहा कि सुनीता की यह उपलब्धि सराहनीय है और पूरा भारत इस पर गर्व करता है।

हक ने कहा कि गुजरात के एक राजनेता, सुनीता के करीबी रिश्तेदार थे। उन्होंने दिवंगत राजनेता का नाम भी लिया जो गुजरात के गृहमंत्री थे और 2003 में उनकी हत्या कर दी गई थी। हक ने कहा कि सुनीता 2007 में भारत आई थीं और तब उन्हें कई सम्मान दिए गए थे। भारत सरकार ने 2008 में उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया था। इस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि किसी के लिए भारत रत्न की मांग करना एक बात है।

इसमें किसी दिवंगत नेता का संदर्भ नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उस व्यक्ति का संदर्भ देना सही नहीं है जो अब हमारे साथ नहीं हैं। उन्होंने आसन से अनुरोध किया कि तृणमूल सदस्य के कथन का वह हिस्सा सदन की कार्यवाही से हटा दिया जाना चाहिए। राज्यसभा उपाध्यक्ष हरिवंश ने कहा कि जो भी हिस्सा अप्रासंगिक होगा, उसे कार्यवाही से हटा दिया जाएगा।

## ई-पॉस मशीनों से भ्रष्टाचार पर लगा लगाम

**लखनऊ, 2 अप्रैल (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में गरीब और जरूरतमंदों तक राशन पहुंचाने की प्रक्रिया को न केवल प्रभावी बनाया है, बल्कि इसे डिजिटल तकनीकों के माध्यम से पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त भी किया है। 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन' के मूल मंत्र को साकार करते हुए योगी सरकार ने खाद्य एवं रसद विभाग के जरिए तकनीकी नवाचारों को अपनाया, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के 1.15 करोड़ से अधिक राशन कार्डधारकों को मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक राशन वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए ई-केवाईसी और आधार सत्यापन प्रणाली को लागू किया है। इसके तहत राशन कार्डधारकों को अब देश के किसी भी उचित दर दुकान पर ई-केवाईसी कराने की सुविधा प्राप्त हो रही है।

खाद्य एवं रसद विभाग के आंकड़ों के अनुसार मार्च -25 तक प्रदेश के 77.37 प्रतिशत लाभार्थियों (1,15,37,940 राशन

**ई-केवाईसी**
- यूपी के 10 लाख लाभार्थियों ने दूसरे राज्यों में कराई अपनी ई-केवाईसी
- डिजिटल तकनीक से भ्रष्टाचार मुक्त हुई राशन वितरण व्यवस्था
- अन्नपूर्णा में होगा बिल भुगतान व मिलेंगी दवाएं

कार्डधारक) ने अपनी ई-केवाईसी पूरी कर ली है। खास बात यह है कि 10.02 लाख लाभार्थियों ने अन्य राज्यों में भी अपनी ई-केवाईसी कराई, जो इस व्यवस्था की व्यापक पहुंच सुनिश्चित कर रहा है।

यही नहीं इस डिजिटल पहल ने अपात्र कार्डधारकों की पहचान कर उन्हें सिस्टम से हटाने में मदद की, जिससे वास्तविक जरूरतमंदों तक खाद्यान्न पहुंच सुनिश्चित हुआ। योगी सरकार का लक्ष्य शत-प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी शीघ्र पूरी करना है, ताकि वितरण प्रणाली और अधिक मजबूत हो सके।

खास बात यह है कि राशन वितरण में ई-पॉस मशीनों के उपयोग ने पारदर्शिता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इन मशीनों के जरिए खाद्यान्न का वितरण सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है, जिससे बिचौलियों और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है।

यह तकनीकी नवाचार न केवल समय पर राशन उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि गरीबों के लिए खाद्य सुरक्षा को भी मजबूत कर रहा है। सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और सशक्त बनाने के लिए उचित दर दुकानों को आधुनिक रूप देने की पहल की है। इसके तहत 'अन्नपूर्णा भवन' का निर्माण मनरेगा जैसी योजनाओं के माध्यम से किया जा रहा है। वर्तमान में 3,534 अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो चुके हैं, ■ शेष पेज 13 पर

### बुलढ़ाणा सड़क हादसे में छह लोगों की मौत, 23 से अधिक घायल

**मुंबई, 2 अप्रैल।** बुलढाणा जिले में शेगांव-खामगांव राजमार्ग पर खामगांव के पास बुधवार को सुबह हुए सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। इस घटना में घायल 23 लोगों का इलाज आकोला और खामगांव के सरकारी अस्पताल में हो रहा है, इनमें छह घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस के अनुसार आज सुबह करीब साढ़े पांच बजे शेगांव से कोल्हापुर जा रही तेज रफ्तार बोलेरो एक एसटी बस से टकरा गई। उसी समय पीछे से आ रही एक निजी बस ने इन दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को टक्कर मार दी। इस तरह हादसे में तीन वाहनों की टक्कर में मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है।

मृतकों की पहचान धनेश्वर मरावी, कृष्णकुमार मोहन सिंह सरोटे, शिवपाल, शिवाजी समाधान मुंडे, मेहरुनिसा शेख हबीब और रंजीत वानखेड़े के रूप में हुई है।

### संक्षिप्त समाचार

#### राजद प्रमुख लालू यादव की तबियत बिगड़ी

**पटना, 2 अप्रैल।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। ब्लड शुगर बढ़ने के कारण उनकी स्थिति खराब हो गई, जिसके चलते डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली जाने की सलाह दी है। लालू यादव बीते दो दिनों से ब्लड शुगर बढ़ने की समस्या से जूझ रहे थे। बुधवार सुबह उनकी तबीयत और बिगड़ गई, जिसके बाद डॉक्टरों की एक टीम पटना स्थित राबड़ी आवास पर उनकी निगरानी में लगी हुई है।

#### शाही जामा मस्जिद के सदर की जमानत पर चार अप्रैल को होगी सुनवाई

**संभल, 2 अप्रैल।** शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली की जमानत याचिका पर अब चार अप्रैल को सुनवाई होगी। 23 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश सैनी ने बताया कि जिला न्यायालय स्थित चंदौसी में एडीजे द्वितीय निर्भय नारायण राय की कोर्ट ने 27 मार्च को सदर जफर अली की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बुधवार दो अप्रैल को इस मामले में परमानेंट जमानत याचिका की तारीख निहित थी।

#### रामनवमी को दोपहर 12 बजे रामलला का होगा जन्म : चम्पत राय

**अयोध्या, 2 अप्रैल।** राम जन्मभूमि में राम जन्मोत्सव श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट धूमधाम से मना रहा है। जन्मोत्सव पर प्रतिदिन श्री रामलला के सामने सायंकाल बधाई गायन प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा हो रहा है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राम नवमी के अवसर पर छह अप्रैल को रामलला का जन्म होगा।

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि चैत्र राम नवमी के अवसर पर आगामी छह अप्रैल को दोपहर ठीक 12 बजे रामलला का जन्म होगा। उसी समय से उनके कुल देवता सूर्य अपनी किरणों से अगले चार मिनट तक उनका अभिषेक करेंगे।

## नक्सलियों ने की संघर्ष विराम की मांग

**जगदलपुर, 2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई के बाद अब नक्सलियों ने संघर्ष विराम की मांग की है। पत्र जारी कर कहा गया है कि सरकार अगर ऑपरेशन बंद करने का ऐलान करती है तो नक्सली बात करने को तैयार हैं।

दरअसल बीते कुछ महीनों से सुरक्षाबलों की टीमें लगातार ऑपरेशन चला रही हैं जिसमें कई बड़े खूंखार नक्सलियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नक्सल प्रभावित बस्तर के दौरे से पहले नक्सलियों ने तत्काल युद्ध विराम और सशर्त शांति वार्ता की मांग की है। नक्सलियों के प्रवक्ता अभय की ओर से जारी बयान में

**शांति वार्ता**
- गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से पहले जारी किया पत्र
- नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने कहा कि 15 महीने में हमारे 400 साथियों को मारा गया

केंद्र सरकार से एंटी नक्सल ऑपरेशन को रोकने का आग्रह किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षाबलों की वापसी और माओवादी विरोधी अभियानों को रोकने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों में नक्सलियों को लग रहे तगड़े झटकों के बीच वे शांति वार्ता के लिए तैयार हो गए हैं। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की बैठक के बाद नक्सलियों के प्रवक्ता ने एक पर्चा जारी कर सरकारों से शांति वार्ता की पहल की है। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने कहा कि 15 महीने में हमारे 400 साथियों को मारा गया है। केंद्र और राज्य सरकारें ऑपरेशन रोकें तो हम बात करेंगे। नक्सलियों के प्रवक्ता अभय ने हिंदी और तेलगू दोनों भाषा में प्रेस रिलीज जारी केंद्र और राज्य सरकार से नक्सल विरोधी अभियान को रोकने के लिए अनुरोध किया है। इसके साथ ही सुरक्षा बल के जवानों को कैंप में ही रहने और नये कैंप नहीं खोलने की बात कही है।

### वक्फ बिल को लेकर यूपी में बढ़ाई गई चौकसी

**लखनऊ, 2 अप्रैल।** वक्फ (संशोधन) विधेयक के बुधवार को लोकसभा में पेश किया जा रहा हैं। इसको लेकर संभावित विरोध प्रदर्शनों की आशंका के मद्देनजर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अगले आदेश तक सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गई हैं। डीजीपी ने अपने आदेश में कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टी रद्द की जाती है। जो भी कर्मचारी या अधिकारी छुट्टी पर गये हैं वे तत्काल अपनी ड्यूटी को ज्वाइन कर लें। वक्फ संशोधन बिल को लेकर विरोध प्रदर्शन होने की संभावना हैं, ऐसे में जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने इलाकों में फोर्स के साथ गश्त करते नजर आयें।

संवेदनशील-अतिसंवेदनशील इलाको में अतिरिक्त फोर्स तैनात की जाए। ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाए। पुलिस अधिकारी जिला प्रशासन की मदद से संभ्रांत लोगों से बैठक कर रुपरेखा तैयार करें।



नवरात्री पर मंदिर में दर्शन पूजन करते श्रद्धालु। - छाया तरुणमित्र

### आम आदमी पार्टी ने यूपी में बनाये 10 प्रवक्ता

**लखनऊ, 2 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में पार्टी का पक्ष रखने के लिए दस प्रवक्ताओं को बनाया है। इसमें दो मुस्लिम चेहरों के रूप में रामपुर के फैसल खान लाला और लखनऊ के तकी अहमद के नाम भी शामिल है। बुधवार को आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ताओं की जारी सूची में बुलंदशहर के विकास शर्मा, वाराणसी के मुकेश सिंह, गाजियाबाद की तरूणिमा श्रीवास्तव, हमीरपुर से रमन सिंह, कानपुर के संजीव निगम, लखनऊ के प्रखर श्रीवास्तव, मेरठ के अंकुश चौधरी और फिरोजाबाद के प्रशांत यादव के नाम भी प्रवक्ताओं की सूची में शामिल है। प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची जारी होने पर मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की हार को भुला कर उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने की कमर कस ली है।

### अन्नाद्रमुक से गठजोड़ की खातिर प्रदेश अध्यक्ष को दांव पर लगाएगी भाजपा

## नागेंद्रन हो सकते हैं नए अध्यक्ष!

■ कुमार सौवीर

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल।** भाजपा के लिए दुरूह चुनौती सिद्ध हो रहे तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव में अन्नाद्रमुक से गठबंधन के पहले भाजपा अपने वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई की बलि दे सकती है। अन्नाद्रमुक नेता पलानीस्वामी की अन्नामलाई को लेकर गठबंधन से पहले ये शर्त भी बताई जा रही है जिसके लिए भाजपा मन बना रही है।

बता दें कि तमिलनाडु में येन केन प्रकारेण भाजपा पॉवर चाहती है इसीलिए चुनाव से पहले भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन की सम्भावना काफी बलवती है।

जानकारी के मुताबिक भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन की चर्चाओं के बीच अन्नामलाई भारतीय जनता पार्टी के तमिलनाडु

**सम्भावना**
- अन्नामलाई छोड़ेंगे प्रदेश अध्यक्षी
- गठबंधन की अहम शर्तों में अन्नाद्रमुक की यह बात शामिल
- एक ही क्षेत्र और समुदाय से आते हैं अन्नामलाई और पलानीस्वामी

अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

हालांकि प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद भी तमिलनाडु में वे पार्टी की कोर कमेटी के अहम सदस्य बने रहेंगे। दरअसल भाजपा नहीं चाहती कि दोनों सहयोगी दलों के चेहरे एक ही गौंडर समुदाय से हों। अन्नामलाई और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम प्रमुख पलानीस्वामी दोनों ही राज्य में इस शक्तिशाली पिछड़े समुदाय से आते हैं।

दोनों तमिलनाडु के उसी पश्चिमी कोंगु क्षेत्र से आते हैं जहाँ गौंडर्स का दबदबा है। दिल्ली में पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में अन्नामलाई को भाजपा के फैसले से अवगत करा दिया गया है।

शाह की राष्ट्रीय राजधानी में पलानीस्वामी से मुलाकात के तुरंत बाद यह बैठक हुई थी। तमिलनाडु में भाजपा अध्यक्ष के लिए अन्नामलाई की जगह जो प्रमुख नाम सामने आ रहा है उनमें सबसे आगे पार्टी विधायक नैनार नागेंद्रन हैं, जो तिरुनेलवेली के लोकप्रिय नेता हैं। नागेंद्रन पहले अन्नाद्रमुक में थे और प्रभावशाली थेवर समुदाय से हैं। क्षेत्र में वो जनता के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अन्नाद्रमुक भाजपा से इसलिए भी ■ शेष पेज 13 पर

## शराब के पैसे न मिलने पर पति ने पत्नी की ईंट से कूचकर की हत्या

**जौनपुर, 2 अप्रैल (तरुणमित्र)।** रामपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक युवक ने शराब के लिए पैसे न देने पर अपनी पत्नी की ईंट से कूचकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। कोटीगांव निवासी बच्चन गौतम शराब पीने का आदी है।

वह रोजाना शराब पीकर घर आने पर अपनी पत्नी मंजू देवी से झगड़ा करता था। परिजनों के मुताबिक, बुधवार दोपहर मंजू देवी घर से पांच सौ मीटर दूर जीतापुर गांव में गेहूं की कटाई कर रही थी। पति बच्चन खेत पर पहुंचा और पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। उसने कहा कि वह अभी पैसे लेकर नहीं आई है, घर जाकर दे देगी।

इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। बच्चन ने अपनी पत्नी को ईंट से कूचकर मार डाला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शराबी पति को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। क्षेत्राधिकारी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में पता चला है कि युवक ने शराब के लिए पैसे न देने पर अपनी पत्नी की ईंट से कूचकर हत्या कर दी हैं। आरोपी पति को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है।

# सेवानिवृत्त 60 शिक्षकों का जूनियर शिक्षक संघ ने किया सम्मान

**रायबरेली, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** बेसिक शिक्षा परिषद में वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए 60 शिक्षकों का सम्मान जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की तरफ से चक अहमदपुर में किया गया। शिक्षकों का सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि जिला कोषाधिकारी अयोध्या ममता सिंह रहीं। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी, जिला कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव, बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह, सहायक वित्त एवं अधिकारी सरोज कुमार रहे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक समर बहादुर सिंह ने की। सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह के दौरान अपना उद्बोधन देते हुए अयोध्या की मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह ने कहा कि आप लोग सेवानिवृत्त सेवा से हुए हैं। शिक्षा का प्रकाश सदैव ही समाज में फैलाते रहिएगा।

जिला कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव ने कभी न माँ-बाप की आँखों में आंसू दे...गीत की पंक्तियों को सुनाकर शिक्षकों को संबोधित किया। सेवानिवृत्त शिक्षक चन्द्र किरन गुप्ता ने कहा कि हम लोग पांच साल की उम्र विद्यालय जाना शुरू किये थे और 31 मार्च तक जाते रहे।

हम लोग ताउम्र आगे भी जाते रहेंगे। सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान करते हुए प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने कहा कि एक शिक्षक अपने जीवनकाल में इतने उपकार करता है कि उसको शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। उसकी मेहनत से ही हजारों बच्चों का भविष्य बनता है। बीएसए शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक एक दीपक की तरह है, वह हमेशा ही अपनी रोशनी से हजारों युवाओं का भविष्य बनाता है। उन्होंने कहा कि हमें आगे भी बच्चों को पढ़ाने के लिए आते रहना होगा।

बीईओ बृजलाल ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए शिक्षक पेड़ पढ़ाने के नीचे लगने वाली क्लॉस के दौर में आए होंगे और आज हमारे क्लासरूम स्मार्ट हो गए हैं। आपका अनुभव जरूर लोगों के काम आएगा।संरक्षक समर बहादुर सिंह ने कहा कि आज सेवानिवृत्त होने वाले सभी साथियों को मेरी शुभकामनाएं हैं। हमारा और आपका काम यही से समाप्त नहीं होता है, हम लोग भले ही सेवानिवृत्त हो गए हैं, लेकिन हमें समाज को आगे बढ़ाने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव और महामंत्री सियाराम सोनकर ने कहा कि एक शिक्षक कभी भी अपने कार्य से सेवानिवृत्त नहीं होता है, वह अपनी सेवा से भले ही रिटायर्ट हो जाता है, लेकिन उसका काम समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलाना है।

कार्यक्रम का संचालन संगठन प्रवक्ता सुनील यादव और नीरज रावत ने किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का सम्मान संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेंद्र नाथ बाजपेई, शांति अकेला, जिला मंत्री पन्नालाल, कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह, उपाध्यक्ष उत्तम सोनी, विक्रमादित्य सिंह, सुरेंद्र वर्मा, साधना शर्मा, प्रमोद, बचनेश, रमेश, संजीव श्रीवास्तव, सुनीता, नीलम पटेल, शिव सागर पाल, गयामणि ने किया।

# डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग को चौड़ीकरण को ले अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

**कौशाम्बी, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जिले में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-02 को चार से छः लेन (चकेरी-इलाहाबाद खण्ड) चौड़ीकरण परियोजना व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-731ए राम वन गमन मार्ग परियोजना के अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की समीक्षा बैठक गई।



बैठक में जिलाधिकारी द्वारा चार से छः लेन (चकेरी-इलाहाबाद खण्ड) चौड़ीकरण परियोजनान्तर्गत मौजा-कसिया स्थित मंदिर को स्थानान्तरित करने के सम्बन्ध में मंदिर पुजारी व स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित कर सर्विस रोड व ड्रेनेज कार्य को पूर्ण कराने के संबंध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने सैनी अण्डर पास के नीचे टैक्सी स्टैण्ड की व्यवहार्यता व संभावनाओं पर अध्ययन के लिए एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने कोखराज टोल प्लाजा पर दुर्घटना की सम्भावनाओं को देखते हुए सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-731ए राम वन गमन मार्ग परियोजना की समीक्षा के दौरान चल रहें निर्माण कार्य के प्रगति की सराहना की तथा पैकेज-3 व पैकेज-4 के अन्तर्गत निर्माण कार्य को बारिश से पहले माह-जून तक अवश्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने जनसुनाई में बच्चे को स्कूल का सामान वितरित कर बढ़ाया हौसला

**कौशाम्बी, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जिले में जिलाधिकारी कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान प्रार्थिनी-गायत्री देवी पत्नी दिलीप कुमार निवासी ग्राम-चतुरीपुर, थाना सैनी द्वारा प्रार्थना पत्र देकर गाँव के कुछ दबंगो द्वारा उनका बाहर निकलने का रास्ता बंद कर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने सम्बन्धित शिकायत की गयी। उनके द्वारा बताया गया कि वे अपने बच्चों के साथ घर पर अकेले रहती है एवं पती बाहर रहकर मजदूरी करते है। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/थाना प्रभारी को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रार्थिनी के साथ उनका 7 वर्ष का छोटा बच्चा भी आया था, जिस पर जिलाधिकारी ने बच्चे से पूँछा कि स्कूल क्यों नहीं गये, स्कूल जरूर जाया करो, बच्चे ने बताया कि मैं स्कूल जाता हूँ। जिलाधिकारी ने बच्चे से कुछ सवाल पूँछा, जिस पर बच्चें ने कागज पर उसे हल करके बताया, जिस पर जिलाधिकारी काफी प्रसन्न हुए, बच्चे को तुरन्त स्कूल ड्रेस, जूता-मोजा, कॉपी किताब, पेन्सिल रबड़ देकर उसका हौसला बढ़ाया एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कॉमना भी की।

### राज्यमंत्री असीम अरुण पहुंचे तिलोई, बंजारा समाज ने जमीन बचाने की लगाई गुहार

**अमेठी, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री असीम अरुण ने तिलोई विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं और बंजारा समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। तिलोई के दिवालगढ़ गांव में आयोजित महासम्मेलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान बंजारा समाज के लोगों ने मंत्री असीम अरुण से मुलाकात कर अपनी जमीन बचाने की अपील की और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग रखी। राज्यमंत्री ने समाज के लोगों को सरकार की योजनाओं और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार हर समाज के विकास और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधांश शुक्ल, स्थानीय भाजपा पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश पर जमकर हुई मारपीट, आठ घायल

**लालगंज, रायबरेली, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बाबा का पुरवा मजरे सेमरपहा में पुरानी रंजिश को लेकर जमकर मारपीट हुई है जिसमें कुल आठ लोग घायल हुए हैं।घायल हुए लोगों प्रथम पक्ष के श्री राम ,शांति रामरति, अनिल व मालती तथा दूसरे पक्ष के हरिश्चंद्र अंशिका व शिवानी हैं। दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों में तीन की स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टरने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।




### प्रशासन पर भूमिधरी से रास्ता निकालने का आरोप

**लालगंज, रायबरेली, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** लालगंज नगर के पूरे देवी मोहल्ले में रास्ते का विवाद काफी दिनो से चल रहा था। बुधवार को कस्बे के लेखपाल उमाकांत तिवारी ने मौके पर पहुंचकर पुलिस बल की मदद से रास्ते की नाप जोख की और पीड़ितों को रास्ता दिलाने का काम किया। हालांकि वहीं पर पास की ही 90 वर्षीय वृद्ध महिला रामकली का आरोप है कि प्रशासन ने उसकी भूमिधरी भूमि संख्या 367, 368 के मध्य से रास्ता निकाल दिया है जो कि गैरकानूनी है। प्रशासन को पहले मेरी जमीन को अलग कर देना चाहिए था। उसके बाद रास्ता निकालना चाहिए था। महिला ने बताया कि उसकी पुश्तैनी भूमि धरी जमीन है। जिसको तहसील प्रशासन नाप कर अलग नहीं दे रहा है। 25 वर्षों से तहसील में हदबरारी का मुकदमा भी दायर है लेकिन उसे प्रशासन कोई राहत नहीं दे रहा है। अब जबरन उसकी भूमि धरी जमीन के बीच से रास्ता दिया जा रहा है वही लेखपाल का कहना है कि कुछ महिलाओं के घरों का रास्ता बंद हो गया था। सरकारी जमीन भूमि संख्या 366 पड़ी थी। उसी से रास्ता निकाला जा रहा है। मौके पर तहसील के अधिकारियों के साथ भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। मोहल्ले वालों का कहना है कि पहले लोग रेलवे की जमीन से निकलते थे ।अब रेलवे ने अपनी जमीन की बाउंड्री करा ली है जिससे रास्ता बंद हो गया है।

### सड़क दुर्घटना में सपा पदाधिकारी की मौत, अखिलेश यादव ने दी आर्थिक सहायता

**सुल्तानपुर, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** लंभुआ विधानसभा क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी अमरजीत यादव का अकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गहरा शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवार को 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।इस अवसर पर पूर्व विधायक लंभुआ संतोष पांडेय, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद, जिला अध्यक्ष रघुवीर यादव, पूर्व विधायक अरुण वर्मा, पूर्व विधायक भगेलू राम, पार्टी महासचिव सलाहुद्दीन खान, प्रदेश सचिव परमात्मा यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष युथ ब्रिगेड इनमुर्रहमान, विधानसभा अध्यक्ष सतपाल यादव, वाहिद खान, अफसर अली समेत कई नेता रजवाड़े रामपुर स्थित पीड़ित परिवार के आवास पहुंचे। उन्होंने अमरजीत यादव की माता और पत्नी को सहायता राशि का चेक सौंपा और उन्हें सांत्वना दी।इसके अलावा,जिला पंचायत सदस्य दिनेश यादव के पिता के निधन पर भी समाजवादी पार्टी के नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। सभी नेता धोपाप घाट पहुंचे,जहां दिवंगत का अंतिम संस्कार किया गया,और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।समाजवादी पार्टी के नेताओं ने इस दौरान कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकताओं और उनके परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव मदद के लिए तैयार रहेगी।



### ब्रिटिश काल के अभिलेख सुरक्षित, स्वराजकाल के अभिलेख नदारद

**सुलतानपुर, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जनपद में दिन पर दिन सरकारी राजस्व अभिलेख व राजस्व अभिलेखागार की स्थिति गिरती जा रही है। राजस्व अभिलेखागार कार्यालय का वर्तमान समय में यह हाल है कि कुछ अधिवक्ताओं ने मुआयना करना बंद कर दिया। क्योंकि वहां ब्रिटिश साम्राज्य के उर्दू अनुवाद में लिखे अभिलेख तो सुरक्षित हैं पर स्वराज समय (वर्तमान काल??) के अभिलेख कार्यालय से नदारद है। कई शहर से सटे ग्राम पंचायत के 1359 फसली के रिकॉर्ड गायब है जहां माननीय सुप्रीम कोर्ट तालाबों को लेकर 1359 फसली में दर्ज तालाब के रकबे को अस्तित्व मे लाने के लिए राज्य सरकारों को किया गया था निर्देशित जिसकी प्रतियां जनपद के प्रत्येक भूमाफियाओं के पास तो मिल जाएगी परंतु अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि राजस्व अभिलेखागार में नहीं मिलेगी।

## समाज कल्याण अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गौरीगंज/अमेठी, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** अमेठी जिले के जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते गौरीगंज थाना में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यह कार्रवाई समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देश पर की गई।

समाज कल्याण विभाग के प्रधान सहायक गोकुल प्रसाद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 26 दिसंबर 2024 को जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल ने जबरन उनका मोबाइल फोन छीन लिया और यूपीआई पासवर्ड लेकर रु. 40,000 अपनी पत्नी डॉ. अंजू शुक्ला के बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए। जांच के लिए अयोध्या मंडल के उप निदेशक समाज कल्याण राकेश रमन को जिम्मेदारी दी गई थी। प्रारंभिक जांच में दो गवाहों ईश्वर लाल और राजकुमार ने इस घटना की पुष्टि की।

साथ ही, घटना के दिन कार्यालय का सीसीटीवी फुटेज भी गायब मिला, जिससे अधिकारी पर शक और गहरा गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर गौरीगंज थाने में मनोज कुमार शुक्ल के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक कृत्यों की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है और संबंधित दस्तावेजों व बैंक ट्रांजैक्शन की पड़ताल की जा रही है। इस पूरे मामले पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति अपना रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# विधायकगण ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का किया शुभारम्भ

**प्रतापगढ़, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जनपद में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक संचालित विशेष संचारी रोग नियत्रण अभियान एवं 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक संचालित किये जाने वाले दस्तक अभियान का शुभारम्भ जिला चिकित्सालय परिसर से विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य व विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल ने किया एवं रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारम्भ अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि विगत वर्षो से चलाये जा रहे इस महत्वपूर्ण अभियान के कारण कई संचारी रोगों जैसे जेई व एआईएस का सफाया हो रहा है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए दिशा-निर्देश के अनुसार अभियान संचालित किया जाये।



इस दौरान घर-घर जाने वाली आशा बहनें लोगो को इसके प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल ने कहा कि इस अभियान में सभी विभागों की भूमिका महत्वपूर्ण है, उनके द्वारा अपने-अपने कार्य अच्छी तरह से सम्पादित किये जाये जिससे संचारी रोगों पर नियंत्रण किया जा सके।

दस्तक के दौरान आशाएं लोगो को जागरूक करें तथा दी जाने वाली सेवाएं प्रदान करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० एएन प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि सभी विभागों द्वारा किये जाने वाले दैनिक कार्यों का माइकोप्लान तैयार है जिसके अनुसार कार्य होगा और उन कार्यों की मानीटरिंग भी करायी जायेगी। शुभारम्भ के अवसर पर नगरीय क्षेत्र की आशाओं एवं विभागीय कर्मचारियों द्वारा जनजागरूकता के लिये एक रैली भी निकाली गयी। रैली में लोगों को अपने घर में एवं आस-पास साफ-सफाई रखने, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने, फुल आस्तीन के कपडे पहनने, आस-पास जल जमाव न होने देने, खिडकियों एवं रोशनदान में जाली लगवाने, छत की टंकियों की नियमित सफाई करने, सुअर बाडो को आबादी से दूर बनवाने आदि उपायों के द्वारा मच्छरों एवं संचारी रोगो से बचाव हेतु संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि विन्ध्याचल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहायक मलेरिया अधिकारी, इपीडेमियोलॉजिस्ट, मलेरिया निरीक्षक एवं विभाग के सभी अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा० आरबी यादव डीपीएम द्वारा किया गया।

# करोड़ों खर्च फिर भी नल की टोटियां सूखी

**ऊँचाहार, रायबरेली, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** सरकार की हर घर नल से जल योजना में करोड़ों रुपए खर्च हो गए। कागज पर सभी को जल भी मुहैया करा दिया गया, किंतु गांव में सूखे नल की टोटियां पानी की अधूरी कहानी सुना रहे हैं। कागजों पर कल कल करके बहता पानी धरातल पर एक बूंद शुद्ध जल नहीं टपका पाया है। गर्मी का आगाज हो चुका है। गांवों में अधिकांश इंडिया मार्का हैंड पाइप खराब पड़े हैं।

इन हैंड पाइपों की मरम्मत के लिए सरकार के पास बजट का अभाव है । सरकार ने हर घर को नल से जल पहुंचाने की योजना पर बड़े पैमाने पर अरबों रुपए खर्च किया । सभी को शुद्ध जल उपलब्ध कराने के बड़े बड़े दावे हुए , किंतु ग्रामीण क्षेत्रों में इन दावों की हकीकत स्याह है । इस हकीकत को जानना हो तो ऊंचाहार के बभनपुर गांव आना होगा।

इस गांव में एक साल पहले हर घर नल से जल योजना के तहत पानी की टंकी के निर्माण के लिए नींव खोदी गई थी। आज तक यह निर्माण इसी बुनियाद तक ही सीमित पड़ा हुआ है। आगे इसका काम नहीं बढ़ पाया है। क्षेत्र के गनपी गांव में कई दशक पहले पानी की टंकी का निर्माण हुआ था। किंतु यह टंकी नहीं चल पाई। सरकार की नई योजना के तहत इसे ठीक किया गया। गांव गांव पाइप लाइन बिछाई गई, किंतु आज तक नल को टोटियां सुखी पड़ी है । पास के गांव दौलतपुर , रामसांडा , नजनपुर , पनवारी आदि में पानी पहुंच पा रहा है । इसी प्रकार सा नेवादा गांव के पूरे राम जियावन में पानी की टंकी का निर्माण हुआ । इस ग्राम पंचायत के मजरों में आज तक पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन नहीं बिछ पाई है।

ऊंचाहार कस्बे से जुड़े गांव खोजनपुर का भी यही हाल है। यहां भी पानी की टंकी तो बन गई किंतु पाइप लाइन नहीं बिछ पाई है। यही दशा करीब करीब हर गांव की है। सरकारी योजना और उनके कागजी दावे ग्रामीणों के सूखे हलक को तर करने में अक्षम है।बीडीओ कामराज नेमानी कहते हैं कि ऊंचाहार ब्लॉक की 54 ग्राम पंचायतों में पानी की टंकी का निर्माणकार्य करीब करीब पूरा हो चुका है । करीब तीन सौ गांवों में पानी पहुंचाने का कार्य जल निगम द्वारा किया जा रहा है ।इस संबंध में सही जानकारी जल निगम के अधिकारी ही दे सकते हैं।

## शुरू हुआ सदस्यता अभियान, बढ़ी चुनावी सरगर्मी

**लालगंज, प्रतापगढ़, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर बुधवार से सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई। सदस्यता अभियान की शुरूआत को लेकर चुनाव समिति के कार्यालय के समक्ष एकत्रित हुए अधिवक्ताओ ने चुनावी गहमागहमी का माहौल देखा गया। पन्द्रह सदस्यीय चुनाव समिति के द्वारा अधिकृत वरिष्ठ अधिवक्ता शिवाकांत उपाध्याय व अधिवक्ता कमलेश तिवारी ने आवेदन पत्र प्राप्त किये। समिति द्वारा वर्ष 2023 के नवीन सदस्यता के साथ छूटे आवेदनों को भी शामिल किये जाने की कवायद शुरू हुई है। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि सदस्यता अभियान पूर्ण होने के बाद चुनाव समिति सूची का सत्यापन करेगी।

## ईंट से आरोपियों ने पीड़ित पर किया जानलेवा हमला, तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** सांगीपुर पुलिस ने घर मे घुसकर जानलेवा हमला को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। कोटवा शुकुलपुर निवासी पंकज मिश्र की पत्नी रेखा मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पहली अप्रैल को दिन मे ढाई बजे वह अपनी सास के साथ घर पर मौजूद थी। उसका पति जरूरी काम से लालगंज तहसील गया था। इसी बीच विपक्षी तीरथ नाथ पुत्र माताफेर व अविनाश पुत्र तीरथनाथ आये और जमीन की नाप करने लगे। पीडिता ने जब आरोपियो से नाप के सम्बन्ध मे जानकारी मांगी तो यह लोग गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियो ने लाठी डंडे से हमला कर दिया। इसी बीच पीडिता का पति भी मौके पर आ गया। तभी तीरथ के पुत्र प्रदीप विश्वकर्मा ने उसके पति पंकज पर घात लगाकर जानलेवा हमला करते हुए ईट से उसके सिर पर गंभीर वार कर दिया।

हमले मे पीडिता व उसके पति को गंभीर चोटें आ गयीं। जान बचाने को पीड़िता घर में घुसी तो आरोपियो ने घर में घुसकर पीडिता व उसके पति तथा सास के साथ मारपीट की। शोर मचाने पर गांव के लोग दौडे तब आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। सांगीपुर पुलिस ने चुटहिलों का देर रात सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस ने तीरथनाथ समेत तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता आज से प्रारम्भ, 13 को अंतिम चरण

**प्रयागराज, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** विधि छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया की वास्तविकता से परिचित कराने और उन्हें एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सीएमपी डिग्री कॉलेज के बीएएलएलबी (ऑनर्स) द्वारा प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 3 अप्रैल से आयोजित है। जिसमें देश भर के विभिन्न विधि विश्वविद्यालयों और लॉ कॉलेजों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं अपनी कानूनी क्षमता और तर्क शक्ति का प्रदर्शन करेंगे।

यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण 3 अप्रैल को ऑनलाइन माध्यम से होगा, जिसमें प्रतिभागी अपने तर्क और विधिक विश्लेषण प्रस्तुत करेंगे। इस चरण में सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रतियोगिता के अंतिम चरण के लिए चयनित होंगे। प्रतियोगिता का अंतिम चरण 13 अप्रैल को ऑफलाइन मोड में सीएमपी डिग्री कॉलेज में किया जाएगा। जहां प्रतिभागियों के बीच न्यायिक बहस का अंतिम दौर होगा।

इस दौरान प्रतिष्ठित न्यायाधीश, विधि विशेषज्ञ एवं शिक्षाविदों की उपस्थिति में निर्णायक बहस होगी। जिसमें श्रेष्ठ विधि छात्र अपनी बौद्धिक क्षमता और वाद-विवाद कौशल का परिचय देंगे। यह प्रतियोगिता न केवल प्रतिभागियों के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्रदान करेगी, बल्कि उनके व्यावसायिक एवं अकादमिक विकास में भी सहायक सिद्ध होगी। इस प्रतियोगिता में कुल 1 लाख रुपए की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

## राष्ट्रवादी पार्टी ने डीएम प्रतिनिधि नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**सुल्तानपुर, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** राष्ट्रवादी पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के जिलाउपाध्यक्ष अमरेज सिंह ने मंगलवार को छुट्टा पशुओं की समस्या, बेरोजगारी की समस्या, पुरानी पेंशन बहाली, संविदा कर्मियों की स्थाई नियुक्ति, आवास की समस्या, क्षेत्रीय समस्याओं के मुद्दे पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को सौंपा। जिलाउपाध्यक्ष अमरेज सिंह ने किसानों एवं युवाओं व आम आदमी की समस्याओं से संबंधित मुख्यमंत्री को संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी प्रतिनिधि विदुषी सिंह को सौपे ज्ञापन में कहा है कि छुट्टा पशुओं के निराकरण के लिए गौशालाओं को प्रदेश सरकार द्वारा अतिरिक्त धन मुहैया कराया गया।

# डीएम ने स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के दिये निर्देश

**प्रतापगढ़, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य किया जा रहा था जिस पर यूपीपीसीएल के एई गणेश प्रसाद को निर्देशित किया कि 15 मई तक बाउण्ड्री वाल का कार्य पूर्ण किया जाये और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, यदि कमेटी द्वारा जांच रिपोर्ट में बाउण्ड्री वाल की स्थिति ठीक नही होगी तो सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। जिलाधिकारी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में दर्शक दीर्घा का निरीक्षण किया गया जो जर्जर स्थिति में पाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने आरईडी एवं पीडब्लूडी के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि दर्शक दीर्घा का ध्वस्तीकरण कर पुनः नया स्टीमेट बनाकर आवश्यक कार्यवाही की जाये।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय में खिड़कियों की जालियॉ टूटी पायी गयी जिस पर नयी जाली लगाये जाने व कार्यालय की रंगाई-पुताई का कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैडमिन्टन हाल का भी निरीक्षण किया गया जिसकी हालत ठीक नही पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने यूपीपीसीएल के एई गणेश प्रसाद को निर्देशित किया कि जो भी छत पड़ी हुई है उसे नये सिरे से मरम्मत व रंगाई पुताई एवं प्रकाश की व्यवस्था करायी जाये और जो फर्श की तरह लकड़ी लगी थी उसे हटाकर नयी लकड़ी लगाये जाने के निर्देश दिये गये।

इसी प्रकार टेबुल टेनिस और कुश्ती हाल में पायी गयी कमियों के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को ठीक कराने के निर्देश दिये गये। एई को निर्देशित किया गया कि टेबुल टेनिस, कुश्ती हाल, बैडमिन्टन हाल व कार्यालय के मरम्मत कार्यो को 15 अप्रैल से प्रारम्भ कर दिया जाये और 30 जून तक कार्य को पूर्ण कर लिया जाये। उन्होने कहा कि जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम हेतु जो भी समिति गठित की गयी है वह प्रत्येक 15 दिवस में स्टेडियम की रिपोर्ट उपलब्ध कराये।

# डीएम ने पेयजल की समस्याओं के दृष्टिगत अधिकारियों संग की बैठक

**प्रतापगढ़, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कैम्प कार्यालय के सभागार में पेयजल की समस्याओं के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



**प्यास की वजह से किसी पशु की मृत्य न होने पाये अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम**

जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत हो गयी है और जनपद का वाटर लेवल नीचे जा रहा है जिसको लेकर अधिकारियों निर्देशित करते हुये कहा कि जो भी हैण्डपम्प खराब हो गये है और जो भी रिबोर होने वाले है उन स्थानों को चिन्हित कर समस्त खण्ड विकास अधिकारी व ईओ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को लगाकर 15 से 20 दिन में अभियान चलाकर जो भी हैण्डपम्प रिबोर योग्य है उन्हें रिबोर कराया जाये और जो भी हैण्डपम्प मरम्मत योग्य है उनकी मरम्मत करायी जाये और इन सभी की रिपोर्ट जिला विकास अधिकारी को उपलब्ध करायें। पेयजल के दृष्टिगत प्रधानों का भी सहयोग लिया जाये। शहरी क्षेत्रों में जितने भी हैण्डपम्प रिबोर होने की स्थिति में है उन्हें तत्काल संज्ञान में लेकर रिबोर कराया जाये। उन्होने कहा जनपद में जो भी अमृत सरोवर व पोखर है यदि उनमें पानी नही हैं तो विभिन्न जल श्रोतो जैसे नहर, सरकारी नलकूप, माइनर, प्राइवेट आदि के माध्यम से अमृत सरोवरों में पानी पूर्ण तरीके से भराना सुनिश्चित करें जिससे जनपद के पशु-पक्षियों को पानी की सुविधा उपलब्ध हो सके।

उन्होने कहा कि जनपद में जो भी गौशालायें है उनमें हैण्डपम्प या नलकूप चालू स्थिति में रहे और गोवंशों को आसानी से पानी मिल सके इसके लिये जो भी पानी के माध्यम से उनमें पानी भरा रहे। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि यदि किसी भी दशा में प्यास की वजह किसी पशु की मृत्यु होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। सड़कों के किनारे जो भी गड्ढे है उसमें भी पानी भरवाने की कार्यवाही की जाये। जल निगम के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि जनपद में जो भी पेयजल योजनायें संचालित है उनकी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराये। उन्होने कहा कि खण्ड विकास अधिकारियों व ईओ को निर्देशित किया कि किसी भी दशा में हीटवेव से मृत्यु न होने पाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये, हीटवेव से बचाव हेतु लोगों को जागरूक किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सपा सांसद के बयान पर भड़की करणी सेना राष्ट्रपति को संबोधित दिया ज्ञापन

**लालगंज प्रतापगढ़।** महाराणा सांगा को लेकर राज्यसभा सांसद एवं सपा महासचिव रामजी लाल सुमन की बयानबाजी को लेकर बुधवार को यहां राजपूत करणी सेना ने तहसील गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। महाराणा सांगा के खिलाफ बयानबाजी को लेकर करणी सेना ने सपा सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार को सौंपा। करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद सिंह व संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बघेल की अगुवाई में सौपे गये ज्ञापन में राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन के बयान को राष्ट्र विरोधी कृत्य करार देते हुए उनके खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की मांग उठायी गयी है।

# डीएलटीसी से स्केल ऑफ फाईनेन्स का निर्धारण समय से करें: डीएम

**शाहजहाँपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रातप सिंह की अध्यक्षता में वर्तमान वर्ष 2025-26 में खरीफ एवं रबी में विभिन्न फसलों, सब्जियों तथा पशुपालन एवं मत्स्य पालन, रेशम पालम, औषधीय फसलों का जिला स्तरीय तकनीकी समिति (डी.एल.टी.सी.) की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के चयनित सदस्यों (नाबार्ड, कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन आदि विभाग) द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक की कार्यवृत्त विकास किशोर, जिला कृषि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गयी।

मक्का, गन्ना फसल एवं मत्स्य, पशुपालन के विभिन्न घटकों यथा डेयरी, मुर्गी, भेड़ बकरी पालन इत्यादि के वित्तमान में कास्ट ऑफ कल्टीवेशन में भिन्नता पर जिलाधिकारी ने पशुपालन, मत्स्य एवं कृषि को एक ही एग्रोक्लाईमेटिक जोन के आधार पर वित्तमान निर्धारण के सम्बन्ध में कृषक हित में एकरूपता रखे जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इसके आधार पर डी.एल.टी.सी. से स्केल ऑफ फाईनेन्स का निर्धारण समय से किया जा सके। बैठक में उप कृषि निदेशक धीरेन्द्र सिंह, कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार जिला, महाप्रबन्धक जिला सहकारी बैंक राजेश कुमार कुशवाहा, जिला अग्रणी प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा आर.आर. तिवारी, डीडी नाबार्ड चिरंजीव सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. एन.पी गुप्ता, जिला गन्ना अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रताप, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य प्रदीप शुक्ला, मुन्ना लाल मिश्रा आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## किताब विक्रेता पूरा सेट खरीदने को नही कर सकते बाध्य: डीएम

**शाहजहांपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों दूरभाष पर वार्ता कर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान अभिभावकों द्वारा शिकायते प्राप्त हुयी की निजी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की किताबें व कापियों के पूरे सेट एक साथ खरीदने हेतु बाध्य किया जा रहा है। अभिभावकों ने शिकायत में बताया कि वह पूरा सेट एक साथ खरीदने में आसमर्थ है परन्तु विक्रेता द्वारा उन्हे पूरा सेट खरीदने हेतु मजबूर किया जा रहा है। अभिभावकों ने बताया कि उन्हे आवश्यकतानुसार किताबे नहीं दे रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि किताब बेचने वाले दुकानदार यह सुनिश्चित करें कि अभिभावकों के सामर्थय के अनुसार बच्चों को जिस किताब की आवश्यकता हो वह किताब अलग से भी देना सुनिश्चित करें। यदि वह पूरा सेट नही लेना चाहते तो दुकानदार उन्हे पूरा सेट लेने हेतु बाध्य नही कर सकते। जिन विक्रेताओं की शिकायतें प्राप्त हुयी उन्हे जिलाधिकारी ने तत्काल कार्यालय में बुला कर कड़ी फटकार लगते हुये चेतावनी दी। जनपद मे किसी भी दुकानदार की यदि ऐसी कोई शिकायत अब प्राप्त होती है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## चाइनीज मांझे से मासूम बच्ची की गर्दन कटी, हालत गंभीर

**हरदोई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले के शाहाबाद में प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझे की बिक्री जारी है और इसकी वजह से मासूमों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा मंगलवार को शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में अटल पेट्रोल पंप के पास हुआ, जहां बाइक से जा रही एक मासूम बच्ची की गर्दन चाइनीज मांझे से बुरी तरह कट गई। बच्ची की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे शाहजहांपुर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार, शाहाबाद के शिरोमन नगर निवासी आरजू शमी अहमद अपनी बच्ची के साथ गढ़िया से हर्राई जा रहे थे। बच्ची बाइक के आगे बैठी थी। जब वे अटल पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तो अचानक सड़क पर लटक रहे चाइनीज मांझे ने बच्ची की गर्दन काट दी। बच्ची की गर्दन से खून बहने लगा, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया।घटना के तुरंत बाद बच्ची को शाहाबाद के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि गर्दन पर गहरा कट लगने से स्थिति नाजुक बनी हुई है। गौरतलब है कि प्रशासन की सख्ती के बावजूद शाहाबाद में चाइनीज मांझे की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। यह मांझा न केवल पक्षियों के लिए घातक है, बल्कि राहगीरों की जान के लिए भी बड़ा खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का दावा है कि इस प्रतिबंधित मांझे की बिक्री पर निगरानी रखी जा रही है, लेकिन यह हादसा दशार्ता है कि अवैध रूप से इसकी बिक्री अब भी जारी है। वहीं, डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज शाहजहांपुर में चल रहा है।

# बैंक मित्र की दुकान में सेंध काटकर चोरी

**हरपालपुर/हरदोई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सीसीटीवी कैमरे का डीवीआरवी चोर ले गए। सीओ व फोरेंसिक टीम ने मौके का जायजा लिया।

अरवल थाना क्षेत्र के कुम्हारनपुरवा गांव में बैंक ऑफ इंडिया के बैंक मित्र के जन सेवा केंद्र में अज्ञात चोरों ने सेंध काटकर एक लाख रुपए की नगदी समेत एंड्राइड व कीपैड मोबाइल पर चोरी कर फरार हो गये। सूचना पाकर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मामले की पड़ताल की है। क्षेत्राधिकारी हरपालपुर ने भी मौके पर पहुंचकर घटना के जल्द कुलसी के निर्देश दिए हैं।

अरवल थाना क्षेत्र के कुम्हारनपुरवा गांव निवासी शैलेंद्र पुत्र सुखदेव की गांव में ही दूसरे मकान में जन सेवा केंद्र है। जिसमें उसकी मोबाइल की दुकान भी है। मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान में साइड की दीवाल में सेंध काटकर दुकान में रखी एक लाख रुपये की नकदी व कई एंड्रॉयड व कीपैड फोन चोरी कर फरार हो गए। चोर सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी साथ ले गए हैं।सुबह जब वह दुकान खोलने गया तो मामले की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष अरवल विवेक वर्मा व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की है।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों का सुराग लगाया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी हरपालपुर शिल्पा कुमारी ने भी मामले की जांच कर घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए हैं।

## जड़ भरत, अजामिल और प्रहलाद की कथा से दिया भक्ति श्रद्धा और त्याग का संदेश

**हरदोई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कथा में भक्तों ने जड़भरत, अजामिल और प्रहलाद की कथाएँ सुनकर आत्मिक आनंद का अनुभव किया। कथा व्यास श्री विमलेश त्रिवेदी ने शुरूआत में जड़भरत के त्याग और भक्ति के अद्भुत उदाहरणों को प्रस्तुत किया, जिनकी कथा सुनकर श्रद्धालुओं ने मनन किया कि वास्तविक भक्ति कैसे केवल भौतिकता से परे होती है। इसके बाद अजामिल की कहानी को सुनाते हुए कथा व्यास ने बताया कि कैसे एक साधारण जीवन जीते हुए भी उसने अपने अंतिम क्षणों में भगवान के नाम का स्मरण कर मोक्ष प्राप्त किया। यह कथा सुनकर श्रोताओं में यह संदेश गूंजा कि किसी भी परिस्थिति में भगवान का नाम लेना कितना महत्वपूर्ण है। प्रहलाद की कथा ने तो सभी का दिल जीत लिया।

# मिजाजी लाल बने वरिष्ठ जेल अधीक्षक

**शाहजहांपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला कारागार शाहजहांपुर में तैनात जेल अधीक्षक मिजाजी लाल का प्रमोशन हो गया है। अब वह है वरिष्ठ जेल अधीक्षक श्रेणी 1 हो गए हैं। ज्ञातव्य है कि शासन में उच्च स्तरीय विभागीय प्रोन्नति समिति की दिनांक 28 मार्च 2025 को बैठक हुई। जिसमें वरिष्ठता एवं सर्विस रिकॉर्ड के आधार पर प्रोन्नति हेतु विचार किया गया जिसमें जेल अधीक्षक मिजाजी लाल का पूरा सर्विस रिकॉर्ड बेदाग पाया गया और उन्हें प्रोन्नति प्रदान कर दी गई। प्रोन्नति उपरांत अब उनका पद वरिष्ठ जेल अधीक्षक श्रेणी 1 हो गया।



मिजाजी लाल का संपूर्ण सेवा रिकॉर्ड बहुत सराहनीय रहा है उन्हें अब तक राष्ट्रपति पदक राज्यपाल पदक पुलिस महानिदेशक के तीनों पदक जिसमें सिल्वर गोल्ड एवं डायमंड शामिल है मिल चुके हैं साथ ही साथ उन्हें अनेक अनेक पुलिस महानिदेशक के प्रशस्ति पत्र जिले में तैनाती के दौरान जिला अध्यक्ष जिला मजिस्ट्रेट आज सभी के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाते रहे हैं इसके अतिरिक्त उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार में अनेक मंत्रियों द्वारा भी सम्मानित किया गया है उन्हें विगत वर्ष केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे के द्वारा कन्वेंशन हाल, नई दिल्ली में सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया था अनेक अनेक अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर अनेक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठन एवं औद्योगिक घरानों के द्वारा भी सम्मानित किया जाता रहा है। प्रदेश में उन्हें जेल सुधारो के लिए जाना जाता है।

उनके कार्यकाल में उनकी तैनाती प्रदेश की अति संवेदनशील जेलों पर की गई किंतु उनके अथक परिश्रम एवं विवेकपूर्ण तरीके से कार्य करने के कारण सभी का कुशल संचालन किया और वहां की समस्याओं का समाधान किया चाहे वह बागपत और मुजफ्फरनगर की कुछ उच्च अपराध की श्रेणी वाली जिले हो चाहे सोनभद्र जैसी नक्सल प्रभावित इलाके की जेल हो, उनके द्वारा सभी का कुशलता पूर्वक केवल संचालन ही नहीं किया बाल के उनकी छवि को जनमानस में सुधार कर विभाग की छवि को उज्जवल किया।

जेल सुधार के क्षेत्र में उनके द्वारा विशेष रूप से गरीब एवं असहाय बंदियों को मदद कर उनके बेहतर भविष्य को बनाने का काम किया जिससे हजारों हजार बंदी अपराध की दुनिया छोड़कर के उनके द्वारा प्रशिक्षण दिए गए कार्य को करके अपना और अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। शाहजहांपुर जेल में भी उनकी तैनाती के बाद से अनेक अनेक आमूल चूल परिवर्तन किए गए और जेल को एक प्रताड़ना ग्रह के स्थान पर सुधार ग्रह के रूप में स्थापित किया। जनमानस में जेल की छवि में सुधार आया। जनपद शाहजहांपुर एवं उसके बाहर भी मिजाजी लाल की एक लोकप्रिय अधिकारी की है। उक्त प्रमोशन का उत्तर प्रदेश शासन का आदेश दिनांक 01 अप्रैल,2025 को जारी किया गया है

## संक्षिप्त समाचार

### अभिभावक संगोष्ठी में बच्चों को फरीक्षाफल वितरित

**हरपालपुर/हरदोई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** प्राथमिक विद्यालय खसौरा में वार्षिक परीक्षा फल वितरण व अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। रिपोर्ट कार्ड वितरण किया।कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक प्रेमचंद्र शर्मा ने अभिभावकों से अपने 6वर्ष के बच्चो का शत प्रतिशत नामांकन कराने व प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। उनसे विद्यालय के शिक्षकों की ओर से दिये जाने वाले गृह कार्य को अवश्य पूर्ण कराया जाए। सत्र 2024-2025 के परीक्षा फल में कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों आयुषी, आदित्य कुमार, देबू अग्निहोत्री, कार्तिक व सुप्रिया, कक्षा में द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चों आर्यांश पाल, सत्यम, दीपक, साक्षी व अमृत,कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त वाले करने वाले बच्चों डिंपल, सूर्यांश, कृष्णा, अंशिका व शिवम को प्रगति पत्र एवं पुरस्कार वितरण खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने किया। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक आशीष, प्रदीप कुमार शर्मा, राजपाल सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

### परिवार परामर्श केंद्र से एक दम्पति की हुई सुलह

**शाहजहांपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। आज 05 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 01 दम्पति को विदा किया गया। थाना सिंधौली के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 07 वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों पति पत्नी मे कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया गया। दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया।

# संडीला की कंपनियों में हरदोई के बेरोजगार युवकों को नौकरी दी जाए: पांडे

**हरदोई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जनपद के संडीला औद्योगिक एरिया में बड़ी-बड़ी कंपनी अपना औद्योगिक कार्य कर रही हैं पर हरदोई के नौजवान बेरोजगारी के कारण बाहर को पलायन कर रहे हैं ऐसे में हरदोई के बेरोजगार नवजवानों को इन कंपनियों में ही नौकरी दी जाए वरना कांग्रेस जनपद स्तर पर बेरोजगार युवकों के साथ प्रदर्शन करेगीउक्त आह्वान नव नियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे नव नियुक्त शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने आहूत प्रेस वार्ता में किया।




जिला अध्यक्ष कांग्रेस विक्रम पांडे ने बताया कि उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है जिस जिम्मेदारी का निर्वहन अपने वरिष्ठ नेताओं, अध्यक्षों के साथ सर्व समिति से जनपद की आवाज बनकर आगे बढ़ेंगे।

श्री पांडे ने कहा कि आज नौजवान बेरोजगारी के दंश से इधर-उधर बाहर नौकरी के लिए घूम रहा है जबकि संडीला औद्योगिक एरिया में कई कंपनियां अपना उद्योग कर रही हैं इन कंपनियों में हरदोई के बेरोजगार युवकों की भर्ती की जाए ,यदि ऐसा नहीं होता है तो बेरोजगार युवकों के साथ मिलकर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल से वह सभी ब्लॉकों, थानो में कांग्रेस की शिकायती पेटिका लगाएंगे, जिसके अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत कर सकता है और उसकी आवाज बनकर समस्या का समाधान करेंगे।उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने उन्हें कई जनपदों और प्रदेशों के संगठन व चुनावी प्रभार को सौंप कर इसके बाद हरदोई की जिम्मेदारी दी गई है जिसका निर्वहन संगठन के सहयोगियों के साथ मिलकर कराएंगे। नव नियुक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस जन सेवा और विचारों की एक पार्टी है राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। वे जन सरोकार के मुद्दे को जन की आवाज बनकर उठाएंगे।

प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित,अमलेंद्र त्रिपाठी, मंजू लता मित्रा समेत कई कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज में मानसिक रोगियों के इलाज की हो व्यवस्था: मिथलेश

**शाहजहांपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री/राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा जेपी नड्डा से भेंट कर पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से बताया कि 27 मार्च 2025 को जनपद शाहजहांपुर के तहसील सदर के ग्राम मानपुर चचरी के राजीव कुमार द्वारा अपने ही चार बच्चों की हत्या कर स्वयं आत्महत्या कर ली गई थी। मौके पर जाकर वह मृतकों के परिजनों से मिले तथा गांव के अन्य लोगों से जानकारी भी ली। जिससे पता चला कि राजीव कुमार को 1 वर्ष पूर्व दुर्घटना में सिर पर चोट लगने के कारण उसकी मानसिक स्थिति खराब हो गई थी। जिसका इलाज बरेली के मानसिक अस्पताल से चल रहा था। सांसद ने बताया कि जिस तरह से राजीव कुमार द्वारा अपने ही चार बच्चों की हत्या कर खुद आत्महत्या करने का समाचार आया है। उससे पूरे जनमानस में भय का वातावरण बना हुआ है। अगर समय रहते ऐसे गरीब मरीजों की पहचान कर इलाज करने की कोई उचित व्यवस्था होती तो इस तरह की घटना को रोका जा सकता था। सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में मानसिक रोगियों के लिए अलग से मानसिक विभाग/वार्ड खुलवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

## उपमुख्यमंत्री ने भारत का संवैधानिक निर्वाचन तंत्र पुस्तक का किया विमोचन

**हरदोई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लखनऊ स्थित उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी के राजभवन स्थित सरकारी आवास पर भाजपा नेता डॉ आदर्श दीपक मिश्र, एडवोकेट के छोटे भाई डा अभय शंकर मिश्र द्वारा लिखित पुस्तक 'भारत का संवैधानिक निर्वाचन तंत्र' जो एक राष्ट्र,एक चुनाव, एक वोटर लिस्ट पर आधारित है, के विमोचन के अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज के युग में पुस्तकें ही जीवन्त देव प्रतिमाएं हैं और समाज का मार्ग प्रशस्त करती है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, श्री पाठक जी ने कहा कि पुस्तक लोकतांत्रिक मूल्यों



के साथ साथ संवैधानिक तकनीकियों की भी पूर्ण रूप से व्याख्या करती है।

पुस्तक समाज में दर्पण का काम करेगी जिससे आने वाली पीढ़ियां भी लाभान्वित होगी। श्री मिश्र श्रेष्ठतम ऊंचाईयों को प्राप्त करें ,मै श्री मिश्र को बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। पुस्तक विमोचन के अवसर पर प्रमुख रूप से ग्रामोदय पी0जी0 कालेज डिघिया खेरिया के प्रबन्धक सुशील कुमार मिश्र, भाजपा नेता डा0आदर्श दीपक मिश्र, सवर्ण चेतना सभा के प्रदेश महामंत्री धीरज सिंह चौहान, अचल मिश्र सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्म सेवा दल ने कई मंदिरों में आयोजित किया 99वाँ हनुमान मंगल पाठ

**हरदोई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** श्री हरि के प्रिय भक्त प्रहलाद की जन्म व कर्म पावन भूमि हरदोई में मंगल पाठ के अवसर अपने निरंतर निन्यानवें मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरो में एक साथ धार्मिक आयोजन कर माहौल को भक्ति मय कर दिया। आज श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने महाराजा सिंह पार्क कथा स्थल, श्री शिव श्याम परिवार मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री हनुमान मंदिर कमालगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ, श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में हनुमान चालीसा, अष्टक ० आरती कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया।



महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में श्री बैजनाथ धाम सरायथोक में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण ० आरती के साथ हनुमान जी के भजनो का गुणगान किया। इस अवसर पर जिला महिला प्रभारी विनीता पांडेय ने कहा कि हरदोई भक्त प्रहलाद की नगरी है जिसकी पुष्टि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं अपने हरदोई दौरे के दौरान कर चुके है इसीलिए अतिशीघ्र हरदोई को भक्त प्रहलाद नगरी घोषित किया जाना चाहिए।

इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक अनीता मिश्रा, बीना त्रिपाठी, रंजना मिश्रा, अर्चना दुबे, सोनिका गुप्ता, शशि गुप्ता, रामवती देवी, सोनू गुप्ता मिंटू गुप्ता, पुष्पा मिश्रा, बॉबी ओमर, अलका गुप्ता, अमृता सिंह, नीलम गुप्ता, अमृता सिंह, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, चन्दा पांडेय, आर्या गुप्ता, मोनिका गुप्ता, विद्या पांडेय, आरती गुप्ता, राधा गुप्ता, आरती मिश्रा, रानी शुक्ला आदि बहनों समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कांशीराम कालोनी में श्री शिव श्याम मंदिर में युवा प्रभारी संध्या श्रीवास्तव द्वारा भगवान शिव को सुंदर माता रानी के रूप का सिंगार आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर आयोजित मंगल पाठ में इस अवसर पर पुष्पा श्रीवास्तव, रीता गुप्ता, अनीता कटियार, रजनी, अनीता कश्यप, मधु गुप्ता, शिप्रा, दीपक, पिंटू, नितिन, अजय, अमन, ज्योति सक्सेना, उत्कर्ष सिंह आदि सदस्यो ने सामूहिक मंगल पाठ में भाग लिया। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवे गंज में गायक पंकज गुप्ता ने सभी को हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। मंदिर पंडित रवि मिश्रा व अनिरुद्ध तिवारी ने पूजा अर्चन कराया। इस अवसर पर भजन गायक वेद प्रकाश गुप्ता राजू ने एक से बढ़कर एक भजन माता रानी संग हनुमत भी आना, हनुमत संग पधारो माँ हमारे कीर्तन में, पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जायेगे, दीननाथ मेरी बात, जब जब संकट कोई गहरा होता है आदि भजन सुना लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया इस मौके पर विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, बेटियाँ फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष रेशमा गुप्ता, नीलम जिंदल, अंशिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, अवध राज, अक्षत गुप्ता, सचिन शुक्ला, आदित्य सिंह, मोहित शुक्ल, संदीप श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, शोभित गुप्ता, आस्था श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

ग्राम काईमाऊ में युवा प्रभारी सुमित तिवारी के नेतृत्व में मंगल पाठ हुआ। मल्लावां में आकाश गुप्ता ० वंश कटियार के नेतृत्व में काफी संख्या में मौजूद लोगों ने सामूहिक मंगल पाठ किया।

## कार्यालय : ग्राम पंचायत खिजिरपुर, विकास खण्ड सदर जनपद-गाजीपुर

पत्रांकः /मेमो — दिनांकः /04/2025

### निविदा / सूचना

द्वितीय वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा / पंचम राज्य वित्त/ पद्रहवां वित्त आयोग/पी०जी०आई० एफ०/ स्वच्छ भारत मिशन/ शौचालय/ आंगनबाड़ी केद्र पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय व क्षेत्र में विकास निधि/ सांसद विकास निधि समाजिक वाणिज्य योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि/अन्त्येष्टि स्थल एव अन्य मदों से योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्य के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता दिनाँक 03/04/2025 से 09/04/2025 तक कार्यालय दिवस के अपराह्न समय दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर बंद लिफाफे में निविदा जमा कर सकते हैं। जो दिनाँक 10/04/2025 को निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत व सलाहकार इंजीनियर के सामने खोलीं जाएगी निविदा फर्म के लेटर पैड पर होगी। सामग्री का विवरण ईट 150 एम एम प्रथम श्रेणी प्रति हजार सीमेंट प्रति बैग महीन बालू सफेद बालू प्रतिधन मीटर स्टोन ब्लास्ट पत्थर गिट्टी 224 एम एम से अलग-अलग प्रति घन मीटर सरिया प्रति कुंटल एस्वेटसीट पैन सीट दरवाजा टाईम्स प्रति नग हयूम पाईप 350-350-450-600-900 एमएमपी प्रति नग ओपन जीम समाग्री इंटरलॉकिंग ईट 200 गुणे 160 गुणे 80 एम एम प्रति हजार पटिय जी आई पाईप पी बी सी पाईप साकेट प्रति नग मोटा बालू प्रति घन मीटर ईट टुकडी.20 एम एम 40 एम एम प्रति घन मीटर हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का हैण्डपम्प मरम्मत साइनबोर्ड अन्य सामग्री चूना ब्लीचिंग पाउडर पेट डिस्टेंपर प्रति किलो ग्राम स्ट्रीट सोलर लाइट हाई मास्ट लाइट प्रति अदद इलेक्ट्रॉनिक सामग्री प्रति नग सिमेण्टेड बेच प्रति नग फागिंग मशीन व अन्य स्वच्छता कीट सामग्री डिकिग वाटर प्यूरिफायर प्रति नग

**नोट** - प्रतिबंध एव शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है।

| ( प्रविद्र प्रकाश यादव )<br>सचिव<br>ग्राम पंचायत खिजिरपुर<br>विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर | (लालबहादुर सिंह यादव)<br>ग्राम प्रधान<br>ग्राम पंचायत खिजिरपुर<br>विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर |
|---|---|

## कार्यालय : ग्राम पंचायत फतेउल्लाहपुर, विकास खण्ड सदर जनपद-गाजीपुर

पत्रांकः /मेमो — दिनांकः /04/2025

### निविदा / सूचना

द्वितीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/ पद्रहवां वित्त आयोग/ पी०जी०आई०एफ०/ स्वच्छ भारत मिशन/ शौचालय/ आंगनबाड़ी केद्र पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय व क्षेत्र में विकास निधि/ सांसद विकास निधि समाजिक वाणिज्य योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि/अन्त्येष्टि स्थल एव अन्य मदों से योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्य के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता दिनाँक 03/04/2025 से 09/04/2025 तक कार्यालय दिवस के अपराह्न समय दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर बंद लिफाफे में निविदा जमा कर सकते हैं। जो दिनाँक 10/04/2025 को निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत व सलाहकार इंजीनियर के सामने खोलीं जाएगी निविदा फर्म के लेटर पैड पर होगी। सामग्री का विवरण ईट 150 एम एम प्रथम श्रेणी प्रति हजार सीमेंट प्रति बैग महीन बालू सफेद बालू प्रतिधन मीटर स्टोन ब्लास्ट पत्थर गिटटी 224 एम एम से अलग-अलग प्रति घन मीटर सरिया प्रति कुंटल एस्वेटसीट पैन सीट दरवाजा टाईम्स प्रति नग हयूम पाईप 350-350-450-600-900 एम एम पी प्रति नग ओपन जीम सामग्री इंटरलॉकिंग ईट 200 गुणे 160 गुणे 80 एम एम प्रति हजार पटिय जी आई पाईप पी बी सी पाईप साकेट प्रति नग मोटा बालू प्रति घन मीटर ईट टुकडी.20 एम एम 40 एम एम प्रति घन मीटर हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का हैण्डपम्प मरम्मत साइनबोर्ड अन्य सामग्री चूना ब्लीचिंग पाउडर पेट डिस्टेंपर प्रति किलो ग्राम स्ट्रीट सोलर लाइट हाई मास्ट लाइट प्रति अदद इलेक्ट्रॉनिक सामग्री प्रति नग सिमेण्टेड बेच प्रति नग फागिंग मशीन व अन्य स्वच्छता कीट सामग्री डिकिग वाटर प्यूरिफायर प्रति नग

**नोट** - प्रतिबंध एव शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है।

| ( प्रविद्र प्रकाश यादव )<br>सचिव<br>ग्राम पंचायत फतेउल्लाहपुर<br>विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर | (श्रीमती सुमित्रा देवी)<br>ग्राम प्रधान<br>ग्राम पंचायत फतेउल्लाहपुर<br>विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर |
|---|---|

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
गुरुवार, 3 अप्रैल 2025
विक्रम संवत्- 2082, चैत्र शुक्ल पक्ष- पंचमी

## दोराहे पर भाजपा

हाल में भाजपा के चाणक्य और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बयान दिया कि भाजपा अगले 20 साल, यानी 2045 तक सत्ता में रहेगी और उसे कोई हराने वाला दल अस्तित्व में नहीं है। अगर बिखरे विपक्ष की हालत देखें तो वाकई अमित शाह की बात 100 फीसदी सत्य नजर आती है। लेकिन दिक्कत ये है कि अगले 20 साल तक सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा अथवा खुद अमित शाह के पास कोई रोडमैप नहीं है। यह भाजपा का सौभाग्य है कि भारत का विपक्ष बिखराव और एकला चलना पसंद करता है। लेकिन 2024 के आम चुनाव इस बात के पुख्ता गवाह हैं कि विपक्ष एकजुट हुआ तो भाजपा को दिक्कत होती है। 2024 में भाजपा 240 पर सिमट गई तो उसका कारण यही था कि विपक्ष इंडिया गठबंधन के रूप में काफी हद तक एकजुट था। अगर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कुछ और विपक्ष के अहम दल भी इंडिया गठबंधन के साथ खड़े होते तो भाजपा अथवा एनडीए 2024 में ही सत्ता से बाहर हो गया होता। बहरहाल, भाजपा के सामने दो बड़ी दुविधाएं हैं। एक तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगले साल 75 वर्ष पूरे होने के बाद पार्टी के पास कोई प्रभावोत्पादक चेहरा नहीं। पार्टी में भीतरखाने आलम ये है कि अब तक पार्टी अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन सकी है। दूसरी दुविधा ये है कि पार्टी के अंदर दो धड़े हैं। एक का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं जो सत्ता में बने रहने को, दिखावे को ही सही, मुस्लिम वोट महत्वपूर्ण मानता है। हाल में प्रधानमंत्री मोदी का अजमेर शरीफ में चादर भेजना और ईद पर देश भर के 32 लाख वंचित मुसलमानों को 'सौगात ए ईद' भेजना इस विचारधारा का प्रतीक है तो दूसरी ओर उप्र के मुख्यमंत्री योगी जैसे कट्टर हिंदुत्व के अनेक चेहरे हैं जिनकी इसी 'योग्यता' के कारण वे संघ के प्रिय सिद्ध हो रहे हैं। धर्म और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति पर आगे बढ़ने या 'सबका साथ, सबका विकास' में से किसी एक को भविष्य के रोडमैप को लेकर चलना फिलहाल पार्टी के लिए दुष्कर कार्य सिद्ध हो रहा है। दुविधा इसलिए भी है क्योंकि धर्म व सांप्रदायिक विभाजन का नैरेटिव 100 फीसदी सफल नहीं हो पा रहा है। पिछले साल लोकसभा चुनाव में उप्र में मात्र 33 सीटें ले पाना और अयोध्या लोकसभा तक गंवा बैठना इस बात का प्रमाण है। वह भी तब, जब चंद रोज पहले ही अयोध्या में आधे अधूरे राम मंदिर के लोकार्पण का देशव्यापी उत्सव हुआ हो। 2019 में चुनाव से ठीक पहले पुलवामा कांड का मुद्दा जिस तरह भाजपा के लिए 'छप्पर फाड़' साबित हुआ था, उस तरह राम मंदिर का मुद्दा 2024 में नहीं चल सका। देश की बात छोड़ दीजिए, भाजपा उप्र में ही अपनी पूर्व में जीती हुई करीब आधी सीटें हार गई और उप्र में 2014 के लोकसभा चुनाव में मिली 71 सीटें का पार्टी का आंकड़ा, 2019 में घट कर 62 और 2024 में 33 ही रह गया। लोकसभा चुनाव के बाद भी पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने सिर्फ एक राज्य झारखंड में धर्म का कार्ड खेलने का प्रयास किया जो बुरी तरह फेल रहा। बाकी राज्यों हरियाणा, महाराष्ट्र आदि में भाजपा ने धर्म की बजाय जातीय समीकरण पर काम किया और अप्रत्याशित सफलता पाई। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को लग रहा है कि राज्य में धर्म का मुद्दा ज्यादा नहीं चलेगा, इसलिए वह जाति का समीकरण साधने में लगी है।

### हो जाएगा पेश !



बिल बिल का हर तरफ । मच गया है शोर ।।
हर पक्ष ने अपना । है लगाया जोर ।।
हो जाएगा पेश । खबर बड़ी है आई ।।
नफा और नुकसान सब । देख कर अंगड़ाई ।।
संसद से सड़क तक । है चर्चा चहुंओर ।।
किसी को जल्लबाजी तो । कोई भावविभोर ।।
है पूरी तैयारी । मंथन पर विराम ।।
नजरे है टिकाई । पूरी ये आवाम ।।

कृष्णेन्द्र राय

## मथुरा-काशी से जुड़ी नई मुहिम का आह्वान



ललित गर्ग

हिंदू समूहों का दावा है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट करके उनके ऊपर मस्जिदें बना दीं। इसीलिये विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने 1984 में तीन मंदिरों की बात की थी, जिनमें में अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बन चुका है। इसके बाद कई लोगों को लगने लगा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठन इससे संतुष्ट हो चुके हैं और काशी व मथुरा के विषय को जैसे उन्होंने त्याग दिया है या भूला दिया है।

लेकिन ऐसा नहीं है, लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश किए जाने से कुछ ही घंटे पहले संघ के सरकार्यवाह एवं महामंत्री दत्तात्रेय होसबाले ने काशी ज्ञानवापी और मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े आंदोलनों-कार्यक्रमों में संघ के स्वयंसेवकों को न रोकने की बात कह कर एक नई मुहीम के आह्वान का अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दे दिया है, जिसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं।

पिछ्ले कुछ समय से इनको लेकर एक ऊहापोह की स्थिति थी, लेकिन संघ के इस मुद्दे पर छाये धुंधलको को हटाते हुए अपने नये बयान से ऊर्जा का संचार किया है। भले ही इससे राजनीति गमार्ये, लेकिन हिन्दू आस्था को इससे खुशी मिली है। संघ की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका विक्रमा को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने साफ कर दिया कि उस समय यानी 1984 में विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने तीन मंदिरों की बात की थी। इसलिए अगर संघ के स्वयंसेवक इन मंदिरों के लिए काम करना चाहते हैं, तो हम उनको रोकेंगे नहीं। साफ है, इस बयान के बाद इन मथुरा-काशी दोनों स्थलों से जुड़े विवाद और इनके आंदोलनों को एक नई ऊर्जा, इन मन्दिरों के जीर्णोद्धार, स्वतंत्र अस्तित्व हासिल करने में सफलता मिलेगी।

इससे एक बार फिर भाजपा की ताकत बढेगी एवं हिन्दुओं को एकजुट करने का वातावरण बनेगा। बिहार में कुछ ही माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और साल 2027 की शुरूआत में ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार एवं उत्तर प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में जातिगत गणना और आरक्षण को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें हो रही हैं। इन दोनों चुनावों में काशी और मथुरा बड़ा मुद्दा बने, तो कोई आश्चर्य नहीं है। दोनों मन्दिर बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के दो छोरों पर स्थित हिंदुओं के दो बड़े पवित्र एवं पावन धर्मस्थल हैं।

मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के रूप में और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के रूप में हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण आस्था-स्थल हैं, जहाँ लोग मोक्ष प्राप्ति के लिए आते हैं। दोनों मंदिर हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और करोड़ो भक्तों को आकर्षित करते हैं, दोनों मंदिर भारतीय संस्कृति और इतिहास का अहम हिस्सा हैं और उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं। काशी में विश्वनाथ और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर का पुनरुद्धार केवल भौतिक संरचनाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास नहीं है-यह भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सार को पुनर्जीवित करने एवं आहत हिन्दू आस्था पर मरहम लगाने का आह्वान है।

सनातन धर्म की शाश्वत विरासत के प्रतीक ये मंदिर आक्रमणकारियों के सदियों के हमलों के बावजूद हिंदुओं की दृढ़ता और भक्ति के प्रमाण हैं। इन पवित्र स्थलों को पुनः प्राप्त करना हमारे पूर्वजों के बलिदान का सम्मान करने, हमारी विरासत को संरक्षित करने और हमारी समृद्ध परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंदू मंदिरों के बारे में सच्चाई सबके सामने है, लेकिन ये मामले अनसुलझे हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के ये स्थल लंबी अदालती लड़ाई के बावजूद अभी भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं। दत्तात्रेय होसबले का यह साक्षात्कार महत्वपूर्ण होने के साथ दूरगामी सोच से जुड़ा है। हालांकि, होसबले ने अपने इसी इंटरव्यू में देश की सभी मस्जिदों को मुद्दा बनाने की प्रवृत्ति को सामाजिक ताने-बाने के लिए नुकसानदेह बताकर संतुलन साधने की कोशिश की है। इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशना सही नहीं है।

भले ही पिछले साल दिसंबर में मस्जिदों को लेकर उठ रहे विवाद को शांत करने का उन्होंने यह प्रयास किया था। लेकिन काशी और मथुरा भी उसमें शामिल रहे हो, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है? होसबले ने इस साक्षात्कार में गौ हत्या, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी चिंताओं को स्वीकार किया। उन्होंने अस्पृश्यता यानी छुआछूत को खत्म करने, युवाओं में संस्कृति के संरक्षण और देशी भाषाओं की सुरक्षा जैसे समकालीन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। भाषा नीति पर होसबाले ने त्रिभाषी दृष्टिकोण का समर्थन किया और इसे 95 प्रतिशत भाषाई विवादों का समाधान बताया। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उनमें शिक्षित लोगों के लिए आर्थिक अवसर सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

होसबोले ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक भूराजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। यदि भारत में हिंदू समाज मजबूत और संगठित नहीं है, तो केवल 'अखंड भारत' के बारे में बोलने से परिणाम नहीं मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत की खोज में लगे रहने से समाज अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तनों पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगा, जैसे अस्पृश्यता को समाप्त करना, युवाओं में मूल्यों का संचार करना तथा संस्कृति और भाषाओं को संरक्षित करना। निश्चित ही होसबले के बोल से जहां हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा को बल मिला है, वहीं राष्ट्रीयता भी मजबूत होती हुई दिख रही है। संघ की स्थापना भी इसी उद्देश्य एवं राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी। हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो न जाये, हिन्दू समाज पर रह-रह हो रहे हमले रूके, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास विराम पाये- इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने की दृष्टि से होसबले ने जगाया है, चेताया है, संगठित होने का आह्वान किया है। निश्चित तौर पर इन दोनों मन्दिर मुद्दों को नए सिरे से हवा देने की इस कवायद ने संघ विरोधियों एवं मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के सामने एक नई गंभीर चुनौती पेश की है। खासकर यह देखते हुए कि अयोध्या की रणनीतिक सफलता ने हिंदुत्व की राजनीति का आधार मजबूत किया है, हिन्दुओं को संगठित किया है।

मंदिर-मस्जिद विवाद के बीच संघ की तरफ से पहले भी कई बयान आते रहे हैं। ये बयान दशार्ते हैं कि संघ भले ही सीधे-सीधे विवाद से खुद को भले ही अलग रखता हो, वैचारिक रूप से वह इनको पूरा समर्थन देता है। संघ का समर्थन देश को अराजक बनाने का कभी नहीं रहा, उसके सामने बड़ा लक्ष्य देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का भी है। बांग्लादेश समेत कई पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी शक्तियां नए सिरे से सक्रिय होने लगी हैं, उनसे लड़ने की ताकत एवं रणनीति भी संघ चाहता है। संघ सामंजस्यपूर्ण और संगठित भारत के आदर्श को आकार देने के लिये प्रतिबद्ध है। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति जैसे आंदोलनों ने भारत के सभी वर्गों और क्षेत्रों को सांस्कृतिक रूप से संगठित किया। राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर सीमा सुरक्षा, शासन में सहभागिता से लेकर ग्रामीण विकास तक, राष्ट्रीय जीवन का कोई भी पहलू संघ के स्वयंसेवकों से अछूता नहीं है। सौ वर्षों की संघ यात्रा हिन्दू एकता, विश्व शांति व समृद्धि के साथ सामंजस्यपूर्ण और एकजुट भारत के भविष्य के संकल्प के साथ-साथ काशी-मथुरा के मुद्दे से भी जुड़ी है। हिंदुओं को बचाने और उन्हें सम्मान और गरिमा के साथ देश सेवा में तत्पर करने के लिये उनकी आस्था एवं अस्तित्व पर लगे घावों को तो भरना ही होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## वन पर अवैध कब्जे कर हम अपनी सांस को समाप्त करने पर तुले



बाल मुकुन्द ओझा

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 13,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक वन क्षेत्र पर अतिक्रमण किया गया है। यह क्षेत्र दिल्लीए सिक्किम और गोवा के कुछ भौगोलिक क्षेत्र से भी बड़ा है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश और असम अतिक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

रिपोर्ट में मंत्रालय ने कहा कि मार्च 2024 तक 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 13,05,668.1 हेक्टेयर (या 13056 वर्ग किमी) वन क्षेत्र अतिक्रमण के अधीन था। अभी तक 10 राज्यों ने वन अतिक्रमण पर आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए हैं। पिछले वर्ष राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने एक खबर पर स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया था कि भारत में 7,50,648 हेक्टेयर (या 7506.48 वर्ग किमी) वन क्षेत्र अतिक्रमण के अधीन है। जो देश की राजधानी दिल्ली के आकार से पांच गुना अधिक है। जिन राज्यों ने अपना डेटा नहीं दिया उनमें बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान, तेलंगाना, प. बंगाल, नागालैंड, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, असम में वन भूमि पर सबसे अधिक अतिक्रमण किया गया है, जहां 2.13 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि पर अवैध कब्जा है।

संसद में सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसारए वन भूमि पर अतिक्रमण के मामले में महाराष्ट्र दूसरे नंबर (57,554.87) हेक्टेयर पर है। अरुणाचल प्रदेश 53,499.96 हेक्टेयर के साथ तीसरे स्थान पर है। अन्य राज्यों में भी वन भूमि पर अतिक्रमण दर्ज किया गया है, उनमें ओडिशा (40,507.56 हेक्टेयर)ए आंध्र प्रदेश (13,318.16 हेक्टेयर), तमिलनाडु (15,768.48 हेक्टेयर), त्रिपुरा (4,242.37 हेक्टेयर) और सिक्किम (469.16 हेक्टेयर) शामिल हैं। दुनिया में जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिक विकास और आधुनिक जीवन शैली की वजह से प्राकृतिक वनों पर मानव समाज का दबाव बढ़ता जा रहा है।

इसे ध्यान में रखकर मानव जीवन की आवश्यकताओं के हिसाब से वनों के संतुलित दोहन तथा नये जंगल लगाने के लिए भी विशेष रूप से काम करने की जरूरत है। मनुष्य के जीवन में वन महत्वपूर्ण रहे हैं। परन्तु जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हुआ वैसे-वैसे मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वृक्षों को काटना आरम्भ कर दिया। वनों की लगातार कटाई होती गई और वातावरण पर भी इसका प्रभाव पड़ा। आज हमारी स्थिति यह हो गई है की वृक्षों की छाव मिलनी भी दुर्लभ हो गई है। वनों से हमें एक नहीं अपितु अनेकों लाभ है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में मनुष्य के स्वास्थ्य के लिये वन को बहुत ही उपयोगी, लाभकारी और जीवनदायी बताया गया हैं। वन और जीवन दोनों एक-दूसरे पर आश्रित हैं। वनों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन और भोजन मिलता है। मनुष्य और अन्य किसी भी प्राणी का जीवन ऑक्सीजन और भोजन के बिना नहीं चल सकता। वृक्ष और वन भू-जल को भी संरक्षित करते हैं। जैव-विविधता की रक्षा भी वनों की रक्षा से ही संभव है।

विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए बहुमूल्य वनौषधियां हमें जंगलों से ही मिलती हैं। वन और वनस्पतियां आक्सीजन देकर हमें जीवन प्रदान करती हैं। बिना आक्सीजन के हम जीवित रह ही नहीं सकते और पेड़.पौधे यही जीवनदायिनी आक्सीजन छोड़ते हैं। एक स्वस्थ पेड़ हर दिन लगभग 230 लीटर ऑक्सीजन छोड़ता है, जिससे सात लोगों को प्राण वायु मिल पाती है। वे हमारे द्वारा छोड़ी गई विषैली गैस कार्बन-डाइ-आक्साइड को ग्रहण करते हैं। कुछ वन्य पौधे ऐसे भी होते हैं जो रात में भी आक्सीजन छोड़ते हैं। पीपल, नीम, तुलसी, एलोवेरा, एक्समस कैक्टस, सर्पेन्टाइल (स्नेक प्लांट) आर्चिड्स, आरेंजग्रेवेरा आदि ऐसे पेड़-पौधें हैं जो रात में भी आक्सीजन छोड़ते हैं। पेड़.पौधे न रहें तो जिन्दा रहने के लिए साँस और जीवन की धड़कन ही बन्द हो जायेगी। अब भी समय है हम समझे और समझाए की पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए कितने अहम और प्राणदायक है। स्वस्थ पर्यावरण एवं पारिस्थितिक संतुलन के लिए समस्त भू-भाग का एक तिहाई वनों से ढका रहना चाहिए। एक क्षेत्र जहाँ पेड़ों का घनत्व अत्यधिक रहता है उसे वन कहते है। हमारे लिए खुशी की बात यह है कि भारत में वन क्षेत्र में लगातार इजाफा हुआ है।

जंगल हमारे जीवन की बुनियाद हैं जो हमारे पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन पर्यावरण, लोगों और जंतुओं को कई प्रकार के लाभ पहुंचाते हैं। वन कई प्रकार के उत्पाद प्रदान करते हैं जैसे फर्नीचर, घरों, रेलवे स्लीपर, प्लाईवुड, ईंधन या फिर चारकोल एव कागज के लिए लकड़ी, सेलोफेन, प्लास्टिक, रेयान और नायलॉन आदि के लिए प्रस्संकृत उत्पाद, रबर के पेड़ से रबर आदि। फल, सुपारी और मसाले भी वनों से एकत्र किए जाते हैं। कर्पूर, सिनचोना जैसे कई औषधीय पौधे भी वनों में ही पाये जाते हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती है और इस प्रकार वह भारी बारिश के दिनों में मृदा का अपरदन और बाढ भी रोकती हैं।

पेड़, कार्बन डाइ आक्साइड अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं जिसकी मानवजाति को सांस लेने के लिए जरूरत पड़ती है। वनस्पति स्थानीय और वैश्विक जलवायु को प्रभावित करती है। पेड़ पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं और जंगली जंतुओं को आश्रय प्रदान करते हैं। वे सभी जीवों को सूर्य की गर्मी से बचाते हैं और पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित करते हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## सूडोकु नवताल- 7389

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7388 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## अश्लील और कानफोड़ू गानों से करें परहेज!



डॉ. सत्यवान सौरभ

शादी एक खास अवसर होता है, जो दो परिवारों की सांस्कृतिक, पारिवारिक और भावनात्मक दुनिया को जोड़ता है। यह केवल दो लोगों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों का मिलन है, जिसमें भावनाओं, संस्कारों और परंपराओं का आदान-प्रदान होता है। संगीत इस आयोजन का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन इसका चयन बेहद सावधानी से किया जाना चाहिए। केवल मस्ती और डांस तक सीमित न होकर संगीत को हमारे मूल्यों, रिश्तों और भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। शादी में बजने वाले गाने रिश्तों की गरिमा, परिवार की भावनाओं और संस्कृति का आदान-प्रदान करते हैं। गानों के बोल और धुनों का असर हमारे मनोबल और शादी के समग्र अनुभव पर पड़ता है। शादी एक पारिवारिक आयोजन होता है, जिसमें विभिन्न आयु समूहों के लोग उपस्थित होते हैं। माता-पिता, दादा-दादी, चाचा-चाची और छोटे बच्चे भी समारोह में होते हैं। ऐसे में गानों के बोल शालीन और मर्यादित होने चाहिए ताकि किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे।

जैसे कि, जब हम शादी के सादे और गंभीर समारोहों में भाग लेते हैं, तो हमें यह याद रखना चाहिए कि यह एक गहरे बंधन का प्रतीक है, और इस समय का संगीत वही होना चाहिए जो इस सच्चाई को सम्मानित करे। शादी का संकल्प जीवनभर के लिए होता है। यह एक ऐसा वचन होता है जिसमें दोनों पक्षों का प्यार, विश्वास और समर्पण शामिल होते हैं।

ऐसे में गाने भी ऐसे होने चाहिए जो प्रेम, रिश्ते और परस्पर सम्मान की भावनाओं को व्यक्त करें। ब्रेकअप या धोखा पर आधारित गाने, जैसे 'चन्ना मेरेया' या 'भुला दूंगा', इस अवसर के लिए सही नहीं होते। ये गाने शादी के संकल्प के साथ मेल नहीं खाते हैं। हर शादी की अपनी संस्कृति, परंपराएं और रीति-रिवाज होते हैं। विशेषकर भारतीय शादियों में पारंपरिक संगीत और धार्मिक अनुष्ठानों का बहुत महत्व है। ऐसे में, गानों के चयन में हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे किसी भी धार्मिक या सांस्कृतिक मान्यताओं को ठेस न पहुंचाएं। उदाहरण के तौर पर, यदि शादी एक विशेष धार्मिक रीति से हो रही है, तो हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि संगीत इस परंपरा के अनुरूप हो। शादी एक उत्सव होता है, और संगीत का मुख्य उद्देश्य इस खुशी को बढ़ाना है। जो गाने उत्साह और खुशी से भरे होते हैं, वे इस अवसर को और खास बना सकते हैं। इसके विपरीत, उदास या नकारात्मक गाने जैसे 'तू जो नहीं', 'तुम ही हो' आदि माहौल को फीका कर सकते हैं। संगीत को चुनते समय हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि वह हर किसी के मन को खुशी और सकारात्मकता दे।

शादी के संगीत का चयन करते समय यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि हम उन गानों से बचें जो अश्लील, द्विअर्थी या असंवेदनशील हों। शादी का माहौल पवित्र और पारिवारिक होता है, और इसलिए हमें उन गानों से बचना चाहिए जो भाषा या भावनाओं से मर्यादा लांघते हों। उदाहरण के तौर पर, 'मुन्नी बदनाम' और 'शीला की जवानी' जैसे गाने इस अवसर के लिए उपयुक्त नहीं होते। शादी एक प्रेम और वचन का उत्सव है, और ऐसे गाने जो ब्रेकअप, धोखा या अस्थिर रिश्तों पर आधारित होते हैं, जैसे 'चन्ना मेरेया' या 'भुला दूंगा', शादी के माहौल के अनुकूल नहीं होते। शादी के समय यदि गाने नशे या अन्य नकारात्मक प्रवृत्तियों को बढ़ावा देते हैं, तो यह माहौल के अनुरूप नहीं होते। 'दारू देसी', 'लुंगी डांस', और 'माई ड्रिंकिंग' जैसे गाने शादी के गरिमामय माहौल को प्रभावित कर सकते हैं। कुछ गाने जो केवल तेज आवाज और शोर से भरे होते हैं, जैसे कि अत्यधिक बेस वाले गाने या डीजे ट्रैक्स, वे कभी-कभी माहौल को कष्टकारी बना सकते हैं। इनसे बचने के लिए संगीत का चयन इस तरह किया जाना चाहिए कि हर कोई उसे आसानी से सुन सके और उसका आनंद ले सके। हमारी शादी में सभी वर्गों और समुदायों के लोग उपस्थित होते हैं। ऐसे में किसी भी धार्मिक या जातिगत भावनाओं को आहत करने वाले गानों से बचना चाहिए। (ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**वृष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें।

**सिंह :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**कन्या :** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**तुला :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा।

**धनु :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मकर :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा।

**कुम्भ :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**मीन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

## शब्द पहेली - 8451

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | ■ |
| 10 | | | ■ | 11 | | | ■ | 12 |
| 13 | | ■ | 14 | | | ■ | 15 | |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | | | ■ |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ | 22 |
| 23 | | ■ | 24 | | | ■ | 25 | |

### बाएँ से दाएँ

1. घ्राणेंद्रिय-2
2. लंबी गर्दन वाला पशु-3
4. आफत, मुसीबत-2
6. लाचार-3
7. आसरा, मदद-3
8. आश्रय, शरण-3
9. राज कपूर की पोती-3
10. कर्म, भाग्य-3
11. दासत्व, गुलामी-3
13. आर्टिकल-2
14. इच्छा, लालसा-3
15. दुगना, दोगुना-2
16. भार-3
17. टेसू के फूल-3
18. राजा का भवन-3
19. चौकसी-2
20. प्रेमी, साजन-3
21. कैनाल, उपनदी-3
23. जीवन सत्व, प्राण-2
24. प्रहार, आक्रमण-3
25. ठाठ-बाट-2

### ऊपर से नीचे

1. अभिमान-2
2. मारना, वध करना-2
3. नृत्य, कृष्णलीला-2
4. अपव्यय करना-3
5. वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6. अज्ञात, अनाम-3
7. नदी, दरिया-3
8. जांच, परीक्षण-3
9. परीक्षा करना-3
10. जिगर-3
11. आंचल-3
12. नाश, विध्वंस-3
14. अंजन, नेत्रांजन-3
15. लाडला-3
16. शक, संदेह-3
17. तीन घंटे का समय-3
18. चिंतन-3
19. प्रथम-3
20. दंड, शिक्षा-2
21. आंशिक भीगा हुआ-2
22. प्राण, जीवन तत्व-2

### शब्द पहेली -8450 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | क | ■ | सा | ग | र | ■ | म | जा |
| द | म | न | ■ | म | वा | ली | ■ | म |
| ■ | र | म | ल | ■ | ना | प | ना | ■ |
| स | ■ | क | ह | र | ■ | ना | का | म |
| ली | न | ■ | जा | त | क | ■ | रा | जा |
| का | र | क | ■ | न | ह | र | ■ | क |
| ■ | म | म | ता | ■ | वा | च | न | ■ |
| ना | ■ | ल | क | वा | ■ | ना | य | क |
| व | र | ■ | त | र | फ | ■ | न | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### नाते सब कमजोर॥

स्वार्थ भरी इस भीड़ में, खोए अपने लोग।
चाहत की इस दौड़ में, छूट गए सब योग॥
सत्य हुआ अब मौन सा, झूठ मचाए शोर।
धन के आगे बिक रहे, नाते सब कमजोर॥
कलियाँ रोती बाग में, पात हुए बेचैन।
सुख की छाया ढूँढते, पंछी अब दिन रैन॥
हरे पेड़ तो कट चले, सूख गए सब खेत।
जल बिन पंछी रो रहे, दिखे रेत ही रेत॥
जल को तरसे धान भी, सूख गए खलिहान।
बादल बिन बरसे गए, रोया देख किसान॥
मन में सच्ची प्रीत हो, वाणी रहे मिठास।
बातें चाहे कम कहो, बन जाए इतिहास॥
झूठ कहे जो जीतता, सच्चा रहे उदास।
कलयुग के इस फेर में, पंजा हुआ पचास॥ -डॉ. सत्यवान सौरभ

# बिना शासनादेश के सूचना अधिकारी करते हैं उत्पीड़न

**कुशीनगर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कुशीनगर में सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत सूचना मांगने के बाद एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। अभय मिश्र ने सूचना विभाग से सवाल किया था कि बिल प्रमाणित करते समय रजिस्टर्ड (आरओ) का होना क्यों जरूरी है। हैरानी की बात यह है कि विभाग के पास इस सवाल का कोई ठोस साक्ष्य या जवाब नहीं है।

इसके बावजूद, समाचार पत्र प्रतिनिधियों को आरओ के नाम पर कथित तौर पर परेशान किया जा रहा है। जब इस मुद्दे पर जिला सूचना अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव से स्पष्टीकरण मांगा गया, तो उनका जवाब चौंकाने वाला था। उन्होंने इसे 'अनावश्यक मुद्दा' करार देते हुए कहा, भारत के स्वतंत्र नागरिक होने के नाते, आप कुछ भी लिख सकते हैं। यह बयान तब और भी हैरान करता है, जब विभाग इस नियम के औचित्य को साबित करने के लिए कोई सबूत पेश नहीं कर सका।

इस घटना से कई सवाल खड़े होते हैं। अगर आरओ की अनिवार्यता का कोई आधार नहीं है, तो क्या प्रतिनिधियों को इसके नाम पर परेशान करना एक सोची-समझी रणनीति है? क्या इसके पीछे कोई छिपा मकसद काम कर रहा है? यह मामला न केवल पारदर्शिता की कमी को उजागर करता है, बल्कि सूचना विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाता है।

# महिलाएं शराब के ठेकों के विरोध में सड़कों पर उतरीं, प्रदर्शन कर किया रोड जाम

**एटा, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार को महिलाओं ने देशी शराब के ठेकों के विरोध में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने लाठी-डंडों के साथ विरोध जताया और रस्सी बांधकर सड़क को जाम कर दिया। उनका मुख्य मांग थी कि शराब के ठेके हटाए जाएं, ताकि गांवों और शहरों में शांति और सुरक्षा बनी रहे। पुलिस ने महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत किया और रास्ते को खुलवाया।



पिलुआ के गांव गढ़वाला में शराब के ठेके के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में ग्राम प्रधान और सैकड़ों महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि शराब का ठेका गांव के पास स्थित मंदिर के नजदीक बनाया गया है, जिससे महिलाओं को पूजा-अर्चना में परेशानी हो रही है और शराब पीने वाले लोग गांव के माहौल को खराब कर रहे हैं। ग्राम प्रधान कविता दिवाकर ने बताया कि 28 मार्च को एक व्यक्ति ने शराब पीकर छत से कूदकर अपनी जान दी थी। इस घटना के बाद गांववाले एकजुट हो गए हैं और ठेका हटाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, कोतवाली नगर क्षेत्र के गांधी मार्केट में बनाए गए शराब के ठेके के खिलाफ भी महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध जताया और रस्सी बांधकर रोड जाम कर दिया। कुछ महिलाओं ने शराब के ठेके पर पहुंचकर तोड़फोड़ भी की। उनका आरोप था कि शराब पीने से कई पुरुषों की पहले ही मौत हो चुकी है, और अब इसे हटा कर कहीं दूर स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

पुलिस की कार्रवाई

सूचना मिलते ही कोतवाली नगर प्रभारी अमित कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं को समझाकर सड़क को खुलवाया और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उचित कार्रवाई की जाएगी। इन दोनों घटनाओं में महिलाओं ने अपने परिवारों के भले के लिए आवाज उठाई है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इन ठेकों के स्थानांतरण के लिए क्या कदम उठाता है और क्या महिलाओं की मांग पूरी होती है।

## पिकअप पलटने से एक दर्जन श्रद्धालु घायल

**फतेहपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुकेती के समीप बुधवार की सुबह दर्शन के लिए जा रही पिकअप टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसमें सवार एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महादेव का पुरवा निवासी शिवनायक का 29 वर्षीय पुत्र अमरनाथ अपनी 26 वर्षीय पत्नी प्रियंका एवं रिश्तेदार संतोष पुत्र रामलाल 50 वर्ष, उसकी पुत्री अनुराधा 12 वर्ष, पत्नी सोनिया 45 वर्ष, पुत्र सूरज 27 वर्ष एवं गांव की ही आरती पत्नी उमाशंकर, 60 वर्षीय छोटेलाल पुत्र स्व0 राधेश्याम, अनामिका पुत्री अनिल 18 वर्ष, माया, रामनरायण पुत्र प्रताप 35 वर्ष, प्रताप 60 वर्ष व प्रताप की पत्नी सहित एक दर्जन से अधिक लोग पिकअप में सवार होकर गाजीपुर थाना क्षेत्र के औगासी स्थित जोगनी माता मंदिर दर्शन को जा रहे थे। जैसे ही वाहन सुकेती गांव के पास पहुंचा तभी अचानक पिछला टायर फट गया। जिससे पिकअप तेज रफ्तार पिकअप पलट गई। जिससे उसमें सवार सभी श्रद्धालु घायल हो गया।

# नवीन पुस्तकों एवं अभिनंदन के साथ नए सत्र का आरंभ

**अमौली/फतेहपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शिक्षा क्षेत्र अमौली के परिषदीय विद्यालयों में सत्र समाप्त होने के पश्चात नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत के प्रथम दिवस में खंडशिक्षाधिकारी श्रवण कुमार पाल के निर्देशन में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आज पढ़ाई के प्रथम दिन विद्यालयों में बच्चों का रोली अक्षत से टीका कर विद्यालय आगमन पर स्वागत किया गया।बच्चों को विद्यालय में अध्यापकों द्वारा अपने स्वागत का यह अंदाज खूब पसंद आया।तो बीआरसी परिसर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे, खंड शिक्षाधिकारी श्रवण कुमार पाल ने संयुक्त रूप से कई विद्यालयों के बच्चों पुस्तक वितरण कर प्रवेशोत्सव की शुरूआत की।वहीं



अधिकारियों के साथ उपस्थित बच्चों एवं शिक्षकों ने वही बरेली से प्रसारित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के संबोधन को लाइव सुना। खंड शिक्षा अधिकारी ने सरकार द्वारा निर्धारित निपुण लक्ष्य की संप्राप्ति तक मेहनत करने का मूल मंत्र शिक्षकों को प्रदान किया।

उन्होंने विकासखंड में नवोदय, आय आधारित एवं आश्रम पद्धति परीक्षाओं में चयनित बच्चों को बधाई दी।तथा स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शुभा देवी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान शिव कुमारी सोनकर,शैलेंद्र सचान सुरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। शिक्षा क्षेत्र के परिषदीय पूर्वमाध्यमिक विद्यालय कुलखेड़ा में प्रथम दिवस के इस उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह को धूमधाम से मनाया गया। बच्चों को रोली अक्षत से टीका कर, माल्यार्पण कर टिफिन,फल, मिष्ठान्न ,बिस्किट एवं पुष्पगुच्छ प्रदान किए। आयोजक शिक्षक उमेश कुमार के द्वारा विभाग से प्रदत्त सभी पाठ्य पुस्तकें व नवप्रवेशी आधा दर्जन बच्चों को नवीन सत्र हेतु स्टेशनरी भी वितरित की गई।कार्यक्रममें मुख्य रूप से सरोज सोनकर, राजेश कुमार, दीपा वर्मा , सहित समस्त अभिभावक उपस्थित रहे।

## करंट लगने से युवक की मौत परिवार में कोहराम

**खागा, फतेहपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के छीमी मजरे बौहाई का पुरवा गांव में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना से घर में मातम पसर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार सोनू उर्फ विजय प्रताप (25) पुत्र राम सिंह अपने घर में पंखे का प्लग लगा रहा था। इसी दौरान अचानक उसे तेज करंट लग गया। बिजली के झटके से वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन जब तक कुछ समझ पाते, उसकी हालत गंभीर हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# वक्फबोर्ड को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट


**हापुड़, 2 अप्रैल (तरुण मित्र)।** आज वक़्फ़बोर्ड की चर्चा लोकसभा में होने पर पुलिस प्रशासन हापुड़ जनपद में अलर्ट मोड़ पर नजर आया पुलिस प्रशासन ने जनपद को किले बंदी में तब्दील किया पुलिस लगातार संवेदनशील इलाकों व रोड पर फ्लैगमार्च करती नजर आई,ड्रोन से भी निगरानी रखी गई संवेदनशील इलाकों पर पॉइंट वाइज ड्यूटी लगाई। लगातार पुलिस फोर्स के साथ प्रशासनिक अधिकारी सड़कों पर नजर आए।

वक्फबोर्ड को लेकर आज जनपद के पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर नजर आया वहीं एसपी कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह ने जनपद को किलेबंदी में तब्दील करते हुए पॉइंट वाइज पुलिसकर्मी व अधिकारी को ड्यूटी लगाई और वही सड़कों पर फ्लैग मार्च करते नजर आए शहर की कमान पुलिस अधीक्षक सदर के हाथों में दी गई वहीं उनके साथ प्रशासन के अधिकारी भी फ्लैग मार्च करते दिखाई दिए ताकि वक्फबोर्ड बिल का फैसला आने पर कोई माहौल खराब ना किया जा सके।











# प्रेस क्लब ऑफ यूपी के ईद व होली मिलन में दिखी समरसता

**फतेहपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिलाध्यक्ष मो. शमशाद की ओर से ईद व होली मिलन समारोह का आयोजन अपने निज निवास पर किया गया। जिसमें पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न संगठनों के अध्यक्षों के साथ-साथ पत्रकारों ने शिरकत करके फूलों की होली व गले मिलकर एक-दूसरे को पर्वों की बधाई दी। समारोह के दौरान सेंवई व गुझिया की मिठास भी जमकर घुली।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में काजी शहर कारी फरीद उद्दीन कादरी के अलावा बड़ी संख्या में पत्रकारों के साथ-साथ स्वयंसेवी संगठनों के लोगों ने भी सहभागिता निभाई। निर्धारित समय पर एकत्रित हुए पत्रकारों ने फूलों की होली व गले मिलकर पर्वों की बधाई देते हुए एकता का संदेश दिया। होली मिलन समारोह में आपसी समरसता देखते ही बनी। उपस्थित लोगों ने लजीज व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। तत्पश्चात प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिलाध्यक्ष मो. शमशाद ने कहा कि यह जनपद गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। सभी पर्व हमें आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश देते हैं। जिले में लोग सभी धर्मों के पर्वों को आपसी भाईचारे के बीच मनाते चले आए हैं। उन्होने कहा कि इसी उद्देश्य के साथ उन्होने ईद व होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें सभी लोग आपसी मनमुटाव को भुलाकर एक ही छत के नीचे आकर गले मिलकर अपने गिले शिकवे दूर करें। उन्होने समारोह के बीच एकता का संदेश भी दिया। इस मौके पर जिला पत्रकार संघ/एसो0 के अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया, फतेहपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप सिंह के अलावा प्रेस क्लब ऑफ यूपी के प्रदेश महासचिव मेराज उद्दीन महताब, जिला महासचिव अनिल श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, अलीक अहमद, नफीस अहमद जाफरी, उमेश चन्द्र मौर्या, इरफान काजमी, मो. अतीक, फिरोज अली, मो. अजमी कमर, छोटकू ठाकुर, मो. इरशाद गुड्डू, लईक अहमद, मोईज, मो. शाहिद, रौनक गुप्ता, विजय उर्फ बीनू त्रिवेदी, अमित शरन बॉबी, विक्टर राबर्ट, मो. आजम के अलावा पत्रकार शकील सिद्दीकी, विवेक श्रीवास्तव, नितेश श्रीवास्तव, परमानंद द्विवेदी, संदीप केशरवानी, जरेर्याब खान, उसमान खान, जतिन द्विवेदी, शाहिद अली, अरूण कुमार, राहत अली, अवनीश सिंह चैहान, संदीप शुक्ला, अतुल मौर्या दीपू, राजेश सिंह उर्फ डब्बू, धीरू श्रीवास्तव, पंकज मौर्या, जगन्नाथ प्रजापति, सूर्या, संजय सिंह, रामबाबू चतुर्वेदी व समाजसेवी मो. आसिफ एडवोकेट, मो0 शमीम, मो0 इमरान, मो0 शाहरूख, मो0 साहिब सहित तमाम लोग मौजूद रहे।





## श्रीराम नवमी व नवरात्रि पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**एटा, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में 6 अप्रैल तक चैत्र नवरात्रि और श्रीराम नवमी के अवसर पर जिलेभर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा के साथ-साथ अष्टमी और राम नवमी के दिन रामायण, रामचरित मानस और दुर्गा सप्तशती पाठ जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्य विकास अधिकारी डा. नागेन्द्र नारायण मिश्र ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों, नगर पालिका और नगर पंचायतों को कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यक्रम 5 अप्रैल से 8 अप्रैल तक आयोजित किए जाएंगे, जिसमें स्थानीय भजन और कीर्तन मंडलियां हिस्सा लेंगी।

# सेंट जेवियर्स में अच्छे अंक पाकर उछले मेधावी

**फतेहपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शहर के जीटी रोड स्थित सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में कक्षा छह, नौ व ग्यारह के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय विद्यालय की प्रधानाचार्या बीनू मिश्रा, प्रबंधक नीतीश कुमार ने किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना का प्रस्तुतिकरण किया। प्रधानाचार्या डा0 प्रियंका गुप्ता व प्रबंधक नीतीश कुमार ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए परीक्षाफल वितरण किया। परीक्षाफल में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं के साथ-साथ शत-प्रतिशत उपस्थिति आदि पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय की ओर से विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जेवियर अर्जुन अवार्ड में अंश यादव, श्रेयांश, अनुष्का यादव, सानिया परवीन, जेवियर पिकासो अवार्ड में अन्वी सिंह, तेजपाल, मुग्धा, सतीश मने, अमृतसर अवार्ड में अहमर रजा, कृष्णा मिश्रा, ओरिरिटर अवाड में शानवी मिश्रा, श्रेस्टी, बिरजू महाराज अवार्ड में अंश यादव, सार्थक गुप्ता, सोनल मान सिंह अवार्ड में शिखा देवी, शानवी मिश्रा, स्वरांजलि अवार्ड में आर्य पाण्डेय, अनादि तिवारी, प्रियांशी, अंशिका दीक्षित, कृतिका श्रीवास्तव, जानवी, माही शामिल हैं। संचालन विद्यालय के शिक्षक श्याम साहनी व नीतू रस्तोगी ने किया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बेटे की मौत, पिता गंभीर

**फतेहपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** खागा कस्बा में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिता घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के लुधौरा गांव निवासी राम किशोर पासवान 60 वर्ष अपने पुत्र देशराज के साथ बाइक से खागा आ रहा था। जैसे ही ये लोग कस्बा के समीप पहुंचे तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे गौरी शंकर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका पिता घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए हरदों अस्पताल में भर्ती कराया।

## पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फतेहपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** खागा क्षेत्र के सुल्तानपुर घोष थाना अंतर्गत पंजीकृत अभियोग में वांछित पाक्सो एक्ट के आरोपी अभियुक्त शहजादे उर्फ. बडका पुत्र आशिक अली निवासी पट्टी शाह थाना हथगाम जनपद फतेहपुर को सुल्तानपुर घोष पुलिस ने गिरफ्तार किया थाना स्थानीय पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पश्चात माननीय न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार त्रिपाठी उपनिरीक्षक उत्कर्ष मिश्रा विवेकानंद कांस्टेबल वेद प्रकाश रणवीर सिंह इंद्रवीर सिंह संदीप राजभर शामिल रहे।

# अलंकार योजना : माध्यमिक विद्यालयों के लिए वरदान शिक्षा का नया सवेरा




**मुजफ्फरनगर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत जनपद मुजफ्फरनगर के 41 राजकीय विद्यालय, 03 संस्कृत माध्यमिक विद्यालय व सनातन धर्म इण्टर कालेज मीरापुर तथा सर्वोदय इण्टर कालेज नूनीखेडा आशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय लाभांवित हुए है। सत्र 2021-22 मे 24.25 लाख रुपये की धनराशि से राजकीय इण्टर कालेज सिरोली व राजकीय इण्टर कालेज गढी शेखावतपुर लाभांवित हुए। सत्र 2022-23 मे 05 राजकीय विद्यालयो मे 98 लाख धनराशि स्वीकृत होने के पश्चात शौचालय, पुस्तकालय कक्षा, शुद्ध पेय जल की व्यवस्था हुई। सत्र 2023-24 मे 08 करोड 18 लाख की धनराशि से 37 विद्यालयो मे 13 मल्टीपरपज हॉल 05 पुस्तकालय कक्ष व 28 विद्यालय मे शुद्ध पेय जल की व्यवस्था कराई गई। 2024-25 मे 06 करोड 28 लाख रुपये की धनराशि से 22 राजकीय विद्यालय मे बाउंड्रीवॉल का निर्माण हुआ और राजकीय इण्टर कालेज पुरकाजी के लिए 10 लाख 50 हजार रुपये विभिन्न मदो मे स्वीकृत हुए। 2017 से 2025 के बीच 25 नये राजकीय विद्यालयो का संचालन हुआ। 2024-25 मे राजकीय विद्यालयो मे अध्ययनरत सभी 06 हजार छात्र छात्राओ को 500 रुपये प्रति छात्र की दर से 30 लाख रुपये व्यय कर के शासन द्वारा शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। 72 लाख रुपये से 06 कम्प्यूटर लैब का निर्माण हुआ प्रत्येक लैब मे 08 कम्प्यूटर सैट लगाये गये। वर्तमान सत्र मे उपचारात्मक शिक्षण को बढावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक राजकीय विद्यालय को 19 हजार 500 रुपये धनराशी आवंटित की गई।

सनातन धर्म इण्टर कालेज मीरापुर के प्रधानाचार्य डॉ विकास कुमार ने बताया कि अलंकार योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य राज्य के माध्यमिक विद्यालयों का जीर्णोद्धार करना है। इस योजना के तहत, सरकार विद्यालयों के बुनियादी ढांचे में सुधार, आधुनिक शिक्षा सुविधाओं का विकास और छात्रों के लिए बेहतर सीखने का माहौल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।


## कार्यालय : ग्राम पंचायत चेतियवा विकास खण्ड बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2025-26 दिनांक:01.04.25

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत चेतियवा विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना वित्त/तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, वायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 07.04.25 को 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय चेतियवा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 04.04.25 को 4.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपराचिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु0-5000/ रुपए (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिस आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुन दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी व रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/ एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत चेतियवा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(एहतसमुद्दीन)
प्रधान
ग्राम पंचायत चेतियवा
विकास खण्ड बांसी
जनपद-सिद्धार्थनगर

( प्रशान्त प्रजापति)
सचिव
ग्राम पंचायत चेतियवा
विकास खण्ड बांसी
जनपद-सिद्धार्थनगर



## कार्यालय : ग्राम पंचायत भड़ही उर्फ मिश्रौलिया विकास खण्ड बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2025-26 दिनांक: 01.04.25

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत भड़ही उर्फ मिश्रौलिया विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/तेरहवा वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, वायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक-04.04.25 को 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय भड़ही उर्फ मिश्रौलिया के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक-04.04.25 को 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपराचिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु0-5000/ रुपए (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिस आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुन दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी व रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/ एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत भड़ही उर्फ मिश्रौलिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(निर्मला यादव)
प्रधान
ग्राम पंचायत भड़ही उर्फ मिश्रौलिया
विकास खण्ड बांसी
जनपद-सिद्धार्थनगर

(ज्योत्सना पाण्डेय)
सचिव
ग्राम पंचायत भड़ही उर्फ मिश्रौलिया
विकास खण्ड बांसी
जनपद-सिद्धार्थनगर

# बुनिमो ने फूंके पीएम, गृहमंत्री एवं रक्षा मंत्री के सामूहिक पुतले



झाँसी, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। बुंदेलखंड निर्माण मोर्चे ने बुधवार को कचहरी चौराहे के निकट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रतीकात्मक सामूहिक पुतले फूंके। मोर्चा अध्यक्ष भानुसहाय ने इससे पहले सत्रह मार्च को बुंदेलखंड राज्य निर्माण का समर्थन नहीं करने वाले नौ सांसद- झांसी, सागर, बांदा, जालौन, छतरपुर, हमीरपुर, दमोह, खजुराहो, टीकमगढ़ एवं दतिया के सामूहिक पुतले फूंके थे। पुतला फूंके जाते समय कहा गया था कि पंद्रह दिन में अगर अखंड बुंदेलखंड की मांग नहीं उठाएंगे तो यह माना जाएगा कि सभी सांसद चाहते है कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं रक्षा मंत्री का पुतला फूंकें।

# स्कूल चलो अभियान का हुआ शुभारंभ



ललितपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। शिक्षा सत्र 2025-26 के प्रथम दिन कम्पोजिट विद्यालय सिविल लाइन्स के प्रांगण में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ बीएसए रणवीर सिंह द्वारा आयोजक के रूप में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल, विषिष्ट अतिथि विधायक रामरतन कुशवाहा विशिष्ट अतिथि पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी कमला कान्त पाण्डेय मौजूद रहे। स्कूल चलो अभियान 2025-26 का माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा जनपद बरेली में किए गए शुभारंभ का लाइव प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर कराया गया। कार्यक्रम में पाठय पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को निःशुल्क पाठय पुस्तकें प्रदान की गयी। स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम में राज्यमन्त्री, विधायक, पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी, सीडीओ, बीएसए की उपस्थिति रही। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का अधिक से अधिक प्रवेश कराना है। शैक्षिक सत्र 2025-26 में स्कूल चलो अभियान 02 चरणों में संचालित किया जाना है।

प्रथम चरण 01 से 15 अप्रैल तक एवं द्वितीय चरण ग्रीष्मावकाश के उपरान्त 01 से 15 जुलाई तक आयोजित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रायकवार समाज का शपथ ग्रहण व निषादराज जयंती उत्सव 5 अप्रैल को

झांसी, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। रायकवार समाज की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष पंकज रायकवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें निषाद राज जयंती एवं समाज का शपथ ग्रहण समारोह 5 अप्रैल को मनाया जाने का निर्णय लिया गया। इसमें उत्तर प्रदेश एवं प्रांतीय नेता समाज सेवीगण भाग लेंगे। कार्यक्रम श्री श्री 1008 श्री महावीर रैकवार समाज लक्ष्मी गेट बाहर ड़ड़ियापुरा में संपन्न होगा। कार्यक्रम में एस के बाबा, किशोरी प्रसाद रायकवार, मनीराम रैकवार, अनिल कश्यप, सुरेश कश्यप, रामकुमार रैकवार, विजय रैकवार, अमित रायकवार, रामकिशन रैकवार, राम अवतार रैकवार, महेंद्र रैकबार, रूपेश रैकवार, नितिन रैकवार, आनंद रायकबार, आशीष रैकवार, सुरेश रैकवार, विजय रैकवार, सुरेन्द्र रायकवार, विनोद रायकवार, अभिलाष रायकवार आदि लोग शामिल रहे।

### आर्य समाज के दूसरी बार मंत्री बने डॉ मनमोहन मनु

झांसी, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। आर्य समाज की शहर कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक अपूर्व गुप्त, प्रधान देव सिंह आर्य, मंत्री डॉ मनमोहन मनु, कोषाध्यक्ष प्रदीप भ्याना निर्वाचित हुए। उप प्रधान मोहन नेपाली, दीपक सरन अग्रवाल, संयुक्त मंत्री सुदर्शन शिवहरे, प्रवीण झा, प्रचार मंत्री हरनारायण यादव, पुस्तकालयाध्यक्ष सुनील कुमार, आय व्यय निरीक्षक मुकेश शाक्य, कार्यकारिणी सदस्य आचार्य वीरेंद्र शास्त्री, सर्वेश श्रीवास्तव, किशन सोनी, ओमप्रकाश चौरसिया, वेद प्रकाश साहू, प्रमोद कुशवाहा, अजय घई बनाए गए। नवीन कार्यकारिणी ने दायित्व ग्रहण करने के उपरांत एक बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आर्य समाज शहर की संपत्ति एवं भवन के उन्नयन एवं संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। मंत्री डॉ मनमोहन मनु ने आर्य समाज शहर संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का सफल संचालन किया। ईश वंदना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ एवं शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### खाद्य विभाग अधिकारियों पर अवैध वसूली का आरोप

ललितपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों द्वारा नगर क्षेत्र के व्यापारियों के साथ की जा रही अवैध वसूली पर चर्चा की गई। बैठक में इस संबंध में शीघ्र ही उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देने का निर्णय के साथ जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। व्यापारी नेताओं ने आवाहन करते हुए कहा कि वे भ्रष्ट अधिकारियों का सामूहिक रूप से विरोध करें। बैठक में महेश जैन, पंकज बिरधा, हरीश सिंघई, राजीव पटवारी, धर्मेंद्र जैन, वीरेंद्र जैन, दीपक सोनी, मनीष जैन, सुरेश चंद, स्वदेश गोयल, राजीव चौधरी, नितिन सिंघई, जयनारायण शर्मा, पदम जैन पल्लू, रवि श्रीवास्तव, राकेश जैन, संजय मोदी, दीपक सिंघई, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### शिशु शिक्षा निकेतन खिन्नी नाका में अंक पत्र किये गये वितरित

बांदा, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। शिशु शिक्षा निकेतन खिन्नी नाका बांदा मे विगत सत्र मे अंक पत्र के साथ प्रथम, द्वितीय, स्थान पाने वाले छात्रो को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम शुरू होने के पूर्व संस्थापक स्वामी प्रेम प्रकाश शुक्ल को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। विधालय की संरक्षिका श्रीमती मीरा तिवारी ने मुख्य अतिथि प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी का सम्मान कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम ने अंत मे आभार व्यक्त किया। श्री धीरेंद्र पाण्डेय ने सभी छात्रो को प्रोत्साहित किया।

# ब्राह्मण समाज की बैठक में श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारियों पर चर्चा

## वार्षिक आय व्यय प्रस्तुति के साथ नयी कार्यकारिणी गठन पर हुआ विचार



बांसी (ललितपुर), 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। ब्राह्मण समाज की बैठक श्रीराम मंदिर में अध्यक्ष बद्रीप्रसाद दुबे कक्कू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 6 अप्रैल को श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारी पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रभात फेरी, अभिषेक, साज सज्जा, फूलमाला, प्रसादी व्यवस्था हेतु दायित्व व सहयोग तय हुए।

कोषाध्यक्ष सुदामा प्रसाद दुबे ने वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष बद्रीप्रसाद दुबे कक्कू ने समिति भंग की घोषणा की। नयी कार्यकारिणी के गठन से पूर्व बांसी के ब्राह्मण समाज के प्रत्येक परिवार के मुखिया को सदस्य बनाया जाने व इसकी सदस्यता शुल्क 500 रुपये लेने के अलावा 30 अप्रैल तक सदस्यता अभियान चलाने, अगले माह मई नयी कार्यकारिणी का गठन करने, नयी कार्यकारिणी गठन संबंधित निर्णय हुए। आखिर में वार्षिक कार्य योजना बनी गयी। बैठक मे संतोष कुमार शर्मा, महेश नारायण गोस्वामी, कुलदीप त्रिपाठी, नरेंद्र त्रिपाठी, शैलेंद्र चौबे, रमाकांत गोस्वामी, राकेश शर्मा, मनोज दुबे, योगानन्द गंगेले, राजकुमार शर्मा, रामप्रकाश पस्तोर, अनिल पस्तोर, रवि बबेले, राहुल दुबे, अखलेश गोस्वामी, सतीश पुरोहित, अम्बिकेश दुबे, कुनाल मिश्रा, नीरज गंगेले, राजा दुबे, प्रिंस दुबे, अरुण गंगेले, शिवम मिश्रा, गोविन्द नारायण दुबे, अभिषेक तिवारी, सत्यम शर्मा, प्रांजल पुरोहित मौजूद रहे। संचालन सुदामा प्रसाद दुबे ने किया।

# प्रोफेसर नाथन कॉन्गडन ने जानकीकुण्ड का किया दौरा

चित्रकूट, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। श्रीसदगुरू नेत्र चिकित्सालय का नेत्र चिकित्सा प्रोफेसर नाथन कॉन्गडन ने दौरा किया। दौर पर आए प्रो.नाथन का सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ बीके जैन एवं नेत्र चिकित्सालय के सीईओ डॉ इलेश जैन ने स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। भ्रमण पर प्रो. नाथन ने चिकित्सालय प्रबंधन और नेत्र चिकित्सकों के साथ मिलकर नेत्र स्वास्थ्य शोध में संभावित सहयोगी साझेदारी पर चर्चा की। नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध हैं उन्होंने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। प्रोफेसर कॉन्गडन ने 360 से अधिक पीयर-रिव्यू किए गए लेख प्रकाशित किए हैं, जो इकोनॉमिस्ट, वॉल स्ट्रीट जर्नल और अन्य प्रमुख पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं।

# होली मिलन समारोह एवं राई नृत्य का आयोजन सम्पन्न



झाँसी, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। मन्नू बाबा सेवा समिति सुभाषगंज के तत्वावधान में सुभाष गंज में होली मिलन समारोह में राई नृत्य और फूलों की होली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ संदीप सरावगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बुंदेली कलाकारों दीपा एवं सहयोगियों द्वारा बुंदेलखंडी राई नृत्य का प्रदर्शन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज साहू एवं मनोज रेजा उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजक समिति से हरेंद्र सक्सेना, मनमोहन साहू, हिमांशु पाठक, करन विश्वकर्मा, विकास पाल, टिल्लू श्रीवास, मुन्ना, प्रदीप कुमार साहू, अर्जुन यादव आदि का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, सुशांत गेड़ा, राजू सेन, संदीप नामदेव, बसंत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# शासन के निर्देशानुसार टाइड एवं अनटाइड फण्ड में कार्यों का प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करें : डीएम



बांदा, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकाय के अन्तर्गत टाइड एवं अनटाइड फण्ड से नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में कराये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न नगर निकायों में कराये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में अध्यक्ष नगर पालिका एवं नगर पंचायत तथा अधिशाषी अधिकारियों के साथ किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि शासन के निदेर्शानुसार टाइड एवं अनटाइड फण्ड में कार्यों को कराये जाने का प्रस्ताव शीघ्र संशोधित कर प्रस्तुत किये जायें। बैठक में नगर पालिका बाँदा में दो पार्कों का निर्माण कराये जाने एवं वाटर कूलर लगाये जाने तथा अन्य कार्यों को कराये जाने के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया। उन्होंने एमआरएफ सेन्टर के कूडा निस्तारण किये जाने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

बैठक में मटौंध नगर पंचायत में एमआरएफ सेन्टर की बाउन्ड्रीवाल, कान्हा गौशाला का इण्टरलाकिंग कार्य तथा वाटर टैंकर आदि कय किये जाने, नरैनी में 02 पाइपलाइन विस्तार, पानी टैंकर, कूडादान एवं सालिड बेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु कार्यों को कराये जाने के प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया।

बिसण्डा में ट्रैक्टर ट्राली कय हेतु, कुओं का विकास, जेसीबी आदि के कय किये जाने के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए सम्बन्धित नगरपालिका एवं नगर पंचायतों को संशोधित प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

## डीएम ने किया इण्टर कॉलेज तिन्दवारी का निरीक्षण

बांदा। जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा ने पं.दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इण्टर कालेज पचनेही, राजकीय बालिका इ.का. तिन्दवारी एवं राजकीय हाईस्कूल अमलीकौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत बन रहे मल्टीपरपज हाल, शौचालय तथा समग्र शिक्षा योजनान्तर्गत बन रहे कम्प्यूटर लैब एवं इण्टरकालेज अमलीकौर के भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्माण में प्रयुक्त की जा रही सामग्री का परीक्षण करते हुये निर्माण की गुणवत्ता मानक के अनुसार रखने तथा निर्धारित समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। विद्यालयों में साफ-सफाई रखने,अधिक से अधिक नामांकन करने, निर्धारित समय से पठन-पाठन करने तथा शैक्षणिक गुणवत्ता बनाये रखने के निर्देश प्रदान किये गये।

## समाधान दिवस का होगा आयोजन

चित्रकूट, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। सचिव चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने बताया कि मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन गुरूवार अपरान्ह 1 बजे से 5 बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में किया जायेगा।

## पुलिस ने की चेकिंग

चित्रकूट, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंको की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर को चेक कर ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को निर्देश दिये। बैंक में लगे अलार्म, सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण कर चेक किया। शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की गयी।


## कार्यालय : ग्राम पंचायत अगस्ता सलामतपुर, विकास खण्ड सदर जनपद-गाजीपुर

पत्रांकः /मेमो दिनांकः /04/2025

### निविदा / सूचना

द्वितीय वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा / पंचम राज्य वित्त/ पद्रहवां वित्त आयोग/पी०जी०आई० एफ०/ स्वच्छ भारत मिशन/ शौचालय/ आंगनबाड़ी केद्र पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय व क्षेत्र में विकास निधि/ सांसद विकास निधि समाजिक वाणिज्य योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि/अन्त्येष्टि स्थल एव अन्य मदों से योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्य के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता दिनाँक 03/04/2025 से 09/04/2025 तक कार्यालय दिवस के अपराह्न समय दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर बंद लिफाफे में निविदा जमा कर सकते हैं। जो दिनाँक 10/04/2025 को को जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत व सलाहकार इंजीनियर के सामने खोलीं जाएगी निविदा फर्म के लेटर पैड पर होगी। सामग्री का विवरण ईट 150 एम एम प्रथम श्रेणी प्रति हजार सीमेंट प्रति बैग महीन बालू सफेद बालू प्रतिधन मीटर स्टोन ब्लास्ट पत्थर गिट्टी 224 एम एम से अलग-अलग प्रति घन मीटर सरिया प्रति कुंटल एस्वेटसीट पैन ज्ञसीट दरवाजा टाईम्स प्रति नग हयूम पाईप 350-350-450-600-900 एमएमपी प्रति नग ओपन जीम सामग्री इंटरलॉकिंग ईट 200 गुणे 160 गुणे 80 एम एम प्रति हजार पटिय जी आई पाईप पी बी सी पाईप साकेट प्रति नग मोटा बालू प्रति घन मीटर ईट टुकडी. 20 एम एम 40 एम एम प्रति घन मीटर हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का हैण्डपम्प मरम्मत साइनबोर्ड अन्य सामग्री चूना ब्लीचिंग पाउडर पेट डिस्टेंपर प्रति किलो ग्राम स्ट्रीट सोलर लाइट हाई मास्ट लाइट प्रति अदद इलेक्ट्रॉनिक सामग्री प्रति नग सिमेण्टेड बेच प्रति नग फागिंग मशीन व अन्य स्वच्छता कीट समाग्री डिकिग वाटर प्यूरिफायर प्रति नग

**नोट** - प्रतिबंध एव शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| **( प्रविद्र प्रकाश यादव )** | **(संगीता देवी )** |
| **सचिव** | **ग्राम प्रधान** |
| **ग्राम पंचायत अगस्ता सलामतपुर** | **ग्राम पंचायत अगस्ता सलामतपुर** |
| **विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर** | **विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर** |


# शिव पार्वती विवाह की कथाव्यास ने बताई महिमा

चित्रकूट, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। जानकीकुंड में चल रही नौ दिवसीय कथा में उमाशंकर व्यास राम कथा का गान कर रहे है। कथा के तीसरे दिन सर्वप्रथम सदगुरू सेवा संस्थान अध्यक्ष विषद भाई मफत लाल की धर्मपत्नी रूपल बहन ने रामकथा पोथी और महाराज जी का पूजन अर्चन किया। उमाशंकर व्यास ने बताया कि जब शंकर जी दुल्हा बने तो भोलेनाथ के सर पर जटाओं का मुकुट है मुकुट के ऊपर सर्प और कानों में छोटे छोटे सर्पो के कुंडल है हाथों में सर्पों के कंगन है और बैल पर सवार है। बताया कि जब भोलेनाथ की बरात राजा हिमांचल के दरवाजे पहुंची तो पार्वती की मां मैना दरवाजे पर आरती उतारने और चन्दन लगाने शिव जी के आती है तो जहां तिलक लगाना है वहां बिच्छू लपटा है और सर पर सर्प फन फना रहा यह देखकर रानी मैंना अंदर चली जाती है और नारद जी को कोसने लगती है कि मेरी बेटी ने तुम्हारा क्या बिगाड़ा था जो ऐसा दुल्हा खोजा मेरी बेटी को बात बिगड़ती देख नारद ने सप्त ऋषियों और राजा हिमांचल को साथ लेकर माता मैना के पहुंचे और समझाया विवाह संपन्न हुआ। इस मौके पर चित्रकूट के साधु संत, आम जनमानस, उपस्थित रहे।

# गर्मियों में वनों को अग्नि से बचाएं : वन संरक्षक




ललितपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। वन संरक्षक बुन्देलखण्ड वृत्त महावीर कौजालगी की अध्यक्षता में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कार्यालय में वनों को अग्नि से बचाने के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष वनों को अग्नि से बचाने हेतु निर्देश निर्गत किये गये। प्रभागीय निदेशक ने बताया कि जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापना प्रभागीय कार्यालय में की जा चुकी है।

यह भी अवगत कराया गया कि यदि कोई व्यक्ति वनों के आस-पास या अंदर महुआ फूल एकत्रित करने के लिये महुआ फूल के पत्ते जलाते हुये पाये जाते है तो उनके विरूद्व वन अधिनियिम-1927 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा सचिन कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी डा शिरीन, समस्त क्षेत्रीय वन अधिकारी, जिला आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह, समस्त वनदरोगा व वनरक्षक, रमन शर्मा, साई ज्योति संस्थान, ललितपुर, डा प्रबल सक्सेना, अनंत सेवा ग्रुप आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय : ग्राम पंचायत इस्लामाबाद, विकास खण्ड सदर जनपद-गाजीपुर

पत्रांकः /मेमो दिनांकः /04/2025

### निविदा / सूचना

द्वितीय वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा / पंचम राज्य वित्त/ पद्रहवां वित्त आयोग/पी०जी०आई० एफ०/ स्वच्छ भारत मिशन/ शौचालय/ आंगनबाड़ी केद्र पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय व क्षेत्र में विकास निधि/ सांसद विकास निधि समाजिक वाणिज्य योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि/अन्त्येष्टि स्थल एव अन्य मदों से योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्य के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता दिनाँक 03/04/2025 से 09/04/2025 तक कार्यालय दिवस के अपराह्न समय दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर बंद लिफाफे में निविदा जमा कर सकते हैं। जो दिनाँक 10/04/2025 को को जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत व सलाहकार इंजीनियर के सामने खोलीं जाएगी निविदा फर्म के लेटर पैड पर होगी। सामग्री का विवरण ईट 150 एम एम प्रथम श्रेणी प्रति हजार सीमेंट प्रति बैग महीन बालू सफेद बालू प्रतिधन मीटर स्टोन ब्लास्ट पत्थर गिट्टी 224 एम एम से अलग-अलग प्रति घन मीटर सरिया प्रति कुंटल एस्वेटसीट पैन ज्ञसीट दरवाजा टाईम्स प्रति नग हयूम पाईप 350-350-450-600-900 एमएमपी प्रति नग ओपन जीम सामग्री इंटरलॉकिंग ईट 200 गुणे 160 गुणे 80 एम एम प्रति हजार पटिय जी आई पाईप पी बी सी पाईप साकेट प्रति नग मोटा बालू प्रति घन मीटर ईट टुकडी. 20 एम एम 40 एम एम प्रति घन मीटर हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का हैण्डपम्प मरम्मत साइनबोर्ड अन्य सामग्री चूना ब्लीचिंग पाउडर पेट डिस्टेंपर प्रति किलो ग्राम स्ट्रीट सोलर लाइट हाई मास्ट लाइट प्रति अदद इलेक्ट्रॉनिक सामग्री प्रति नग सिमेण्टेड बेच प्रति नग फागिंग मशीन व अन्य स्वच्छता कीट समाग्री डिकिग वाटर प्यूरिफायर प्रति नग

**नोट** - प्रतिबंध एव शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| **( प्रविद्र प्रकाश यादव )** | **( रामज्ञान सिंह )** |
| **सचिव** | **ग्राम प्रधान** |
| **ग्राम पंचायत इस्लामाबाद** | **ग्राम पंचायत इस्लामाबाद** |
| **विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर** | **विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर** |


# चकबंदी कार्यों में तेजी लाने वाले चकबंदी अधिकारी सम्मानित

चित्रकूट, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में लक्ष्य की पूर्ति होने एवं चकबंदी के कार्यों को सकुशल व तेजी से करने के लिए सहायक चकबंदी अधिकारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, राजीव कुमार तथा चकबंदीकर्ता छत्रपाल, ओमप्रकाश शर्मा, सुनील कुमार तथा चकबंदी लेखपाल निलेश कुमारी, अमित राणा, देवेंद्र कुमार साहू, नीरज कुमार एवं नागेंद्र कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि चकबंदी आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशन एवं आदेशों का सन 2025 व 2026 में पूर्ण रूप से पालन करते हुए चकबंदी के कार्यों को पूर्ण कराए।

चकबंदी प्राधिकारियों द्वारा गांव में जाकर चकबंदी वादों का निस्तारण तेजी से करें जिससे की चकबंदी कार्यों का फायदा किसानों को अधिक से अधिक मिल सके। समीक्षा के दौरान उन्होंने चकबंदी अधिकारी शरदचंद्र यादव एवं शैलेन्द्र द्विवेदी के अनुपस्थित रहने के कारण बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन को निर्देशित किया कि कारण बताओं नोटिस जारी करें।

## क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी हुए रिटायर, डीएम ने किया सम्मानित




चित्रकूट, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। क्षेत्रीय अधिकारी विजय कुमार का खिलाड़ियों ने कबड्डी खेल कर जिलाधिकारी द्वारा किए गए सराहनीय कार्य पर उन्हें पगड़ी पहनाकर विदाई दी। उन्होंने कहा कि आरएसओ विजय कुमार ने चित्रकूट में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा दिलाने तथा उन्हें प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभा कराकर चित्रकूट को खेलों में एक नई पहचान दी है। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में वॉलीबॉल विजेता, सपना देवी ने जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त किया 46 टीम में प्रदेश मे भाग लिया स्टेडियम में खेल की सुविधाएं उपलब्ध है। जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, खेल प्रशिक्षक, खेल अनुदेशक, बालक बालिका, खिलाड़ी, अभिभावक कार्यालय स्टाफ ने उनके कार्यों की प्रशंसा की। क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी ने कहा कि उन्हें खेलों के विकास के लिये जब भी याद करेंगे वह अपनी सेवाएं तत्कालीन उपलब्ध कराएंगे।

# जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

## डीएम ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता को ले अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश



उरई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल पुरुष व जिला अस्पताल महिला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था, साफ-सफाई और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने आपातकालीन कक्ष, जनरल वार्ड, महिला वार्ड, दवा वितरण कक्ष और पैथोलॉजी लैब का दौरा किया। उन्होंने मरीजों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने पर जोर देते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में टोकन व्यवस्था लागू है, डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए, जिससे मरीजों को पता चल सके कि उनका नंबर कब आएगा। उन्होंने सीएमएस को निर्देशित किया कि पैथोलॉजी लैब को नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही, जिला महिला अस्पताल की लैब को प्रथम तल से ग्राउंड तल पर स्थानांतरित करने के आदेश दिए, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान वाटर कूलर बंद पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित बाबू के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। इसके अलावा, अस्पताल परिसर में व्यवस्थाएं होने के बावजूद उनके संचालन में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने सीएमएस को कड़े निर्देश जारी कर कहा कि अस्पताल परिसर में स्थापित वाटर कूलर, पंखा, एसी आदि के सुचारू संचालन के लिए जिम्मेदार कर्मचारी तैनात किए जाएं। जिलाधिकारी ने अस्पताल के मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का भी निर्देश दिया, जिससे अवैध रूप से खड़े वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, पुरुष सीएमएस आनंद उपाध्याय, महिला सीएमएस सुनीता बनौधा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व चिकित्सक मौजूद रहे।

# नवरात्र पर्व को ले खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने चेकिंग कर भरे नमूने



उरई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ०प्र० लखनऊ व जिलाधिकारी के आदेशानुसार व अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) के निर्देश के क्रम में नवरात्र पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य जनपद जालौन में डॉ० जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त खाद्य के नेतृत्व में सुनील कुमार, कन्हैया लाल यादव, अनिल कुमार शंखवार, महेश प्रसाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी के सचल दल द्वारा कोंच तहसील के ग्राम देवगांव में स्थित कन्हैया की किराना दुकान से खाद्य पदार्थ अरहर की दाल, साबूदाना, किसमिस का नमूना संग्रहित किया गया। साथ ही कालपी तहसील में स्थित सुरेंद्र कुमार की दुकान से पनीर का नमूना संग्रहित किया गया। उरई नगर पालिका के जिला परिषद पर स्थित सुरेंद्र कुमार के परिसर से खाद्य पदार्थ सिंघाड़े का आटा का नमूना संग्रहित किया गया। साथ ही फूड सेफ्टी वेन के माध्यम से खाद्य पदार्थों के प्रति आमजनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थों के बारे में जागरूक किया व मौके पर 08 नमूनों की जांच की गई। नवरात्र पर्व के दृष्टिगत कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# शराब की दुकान हटाने की मांग पर महिलाओं का उपद्रव

उन्नाव, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग पर स्कूल और मंदिर के पास खुली अंग्रेजी और देसी शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर महिलाओं ने हंगामा किया। सड़क जाम करने का प्रयास किया लेकिन लोगों के समझाने पर दुकान के सामने बैठ गईं और दुकान नहीं खुलने दी। सीओ और नायब तहसीलदार पहुंचे।

उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराने और हल निकालने का आश्वासन देकर महिलाओं को शांत कराया। करीब चार घंटे बाद हंगामा चला। बांगरमऊ कस्बे के बरुआघाट मार्ग पर छतुरिया कुआं के पास अंग्रेजी और देसी शराब की दुकानें हैं। इनके पास ही विश्वकर्मा मंदिर और 100 मीटर की दूरी पर निजी स्कूल है। नशे में गाली-गलौज और अभद्रता की घटनाएं होने से महिलाएं लगातार विरोध कर रही हैं। मंगलवार सुबह 10 बजे क्षेत्र की चंद्रावती, वंदना, शालिनी, फूलमती, राधा देवी, निशा देवी, पिंकी सैनी, गुड़िया, मुन्नी, केतकी, संगीता, उर्मिला, बिट्टी, रानी, कलावती सहित करीब 100 महिलाएं सड़क पर आ गईं और शराब ठेका खोलने का विरोध करने लगीं। महिलाओं ने बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया। हालांकि लोगों के समझाने पर वह सभी शराब की दुकान के सामने बैठ गईं और दुकान खुलने नहीं दी। महिलाएं दोनों शराब की दुकानों को हटाने की मांग करने लगीं। सूचना पर सीओ अरविंद चौरसिया, नायब तहसीलदार दीपक गौतम, आबकारी निरीक्षक अखिलेश सिंह पहुंचे और महिलाओं से बात की। आश्वासन दिया कि उच्चाधिकारियों से बात करके समस्या को हल कराने का प्रयास करेंगे। इस पर महिलाओं ने कहा कि हर बार इसी तरह आश्वासन दिया जाता है, पर हल नहीं निकलता। अधिकारियों के काफी समझाने और जल्द कार्रवाई के आश्वासन पर दोपहर एक बजे महिलाएं शांत हुईं। चेतावनी दी कि सुनवाई न हुई तो फिर पूरी ताकत से विरोध-प्रदर्शन करेंगी।

# भक्तों ने मां कुष्मांडा की भक्ति-भाव से की पूजा-अर्चना

उरई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। चैत्र नवरात्रि के चैथे दिन नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में मां के चैथे स्वरूप, मां कुष्मांडा की भक्ति-भाव से पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। जय माता दी के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया और घंटे-घड़ियाल, शंख और नगाड़ों की ध्वनि गूंजती रही।

बताते चलें कि चैत्र नवरात्रि के चैथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना करने का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां कुष्मांडा की पूजा और उपासना करने से भक्तों की सभी तरह के रोग, कष्ट और शोक समाप्त हो जाते है। नवरात्रि में मां के इस रूप की पूजा करने से भक्तों की आयु, यश, कीर्ति, बल और आरोग्यता में वृद्धि होती है। विशेष रूप से माना जाता है कि मां की कृपा से भक्तों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मानसिक शांति प्राप्त होती है। देवी कुष्मांडा रोगों का नाश करने वाली और वायु वृद्धि करने वाली मानी जाती है।

मां कुष्मांडा की पूजा करने से भक्तों के सभी रोग, दुख और कष्ट समाप्त हो जाते है। इनकी पूजा से आयु, यश, बल और समृद्धि की प्राप्ति होती है। इनके पूजन से असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है और मनुष्य की आरोग्यता बनी रहती है। मां कुष्मांडा की आराधना से जीवन में सभी प्रकार की समृद्धि और सुख-शांति का प्रवेश होता है। इस दौरान नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में हुल्की माता मंदिर, बड़ी माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, संकटा माता मंदिर, मलशन माता मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी।

# उद्योग धंधे स्थापित कराने को ले समाजसेवी ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

जालौन/उरई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। जनपद में ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण और पर्यटन की संभावना तलाशने की आवश्यकता है। इसके साथ ही जनपद में बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए उद्योग धंधे स्थपित कराने के लिए समाजसेवी ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

ऐतिहासिक दृष्टि से जनपद जालौन का काफी महत्व रहा है। जनपद में कई ऐसी इमारते हैं जिनका यदि संरक्षण किया जाए तो जनपद में पर्यटन की संभावना के साथ ही लोगों को रोजगार भी मिल सकता है। इस दिशा में पूर्व डीएम राजशेखर, प्रशिक्षु आई आईएएस संजय खत्री, डॉ. मन्नान अख्तर ने प्रयास किया था। उन्होंने जनपद की ऐतिहासिक महत्व की विरासत को संरक्षित करने की दिशा में कदम उठाते हुए उनकी वीडियोग्राफी के साथ ही प्रचार प्रसार भी किया था। लेकिन अब इस दिशा में कोई कार्य नहीं हो रहा है। ऐसे में समाजसेवी विपुल दीक्षित, अखिलेश लाक्षाकार, प्रदुम्न दीक्षित आदि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में लिखा कि जनपद की ऐतिहासिक विरासत क्षतिग्रस्त हो रही हैं। जलावन ऋषि की नगरी जालौन नगर में स्थित ताईबाई महल, क्रोंच ऋषि की नगरी में स्थित बारह खंभा, व्यास नगरी कालपी, गोपालपुरा, रामपुरा, समेत जनपद के अधिकांश स्थानों पर एतिहासिक विरासत को समेटे हुए कई इमारतें हैं जो संरक्षण के अभाव में जर्जर हो रही हैं। ताईबाई महल तो बारिश के चलते धीरे धीरे ढह रहा है। यदि इन इमारतों को संरक्षित कर पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए तो क्षेत्र के लोगों को रोजगार की संभावना भी बढ़ेगी और नई पीढ़ी ऐतिहासिक विरासतों से भी परिचित हो सकेगी। उन्होंने लिखा कि शिक्षित युवा बेरोजगार हैं, महिलाएं भी घर गृहस्थी में उलझी रहती हैं। आज के दौर में बढ़ती मंहगाई के चलते एक व्यक्ति द्वारा घर चलाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में इस क्षेत्र में उद्योग धंधों की संभावना भी बन सकती है। जनपद के वन क्षेत्र में रक्षा संबंधी उपकरणों की फैक्ट्री, प्रशिक्षण केंद्र आदि खुलवाकर क्षेत्र में रोजगार की संभावना को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से इस दिशा में विचार कर-के योजना बनाए जाने की मांग की है।

# ट्रैक्टर ट्राली पलटने से बाइक सवार घायल, रेफर

जालौन/उरई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के बाबई मार्ग पर ग्राम हरदोई राजा के पास बिल्डिंग मैटेरियल का सामान लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। जिसकी चपेट में बाइक सवार आ गया। घायल बाइक सवार को सीएचसी से उच्च संस्थन रेफर किया गया। बुधवार की दोपहर एक ट्रैक्टर और ट्राली में बिल्डिंग मैटेरियल का सामान लादकर एक ट्रैक्टर जालौन से बाबई की ओर जा रहा था। इसी दौरान बाबई की ओर से बाइक लेकर विनोद (31) पुत्र हरिशंकर निवासी ग्राम बिरहरा थाना सिरसा कलार जालौन की ओर जा रहा था। जब वह हरदोई राजा गांव के पास पहुंचे तभी साइड देने के चक्कर में दोनों वाहनों का संतुलन बिगड़ गया। एक ओर जहां ट्रैक्टर समेत ट्राली सड़क किनारे पलट गई। तो बाइक लेकर निकल रहा विनोद भी ट्रॉली की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

# ईद मिलन समारोह का आयोजन कर पेश की हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल



राठ ,हमीरपुर, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। ग्रीन टाइगर सोसाइटी के संस्थापक/अध्यक्ष मुशरिफ खान एवं सचिव जुनैद बेग दुरार्नी ने अपनी कोर कमेटी के पदाधिकारियों के भरपूर सहयोग से ईद मिलन समारोह का एक भव्य आयोजन किया , जिसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जालौन हाजी अजहर बेग,मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व राठ विधान सभा प्रत्याशी श्रीमती राजपूत चंद्रवती वर्मा, जिला अध्यक्ष हमीरपुर अक्टक्ट जब्बार खान साहब, सांसद प्रतिनिधि कलीम मोहम्मद( सप्पू भाई ) आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष सलीम मेहंदी, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संघ अध्यक्ष जागेश्वर के साथ समस्त पूर्व सैनिक, सभासद खालिक कुरैशी एवम सभासद मोहम्मद अलीम के साथ लगभग 18 माननीय सभासद गण, डॉक्टर जमील राठवी,समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर शमीम खान, मंसूरी समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर ताज मोहम्मद ( लक्ष्मी डॉक्टर )तथा सैकड़ों सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे और प्रेम सद्भाव के साथ एक दूसरे से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं ! और आपको बताते चलें कि ग्रीन टाइगर सोसाइटी हमेशा ही गरीबों के साथ खुशियां बांटने का काम करती है और उनकी टीम हमेशा गरीबों की मदद के लिए खड़ी रहती है सर्दियों में जैसे कंबल वितरण और गरीबों को राशन वितरण और बीमारों को इलाज हेतु मदद करती है और गरीब बच्चियों की शादी में भी सोसाइटी द्वारा मदद की जाती है पूरे बुंदेलखंड में सोसाइटी द्वारा जरूरतमंदो के पास जाकर उनकी मदद करती है और सोसाइटी का कहना है कि इसी तरह हमारा लक्ष्य है की पूरे हिंदुस्तान में जरूरतमंदों के लिए सोसाइटी द्वारा मदद की जाएगी और अल्लाह के करम से इसी तरह हम सब के साथ खड़े होकर व सब की खुशियों में शामिल होकर खुशियां मनाते रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में मामा-भांजे की मौत

महोबा, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। जनपद महोबा के चरखारी कोतवाली क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार मामा-भांजे की मौत हो गई। तीन साल की बच्ची घायल हो गई। घटना चरखारी के गुढ़ा गांव के पास की है। 66 वर्षीय चंदन अपने भांजे घनश्याम और उसकी तीन वर्षीय बेटी अवनी के साथ बिलखी गांव से तेरहीं कार्यक्रम से लौट रहे थे। गुढ़ा गांव के पास एक तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में घनश्याम की मौके पर ही मौत हो गई। चंदन और मासूम अवनी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। इलाज के दौरान चंदन ने भी दम तोड़ दिया। अवनी की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे झांसी रेफर किया। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से गांव में शोक छा गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे की जांच जारी है।

### बरातशाला व मंदिर के बीच शराब ठेके का विरोध

अचलगंज/उन्नाव, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। बेथर गांव में आबादी के बीच शराब की दुकान खुलने का ग्रामीणों ने विरोध किया। डीएम से मिलकर प्रार्थनापत्र दिया और जल्द से जल्द दुकान हटवाने की मांग की। ग्राम प्रधान विमल शुक्ल ने बताया कि गांव की बस्ती में एक ओर आंबेडकर पार्क और दूसरी ओर बाबा ब्रह्मदेव का मंदिर है। उसी के बीच में शराब ठेका खोलने के लिए दुकान किराये पर ली गई है। पार्क में बच्चे और महिलाएं शाम को टहलने जाती हैं। वहीं, मंदिर जाने वालों का क्रम भी लगा रहता है। ऐसे में अगर ठेका खुलता है तो अराजकता बढ़ेगी। इससे आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहेगी। बच्चों पर भी गलत असर पड़ेगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अंकित मिश्र, पूर्व प्रधान सिद्धार्थ तिवारी, राहुल अवस्थी, रामशंकर, रामप्रकाश, बबलू, जमुना देवी, मीना देवी, संतोष सिंह आदि ग्रामीण शामिल रहे। डीएम गौरांग राठी ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### बिना वैध प्रपत्रों के ई-रिक्शा वाहन का न करें संचालन, क्षमता से अधिक न बैठायें सवारियां: परिवहन अधिकारी

उरई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। शासन के आदेश के अनुक्रम में दिनाँक 01 अप्रैल 2025 को सुरेश कुमार वरि0-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा0/प्रव0) व राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रव0-I) व विनय कुमार पाण्डेय यात्रीकर/मालकर अधिकारी, जालौन द्वारा संयुक्त रुप से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बिना पंजीयन, बिना वैध प्रपत्रों, बिना हाइ सिक्योरिटी नम्बर प्लेट या बिना वैध चालक लाइसेंस व नावालिगों द्वारा ई-रिक्शा का संचालन करने के अभियोग में अभियान चलाकर 28 ई-रिक्शा के विरुद्ध चालान/निरुद्ध की कार्यवाही की गयी। साथ ही समस्त ई-रिक्शा चालकों को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि बिना वैध प्रपत्रों के ई-रिक्शा वाहन का संचालन न करें और न ही क्षमता से अधिक सवारियाँ बैठायें। पुनः जनपद के समस्त ई-रिक्शा के वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि बिना वैध प्रपत्रों (यथा-पंजीयन प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र, बिना एच.एस.आर.पी. नम्बर प्लेट) के अपने ई-रिक्शा वाहन को मार्ग पर संचालित न करें। पंजीयन प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र वैध कराने के उपरान्त व एच.एस.आर.पी. नम्बर प्लेट अपडेट/लगाकर ही मार्ग पर ई-रिक्शा वाहन का संचालन करें। अन्यथा की स्थिति में ऐसे के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए सीज कर दिया जाएगा।


कार्यालय : नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांकः - 2026 /नि०वि०/न०नि०शाह0/2025 दिनांकः - 30.03.2025

ई-निविदा सूचना

नगर निगम शाहजहाँपुर में 15वाँ वित्त आयोग अन्तर्गत 05 निर्माण कार्यों की ई-निविदा दिनांक 21.04.2025 को दोपहर 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो तद्‌दिनांक सायं 04:00 बजे से खोली जानी है। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य की समस्त नियम व शर्तें उक्त बेबसाइट पर उपलब्ध है जिनका अवलोकन करने उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बिना कारण बताये टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत/ निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। उक्त निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना उक्त बेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

नगर आयुक्त


# सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



जालौन/उरई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में कक्षा शिशु से मानया, यादवी यादव (कक्षा एक), नीशू (कक्षा दो), विमल (कक्षा तीन), प्रिया तोमर (कक्षा चार), नव्या (कक्षा पांच), आलिया (कक्षा छह), रिया तोमर व जाहन्वी (कक्षा सात), अभिराज सिंह (कक्षा आठ), आयुषी सेंगर व मुस्कान (कक्षा नौ), आराधना सिंह (कक्षा 11) ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अभिनीश, रितिक, सायदा, संगीत, आशिका देवी, शैलजा, हरषु, प्रगति, ऋषिक चतुर्वेदी, अरूष विश्वकर्मा, रतन सिंह, अल्का, अविका सेंगर ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी मेधावी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रशासन द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विनोद यादव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले छात्र हमेशा आगे बढ़ते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और जो विद्यार्थी कठिन परिश्रम करते हैं, वे निश्चित ही उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित करें, ताकि वे जीवन में नई ऊंचाइयों को छू सकें। समारोह के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें आगे की परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित किया।

# विकास कार्यों से आमजन को मिलेगी राहत: चौहान

## जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि ने सुलभ कॉम्प्लेक्स का किया लोकार्पण



उरई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान ने बुंदेलखंड विकास निधि (जिलांश) योजनान्तर्गत उरई जिला अस्पताल में होम्योपैथिक चिकित्सालय के पास नवनिर्मित सार्वजनिक सुलभ कॉम्प्लेक्स शेड का फीता काटकर लोकार्पण किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, सीएमएस आनंद उपाध्याय, अधिशाषी अभियंता आरईएस शीलेन्द्र राजपूत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अरविंद चौहान ने कहा कि सरकार जनसुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह सार्वजनिक सुलभ शौचालय क्षेत्रीय लोगों की स्वच्छता एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के विकास कार्यों से आमजन को राहत मिलेगी और स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्वच्छ भारत अभियान के तहत इस तरह की परियोजनाओं को प्राथमिकता से पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक आवश्यक आवश्यकता है और इस प्रकार के बुनियादी ढांचे के निर्माण से लोगों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है, और इस तरह के सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# भीम आर्मी ने अम्बेडकर जयंती मनाए जाने की स्वीकृत की उठाई मांग

कोंच/उरई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। आगामी 14 अप्रैल 2025 को संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जानी है। जिसके लिए भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ताओं ने दिन बुधवार को उपजिलाधिकारी को संबोधित एक पत्र देकर स्वीकृत दी जाने की मांग की पत्र में कार्यकताओं ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगी हुई डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं रंगाई पुताई प्रधानों द्वारा करवाई जाए और जिन ग्रामों द्वारा अम्बेडकर जयंती मनाने के आवेदन दिए गए हैं। उन्हें स्वीकृति प्रदान की जायें। इस दौरान भीम आर्मी जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष रविकान्त जाटव, दीपेश कुमार अहिरवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह, पूर्व जिला महासचिव उपेंद्र सिंह जाटव, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह, आशीष बोद्ध आदि मौजूद रहें।

# विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल ने रामोत्सव कार्यक्रम का किया आयोजन



जालौन/उरई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल द्वारा रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभू श्रीराम की आरती की गई और मर्यादा पुरूषोत्तम के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की गई।

नगर में स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित रामोत्सव कार्यक्रम में मुख्य वक्ता क्षेत्र संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद गजेंद्र सिंह ने कहा कि रामोत्सव कार्यक्रम समय की आवश्यकता है। अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के लिए इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। प्रभू श्रीराम का पूरा जीवन प्रेरणाप्रद है। उनके मार्ग का अनुसरण कर व्यक्ति जीवन में कभी गलत कर ही नहीं सकता है। अपने घरों पर भी बच्चों से प्रभू श्रीराम के जीवन के बारे में चर्चा करें और उन्हें पाश्चात्य संस्कृति को छोड़कर भारतीय संस्कृति के अनुसार जीवन जीना सिखाएं। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रभू श्रीराम की आरती गाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार बाल्मीकि ने की। इस मौके पर प्रांत सहमंत्री अभिनव, अवधेश, जिला अध्यक्ष गुरु प्रसाद शर्मा व जिला मंत्री आचार्य तेजस, नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, साकेत, रमाकांत, आशीष द्विवेदी, प्रखंड अध्यक्ष कल्लू चैहान, नगर संयोजक बजरंगर दल मानवेंद्र परिहार, निशांत अवस्थी, अनूप कुशवाहा, अनिल मिश्र, ब्रजेश महाराज, प्रखंड संयोजक मानवेंद्र पाल, अभय सिंह राजावत, प्रदीप सक्सेना, कुंवर यादव, अनूप सेंगर आदि मौजूद रहे।

# भगवान के धरती पर आने का भी होता है निश्चित कारण : द्विवेदी

जालौन/उरई, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। खनुआं स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चैथे दिन कथा व्यास पंडित पवन द्विवेदी ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया।

श्रीकृष्ण जन्म की कथा कहते हुए कथा व्यास पंडित पवन द्विवेदी ने कहा कि भगवान के धरती पर आने का भी निश्चित कारण होता है। जब पृथ्वी लोक पर पाप बढ़ जाते हैं तब भगवान धर्म और धरती की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं। कृष्ण ऐसे देव है जो भक्त के हृदय में और विरोधी की बुद्धि में बसते हैं। सिर्फ धर्म की रक्षा के लिए विचरण करते रहते है। कहा कि जब कंस ने सभी मयार्दाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। यहां पर जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के उद्घोष के साथ पूरे पांडाल में मौजूद श्रद्धालु जयकारे लगाने लगे। कथा व्यास ने श्रृद्धालुओं के गोपालन की महिमा से भी अवगत कराया और पांडाल में मौजूद भक्तों से अपील करते हुए कहा कि अपने अपने घरों पर गोपालन अवश्य करें और उनकी सेवा करें। इस मौके पर पारीक्षित संतराम निरंजन, सीताशरण निरंजन धनौरा, पर्वत सिंह, रामलला दुहौलिया, रामशरण उदैनिया, लला निरंजन, राजू याज्ञिक, महेंद्र सिंह निरंजन, मुन्ना लंबरदार, मुन्नी देवी, मुक्ति, राजकुमार, अनुज, कोमल, उर्मिला, ममता देवी, मीना, शिवानी आदि मौजूद रहे।

# वक्फ बिल के समर्थन में मुस्लिमों ने बांटे लड्डू



**अलीगढ़, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** वक्फ संशोधन बिल के पेश होने पर अलीगढ़ में मुस्लिमों ने खुशियां मनाई और पीएम मोदी की तस्वीर को लड्डू खिलाया। केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जहॉं एक ओर देश भर में मुस्लिम समाज के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अलीगढ़ में मुस्लिमों ने ही इस बिल का दिल खोलकर स्वागत किया है। उन्होंने बिल पेश होने पर लड्डू बांटे और ढ़ोल बजाकर खुशियां मनाई।

दारा शिकोह फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आमिर रशीद के साथ संगठन के पदाधिकारियों ने पहले पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर को लड्डू खिलाया, इसके बाद एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। उन्होंने हर आने जाने वालों को लड्डू खिलाकर बिल पेश होने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बिल गरीब और जरूरतमंद मुस्लिमों के हक में है।

फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आमिर रशीद ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल 2024 जो मोदी सरकार ने संसद में पेश किया है, उसके लिए उनके फाउंडेशन के हर सदस्य ने दुआ मांगी है। उन्होंने कहा कि इस बिल के बाद वक्फ का पुराना काला कानून खत्म हो जाएगा और इसका अंत होगा। क्योंकि इस काले कानून की आड़ में बहुत सारे लोगों की जमीनें छीनी गई हैं और इस पर भू-माफियाओं ने अपना कब्जा कर लिया है। यह बिल आने के बाद किसी गरीब के ऊपर अत्याचार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह बिल तत्काल संसद में पास हो जाना चाहिए, इसके लिए उन्होंने अल्लाह से दुआ भी की है। मुस्लिमों के जश्न के दौरान बड़ी संख्या में फाउंडेशन के लोग मौजूद रहे।

अध्यक्ष के साथ मुस्लिम धर्मगुरु चौ. हफराहीम हुसैन समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के लोग पहले इस बिल को समझे, इसके बाद सरकार का विरोध करें। किसी के बहकावे में आकर बिल्कुल भी माहौल खराब न करें। यह बिल मुस्लिमों के हक में ही है।

## मुठभेड़ के बाद 50 हजार का इनामी वाहन चोर गिरफ्तार

**मथुरा, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना बरसाना पुलिस ने 50 हजार रुपये के ईनामी अंतर्राज्यीय वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद इसे गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से 13 चोरी की मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस बरामद किये गये। शातिर अन्तर्राज्जीय वाहन चोर साहब सिंह पुत्र दौलत निवासी खोटपुरी थाना कामा राजस्थान को चौकिंग के दौरान गोवर्धन नाला पर चोरी की एक मोटरसाइकिल व एक चाकू तथा मास्टर चाबी के साथ गिरफ्तार किया गया। साहव सिंह की निशादेही पर हरिओम पुत्र जगदीश निवासी ग्राम राकौली थाना बरसाना मथुरा को कमई रोड वन्द ईट भट्टा से पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियुक्त के द्धारा मिलकर चोरी की गयी कुल 13 मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस मुठभेड़ में हरओम की दोनों टागों मे गोली लगी है जिनका सीएचसी बरसाना मे उपचार चल रहा है। हरिओम के विरूद्ध मथुरा जनपद के विभिन्न थानों में डेढ दर्जन के कारीब आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार निर्वाल थाना बरसाना, एसआई प्रवीन तेवतिया, एसआई राहुल सिंह, एसआई मंयक, एसआई आकाश चौधरी, एसआई कुंजन चौधरी आदि थे।

# पुलिस के साथ मारपीट की घटना में धरपकड़ तेज

**मथुरा, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** ईद से पहले मोहल्ला निकासा में पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद कार्यवाही तेज कर दी है। हमलावरों के घरों में ताबडतोड दबिश देकर आरोपियों में खलबली मचा दी है। आधा दर्जन हमलावरों को दबोच लिया है। दूसरी ओर आरोपितों के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस घर में तोडफोड कर रही है। मोहल्ला निकासा में 27 मार्च को पुलिसकर्मियों को दौड़ा दौड़ाकर पीटा था। जैसे तैसे वे लोग जान बचाकर भागे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिससे पुलिस की जमकर फजीहत हुई। मामले में पुलिस ने 24 नामजदों सहित करीब दर्जन भर अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद पिटाई के शिकार हुए तीनों पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस ने अब इस घटना में कार्यवाही तेज कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुलिस की टीमों ने आरोपी हमलावरों के घरों पर उनकी तलाश में दबिश दी। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। यह कार्रवाई एक साथ कई घरों पर की गई। जहां से पुलिस ने छह लोग बाबू उर्फ लाला उर्फ सोहिल पुत्र रसीद, आसिक पुत्र रसीद, अब्दुल्ला पुत्र शरीफ, उमर पुत्र मुनन को दबोच लिया। पूरी कार्रवाई से मोहल्ले में भगदड मच गई। उधर वहीं अबरार अहमद, राशिद, मौहम्मद रहीश, नेहा पुत्री रसीद ढल्लावासिया ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि पुलिसकर्मी घर में तोड़फोड़ कर रहे हैं। पुलिस ने ऐसे सभी आरोपों को निराधार बताते हुए वांछितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश की बात कही है।

# 66 ई-रिक्शा, 6 ऑटो के खिलाफ की गई कार्यवाही



**39 ई रिक्शा के चालान तथा 27 सीज किये गये**

**मथुरा, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बिना वैध पंजीकरण के सडक पर दौड रहे ई रिक्शा को नष्ट कराया जाएगा।

मंगलवार को 66 ई रिक्शा व छह ऑटो के खिलाफ कार्यवाही की गई। शासन के निर्देशों के क्रम में परिवहन आयुक्त द्वारा माह अप्रैल 2025 में अवैध रूप से संचालित ई रिक्शा वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देश के अनुपालन में एक अप्रैल को अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में राजेश राजपूत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन प्रथम) मथुरा, मनोज प्रसाद वर्मा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-द्वितीय) मथुरा, अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी (यातायात) मथुरा, संदीप चौधरी यात्रीकर अधिकार मथुरा, शौर्य कुमार, (यातायात निरीक्षक) मथुरा तथा अन्य यातायात निरीक्षकों के साथ संयुक्त टीम द्वारा वृन्दावन मथुरा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित ई रिक्शा एवं अन्य वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। 39 ई रिक्शा के चालान तथा 27 निरूद्ध किये गये। इसके अतिरिक्त छह ऑटो बिना वैध प्रपत्रों के अभियोग में चालान, बंद की कार्यवाही की गयी। इस चौकिंग अभियान के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों एवं यातायात नियमों का पालन किये जाने हेतु जागरूक किया गया। राजेश राजपूत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-प्रथम) मथुरा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी ई रिक्शा चालकों को अपने वाहनों के प्रपत्रों को पूर्ण करा कर ही संचालित करे एवं अपंजीकृत ई रिक्शाओं को डिस्मेंटल नष्ट किया जायेगा एवं उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही भी की जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी। यह अभियान पूरे माह नियमित रूप से संचालित रहेगा।

## ऊपर से निकल गई बुग्गी, युवक की मौत

**अलीगढ़, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कोतवाली खैर के गॉव कुंवरपुर निवासी 45 वर्षीय बच्चू सिंह पुत्र सोहन सिंह गॉव गिडौरा स्थित ईंट भट्ठे पर अपनी बुग्गी से ईंट ढुलाई का काम करते थे। रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे बुग्गी में ईंटें लादकर भट्ठे के भंडारण क्षेत्र में जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर वह नीचे गिरे और उनके ऊपर से बुग्गी निकल गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए, हादसा होते ही वहॉं मौजूद लोग तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैर लेकर पहुंचे जहॉं डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया तो वहीं पुलिस ने मैक्स गाड़ी सहित चालक को हिरासत में ले लिया।

# मैनपुरी में 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ




**शिक्षा से वंचित बच्चों का पंजीकरण कर भेजा जाए स्कूल-रामनरेश अग्निहोत्री**

**मैनपुरी, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** 'स्कूल चलो अभियान' और निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह का शुभारंभ बरेली में मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण के साथ हुआ। इसके उपरांत पूर्व मंत्री एवं विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समाज जब शिक्षा को प्राथमिकता देता है, तो उसे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

उन्होंने बताया कि 'स्कूल चलो अभियान' के तहत शिक्षा से वंचित बच्चों का पंजीकरण कर उन्हें शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत स्कूल भेजा जाएगा। बीते वर्षों में डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा मिला है, स्मार्ट क्लासेस, डिजिटल लाइब्रेरी और ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी स्कूलों में अब ड्रेस, किताबें, टाइल्स वाले कक्ष, योग्य शिक्षक और गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन की व्यवस्था है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को प्रेरित करने, उनकी प्रतिभा को निखारने और शिक्षा को रोचक बनाने का आह्वान किया। मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने भी बच्चों के स्वास्थ्य और अनुशासन पर जोर दिया।

इस अवसर पर विधायक, जिलाध्यक्ष, अधिकारियों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# श्रीनेमी गिरनार अहिंसा धर्म पद यात्रा का सासनी में किया भव्य स्वागत



**हाथरस/सासनी, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पंडित जीवी दौलतराम जी नगरी सासनी में श्री 1008 पदमप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर पर जैन समाज द्वारा श्री नेमी गिरनार अहिंसा धर्म पद यात्रा का प्रथम बार आगमन पर जोशीला स्वागत किया गया।

बुधवार को जैन समाज के महामंत्री अंजय जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा दिल्ली से चल कर जैन तीर्थ गिरनार जा रही है, इसके क्रम में आज अलीगढ़ की ओर से सासनी में यात्रा आयी, जैन समाज सासनी ने जैन पेट्रोल पंप से धर्म पद यात्रा की भव्य आगवानी की तत्पश्चात यह यात्रा 1008 फिट लंबे राष्ट्रीय ध्वज एवं 1008 फिट लंबे पचरंगा जैन ध्वज सहित पूरे गाजे बाजे के साथ महिला पुरुष बच्चे और जैन समाज के लोगों के साथ विभिन्न स्थानों पर होते हुए के एल जैन इंटर कॉलेज पहुंची। इस दौरान जगह जगह पर यात्रा का पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि एक सौ एक दिवसीय एक हजार पांच सौ किमी. लंबी इस यात्रा का उद्देश्य जैन तीर्थों के संरक्षण के लिए जैन समाज को एकजुट कर जाकरुक करना है और इस यात्रा का समापन दो जुलाई को गुजरात राज्य के जूनागण जिले में स्थित जैन तीर्थ गिरनार पर्वत की पांचवीं टॉक पर जैन धर्म के बाइस वें तीर्थंकर श्री नेमीनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस पर होगा। इस मौके पर अंजय कुमार जैन, अतुल कुमार जैन, विपुल लुहाड़िया, राहुल जैन, अम्बुज जैन, यश लुहाड़िया, अक्षत जैन, संदीप जैन, विपिन जैन, शोभित जैन, मनोज जैन, अभिषेक जैन, विनय जैन, सर्वेश जैन, निर्भय जैन, अंकुर जैन, दीपक जैन, पंकज जैन, अरिहंत जैन, वैभव जैन, सुनीता जैन, तनु जैन, अंजू जैन, पुष्पा जैन, मधु जैन, संजू जैन, राजकुमारी जैन, बीनू जैन, नीलम जैन, प्रीति जैन, पूजा जैन, उषा जैन समेत भारी संख्या में जैन समाज के महिला पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

## मगरमच्छ होने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**अलीगढ़, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** गॉव के पास मगरमच्छ होने से ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है, ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को जानकारी दी। वन विभाग के दरोगा का कहना है कि गांव भदरोई में मगरमच्छ होने की सूचना मिली है। गॉव के लोगों से कहा गया है कि मगरमच्छ पानी से बाहर दिखाई पड़ें तो तत्काल खबर दें। टीम भेजकर उन्हें पकड़ा जाएगा।

वन विभाग को जानकारी दी, गॉव भदरोई निवासी पुष्पेंद्र बघेल ने बताया कि मंगलवार की दोपहर कुछ किसान अपने खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गांव के कच्चे चकमार्ग के किनारे दो मगरमच्छ घूमते नजर आए। दो मगरमच्छ होने की खबर गांव में पहुंची तो तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ने का प्रयास किया तो चकमार्ग से चलकर खाई में भरे गहरे पानी में चले गए। वन विभाग के दरोगा धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि गांव भदरोई में मगरमच्छ होने की सूचना मिली है। गांव के लोगों से कहा गया है कि मगरमच्छ पानी से बाहर दिखाई पड़ें तो तत्काल खबर दें। टीम भेजकर उन्हें पकड़ा जाएगा।

# यमुना छठ की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

**नगर आयुक्त ने यमुना के घाटों का किया निरीक्षण**

**मथुरा, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** नगर निगम मथुरा वृंदावन के द्वारा यमुना जी के अवतरण दिवस यमुना छठ पर्व पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के दृष्टिगत नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा समाज सेवी गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि घाटों पर उच्च कोटि की सफाई व्यवस्था हेतु अतिरिक्त क्यूआरटी टीम की तैनाती की जाए, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दोनों ओर बैरीकेडिंग, घाटों के किनारे लगी हुई सभी स्ट्रीट लाइट को चेक करके ठीक कराया जाए, घाटों पर लगे जो पंखे सही नहीं है उसे ठीक कराया जाए, घाटों पर लगे हुए टीन सेट जो सही नहीं है उसकी मरम्मत कराकर ठीक कराया जाए, कूड़ा निस्तारण हेतु बड़े साइज के अर्पण कलश स्थापित किया जाए जिससे घाटों पर फूल माला आदि पूजा सामग्री का निस्तारण सही तरीके से किया जा सके। सभी घाटों के किनारे दीवारों पर पेंटिंग की जाए, दूर से घाटों की सुंदरता बढ़ाने हेतु सभी घाटों में एक ही कलर में फसाड लाइटिंग कराई जाए। रात्रि में अलग अलग स्थानों पर हाई मास्क लाइट लगाया जाए, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व्यवस्था एवं घाटों पर व आने जाने वाले मार्गों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुचारू रखने हेतु सम्बंधित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया की यमुना छठ पर्व पर नगर निगम द्वारा की जाने वाली समस्त व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराए।

निरीक्षण के दौरान गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, अमरेंद्र गौतम प्रभारी मुख्य अभियंता निर्माण विभाग, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, गोपाल बाबू गर्ग, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी से जितेंद्र सिंह, अवर अभियंता अभियंता जलकल विभाग, राजकुमार लवानिया सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लैंगिक उत्पीड़न के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**मैनपुरी, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम-2013 के अन्तर्गत गठित आन्तरिक परिवाद समितियों एवं स्थानीय समिति के पदाधिकारियों को लैंगिक उत्पीड़न के विरूद्ध जागरूकता हेतु जनपद कार्यशाला का आयोजन दि. 04 अप्रैल को अपरान्ह 01 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में किया जायेगा। उन्होने सम्बन्धित से वर्ष 2024 की सूचना उपलब्ध कराने के साथ ही उक्त कार्यशाला में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

## विश्व हिंदू राष्ट्र परिषद के कार्यक्रम का आयोजन

**अलीगढ़, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना महुआ खेड़ा क्षेत्र के बोनेर पर बुधवार को विश्व हिंदू राष्ट्र परिषद का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है, कार्यक्रम में दूर-दराज से हिंदूवादी व सनातनियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया और संसद में वक्फ संशोधन बिल पास होने की मांग की गई। इसके साथ इस कार्यक्रम में दूर-दराज से आए हिंदू वीडियो ने भारत को हिंदू राष्ट्र बनने पर जोर दिया है। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे विश्व हिंदू राष्ट्र परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि प्रत्येक देश में आज हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं इसीलिए जल्द ही भारत को हिंदू राष्ट्र बनाया जाना चाहिए।

# इस महीने संचारी रोगों से निपटेगा स्वास्थ्य विभाग

**मथुरा, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** संचारी रोगों की रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद मुख्यालय पर मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय परिसर से जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी के द्वारा एक रैली को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस रैली में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों आशा कार्यकत्री, एएनएम के साथ साथ बाल विकास सेवा विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, नगर निगम मथुरा वृन्दावन के कर्मचारियों द्वारा बड़े पैमाने पर बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के साथ साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी जिला पंचायतीराज अधिकारी अरुण कुमार उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी; आईसीडीएस श्रीमती बुद्धी मिश्रा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल गर्ग, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार, डॉ अनुज चौधरी, पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ रोहिताश तेवतिया एनोडल एनयूएचएम डॉ पीयूष सोनी, जिला मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, नगरीय मलेरिया अधिकारी डॉ.भूदेव सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहिताश मीना एवं शहरी क्षेत्र के चिकित्सा अधिकारीगण एवं वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक संतोष तिवारी, मलेरिया निरीक्षक राहुल सिंह सिसौदिया,अनिल कुमार वर्मा, नितिन रस्तोगी, आश्रिता सिंह एवं मलेरिया कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने जलती चिता से निकाला नवविवाहिता का शव

**संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती महिला की मौत का है मामला**

**मथुरा, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** राया क्षेत्र के गांव कटैला में अचानक पहुंची पुलिस को देखकर भगदड मच गई, जो लोग मौके पर थे वह भाग निकले। पुलिस ने आनन फानन में जलती चिता से नवविवाहित का शव निकाला। आवश्यक कार्यवाही करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है। थाना राया क्षेत्र के गांव कटैला में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। आरोप है कि ससुरालीजनों ने महिला के मायके पक्ष को इस बात की सूचना नहीं दी और मायके पक्ष को बिना बताए महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। किसी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी महावन धर्मेंद्र चौहान, प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुच गए।

जलती हुई चिंता पर पानी डाल कर भूझा दिया गया। मौके पर पहुंची एफएसएल की टीम ने मृतका के अधजले अवशेषों को चिंता से निकाल कर कब्जे में ले लिया। इस की जानकारी नायब तहसीलदार महावन प्रदुमन त्रिपाठी को थाना पुलिस के द्वारा दी गई। नायव तहसीलदार के द्वारा पंचनामा की कार्रवाई करने के बाद मृतक के शव के अवशेषों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह भिजवा दिया। थाना अध्यक्ष अजय कौशल ने बताया की गांव कटैला में विवाहित के जलने की सूचना 112 नंबर डायल पर की गई थी। इस मामले में उच्च अधिकारी को अवगत करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह भिजवा दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बुलन्दशहर निवासी रिया (23) की विपिन कुमार के साथ पांच महीने पहले शादी हुई थी।

## संविदा चिकित्सक बनने को पहुंचे 22 अभ्यर्थी

**मथुरा, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एमबीबीएस डाक्टरों की संविदा पर नियुक्ति के लिए जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा सीडीओ की अध्यक्षता में गठित समिति ने आज साक्षात्कार लिया गया। बुधवार को राजीव भवन स्थित सीडीओ कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता मे गठित समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में संविदा पर वाक इन इण्टरव्यू के माध्यम से एम.बी.बी.एस. चिकित्सकों के साक्षात्कार लिया गया। आज साक्षात्कार मे कुल 22 चिकित्सकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। चयन समिति में मुख्य विकास अधिकारी के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका संयुक्त चिकित्सालय वृन्दावन श्रीमती वन्दना एंव जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एन.एच.एम. संजय सिरोही उपस्थित रहें।

# पेज 1 का शेष...

## नागेंद्रन हो सकते हैं...

गठबंधन करना चाहती है क्योंकि अभिनेता विजय द्वारा अपनी खुद की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम बनाकर राजनीति में उतरने का ऐलान किया गया है। ? भाजपा के प्रस्तावित प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन 2001 और 2011 में तिरुनेलवेली विधानसभा क्षेत्र से अन्नाद्रमुक के टिकट पर चुनाव जीतकर और 2001 से 2006 तक तमिलनाडु सरकार में बिजली, उद्योग और परिवहन मंत्री रह चुके हैं। वे 2017 में अन्नाद्रमुक छोड़कर भाजपा में शामिल हुए, और 2021 के विधानसभा चुनावों में तिरुनेलवेली से भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की।

उन्हें तमिलनाडु विधानसभा में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। वे भाजपा से 2024 के लोकसभा चुनावों में तिरुनेलवेली सीट से चुनाव लड़ चुके हैं और उन्हें विभिन्न जातियों और समुदायों का अच्छा समर्थन भी मिला। वैसे अन्नामलाई को भाजपा को राज्य में मजबूत स्थिति में पहुँचाने का श्रेय जाता है लेकिन राज्य में जरूरत देखते हुए वे भी पद कुर्बान करने को सहर्ष तैयार हैं। भाजपा उन्हें तमिलनाडु में अपनी कोर कमेटी में स्थान देने के अलावा राष्ट्रीय राजनीति में भी उपयोग करेगी, यह बात भी उन्हें बताई जा चुकी है।

## वक्फ विधेयक पर...

करते हुए आंकड़े दिए और कहा कि तब 4.9 लाख वक्फ संपत्तियां थी जिनसे मात्र 163 करोड़ की आमदनी होती थी। तब यह आमदनी 12 हजार करोड़ तक की जा सकती थी। अब यह 8.72 लाख हो गई और आमदनी केवल 3 करोड़ बढ़कर 166 करोड़ हुई है। यह बहुत कम है और उचित प्रबंधन से इसे बढ़ाया जा सकता है, जिसका इस्तेमाल मुसलमानों के हित में ही होगा।

रिजिजू ने चर्चा के दौरान इस बात का भी उल्लेख किया कि 2014 के चुनाव से पहले तत्कालीन कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने दिल्ली की 123 प्राइम प्रॉपर्टी वक्फ को सौंप दी थी। उन्होंने इसकी आवश्यकता पर सवाल उठाए और कहा कि तब की सरकार को लगा कि इससे चुनाव जीतने में मदद मिलेगी लेकिन वे हार गए। संशोधित विधेयक के प्रावधानों की जानकारी देते हुए रिजिजू ने कहा कि विधेयक में कई तरह की गड़बड़ियां थीं, जिसे हमने बदला। वक्फ बोर्ड को धर्मनिरपेक्ष और समावेशी बनाने का प्रयास किया गया है। इसमें विशेषज्ञ को भी शामिल किया गया है। अब शिया, सुन्नी, बोहरा, पिछड़े मुस्लिम, महिलाएं और विशेषज्ञ गैर-मुस्लिम भी वक्फ बोर्ड के सदस्य होंगे। लोकसभा में विधेयक पेश किए जाने के दौरान केरल से सदस्य एनके प्रेमचंद्रन ने विरोध जताया और कहा कि विधेयक पर चर्चा हेतु बनी जेपीसी को संशोधनों की सिफारिश करने का अधिकार है, उसके पास संशोधन का अधिकार नहीं है। इस पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि समिति की ओर से प्रस्तावित संशोधनों को कैबिनेट के समक्ष रखा गया है और इसकी अनुमति के बाद संशोधन के सहित यह विधेयक मंत्री लाए हैं। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने विपक्ष की ओर से चर्चा की शुरूआत करते हुए स्वीकारा कि विधेयक में कमियां हैं और इसमें संशोधन की जरूरत है। हालांकि उन्होंने कहा कि सरकार की विधेयक को लाने की मंशा गलत है।

सरकार भ्रम फैला रही है जैसे विधेयक में विवाद में कोर्ट जाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने सत्ता पक्ष के इस दावे का खंडन किया कि विधेयक को व्यापक विचार-विमर्श के बाद लाया गया है। उन्होंने इस बात को उठाया कि जेपीसी में विपक्ष की ओर से सिफारिश किए गए सभी संशोधनों को मतविभाजन से अस्वीकार कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की नजर मुसलमानों की जमीन पर है और इससे लिटिगेशन की समस्या बढ़ेगी। विधेयक पर चर्चा करते हुए समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव ने भी विधेयक का विरोध किया और कहा कि वह इसके विरोध में मत करेंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इससे पार्टी अपने खोए हुए वोट बैंक को फिर से साधने की कोशिश कर रही है। वह कई क्षेत्र में अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए वक्फ संशोधन विधेयक लाई है। वहीं दूसरी तरफ केन्द्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार में शामिल जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने लोकसभा में बुधवार को पेश वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन किया।

विधेयक पर जारी चर्चा में भाग लेते हुए पार्टी नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी के 20 साल के बिहार में शासन के दौरान मुसलमानों के हित में सबसे ज्यादा काम हुआ है। उन्हें किसी से धर्मनिर्पेक्षता के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। जद(यू) नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा कि वक्फ के बारे में भ्रम फैलाया जा रहा है कि यह मुस्लिम विरोधी है। वक्फ मुस्लिम संस्था नहीं है। वक्फ केवल एक ट्रस्ट है। वक्फ बोर्ड केवल एक प्रशासनिक और विनियामक संस्था है। ट्रस्ट को चाहिए कि वे महिला और पसमंदा मुसलमानों सहित सभी मुसलमानों के साथ न्याय करे। उन्होंने कहा कि विधेयक का विरोध दो तरह के लोग कर रहे हैं, एक वे जिन्हें वोट बैंक की राजनीति करनी है और दूसरा वे जिनका वक्फ संपत्तियों पर कब्जा है। मोदी सरकार वक्फ को लेकर पारदर्शिता और संपत्ति से होने वाली आमदनी बढ़ाना चाहती है। जातीय जनगणना पर विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने पसमंदा मुसलमानों का मुद्दा उठाया और कहा कि पसमंदा मुसलमानों की गणना भी होनी चाहिए।

## जिनके लिए ये बिल है...

अखिलेश यादव ने कहा कि चीन के कब्जे वाली जमीन ज्यादा बड़ा मुद्दा है। चीन ने जिस जमीन पर गांव बसाए वो बड़ा मुद्दा है। रेलवे की जमीनों को बेचा जा रहा है। रेलवे हो या डिफेंस सारी जमीनें भारत की हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जब भी कोई नया बिल लाती है, तब अपनी नाकामी छिपाती है।महाकुंभ में कितने हिंदू मारे गए, इस पर पर्दा डालने के लिए भाजपा यह बिल लेकर आई है। महाकुंभ में आस्था सबकी है। कोई पहली बार कुंभ नहीं हो रहा था। भाजपा ने ऐसा प्रचार किया कि 144 साल बाद यह कुंभ हो रहा है। सरकार का दावा था कि हमारी तैयारी सौ करोड़ श्रद्धालुओं की है, महाकुंभ में 30 श्रद्धालु मारे गए, और एक हजार लापता हैं, सरकार जान गंवाने वालों के नाम बताए जाएं। अखिलेश यादव ने कहा कि कुंभ हमारे लिए कारोबार का जरिए नहीं है। महाकुंभ की मौतों पर पर्दा डालने की कोशिश की जा रही है। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि मुझे ईद के कार्यक्रमों में जाने से रोका गया। देश मिलीजुली सांकृति से बना है। वहीं दूसरी तरफ लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने विषय से हटकर भाजपा के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन में देरी को लेकर कटाक्ष किया। इस पर केंद्रीय गृहमंत्री अमति शाह ने उसी अंदाज में वंशवाद को लेकर सपा पर तंज कसा।लोकसभा में चर्चा के दौरान अखिलेश ने चेहरे पर व्यंग्यात्मक मुस्कान के साथ कहा कि भाजपा में आंतरिक संघर्ष चल रहा है। एक पार्टी को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का दावा किया जाता है, वह अभी तक अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पाई है।गृहमंत्री शाह ने उनकी टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अखिलेश जी ने हंसते-हंसते कहा है, इसलिए मैं भी उसी अंदाज में जवाब दूंगा। शाह ने कहा, ₹मेरे सामने जितनी भी पार्टियां हैं, उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कुछ परिवार के लोग ही करेंगे। हमें 12-13 करोड़ सदस्यों में से प्रक्रिया के बाद चुनना होता है। इसलिए इसमें समय लगता है। आपके मामले में इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा।

## ई-पॉस मशीनों से भ्रष्टाचार...

जबकि 2,000 अन्य निमार्णाधीन हैं। अन्नपूर्णा भवन न केवल खाद्यान्न आपूर्ति का केंद्र होगा, बल्कि यहां अन्य जनसुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। भवन में स्टोर के लिए दो अलग-अलग कक्ष बनाए जा रहे हैं। एक कक्ष में सरकारी राशन का भंडारण होगा, जबकि दूसरे कक्ष में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) संचालित किया जाएगा। इस केंद्र से जन्म, मृत्यु, आय और जाति प्रमाणपत्र जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा, भवनों में जनरल स्टोर और कम्युनिटी सर्विस सेंटर (सीएससी) का संचालन किया जाएगा। यहां बिजली बिल भुगतान, ब्रॉडबैंड सेवा, सस्ती जेनरिक दवाएं, और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की बिक्री की सुविधा होगी।

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स-0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# बेटी की शादी को खरीदी मिठाई ने रिश्ते में लगाया फंगस!

## आरोप है कि मिठाई के नाम पर जहर बेच रहा बेकरी संचालक, रिश्ते में खटास

- पीजीआई क्षेत्र के ग्रीन गार्डेन बेकरी का मामला, खरीदी थी रेवड़ी बर्फी
- हाल ही में निर्वाण अस्पताल में बच्चों की फूड प्वाइजनिंग का मामला उठा था

सत्य प्रकाश




लखनऊ, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। राजधानी के पीजीआई इलाके में एक ग्राहक ने वृन्दावन स्थित एक बेकरी से मिठाइयां खरीदी। यह मिठाइयां उन्होंने ले जाकर उन्नाव के नवाबगंज में अपने समधी के यहां दे दी, जहां पर उन्होंने अपनी बिटिया की शादी तय की है।

ग्राहक बेटी की शादी की तारीख तय करके वापस लखनऊ चले आये। रात बीती और सुबह होते ही होने वाले दामाद के पिता ने फंगस लगी मिठाई की फोटो मोबाईल पर भेजी तो लड़की के पिता को बहुत ही ग्लानि महसूस हुई। जिसके बाद वह दुकान पर पहुंच गए और फूड कमिश्नर से लेकर फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट और इससे पहले बेकरी संचालक से संपर्क करने का प्रयास किया। किसी तरह जब उनकी बात फूड सेफ्टी टीम तक पहुंची तो क्षेत्रीय फूड इंस्पेक्टर कमल कुमार मौके पर पहुंचे।

लेकिन ग्राहक द्वारा विधिक कार्रवाई करने की बात पर अड़े रहने पर फूड इंस्पेक्टर ने सैम्पल सील करके प्रयोगशाला को भेजा दिये और जिसकी रिपोर्ट हर बार की तरह कब तक आयेगी, इसका पता न विभागीय टीम को है और न ही इससे पीड़ित होने वाले ग्राहक को या किसी और को...। अब पीड़ित के परिवारीजन ही मन मसोसकर रह जा रहे हैं कि कहां से वो उस अमुक दुकान पहुंच गये, पैसे भी दुकानदार के हिसाब से दिये, और अब खराब मिठाई ने कहीं न कहीं उनके नये होने वाले रिश्तेदारी में फंगस के तौर पर खटास तो पैदा कर ही दी। इंद्रपुरी के रहने वाले नीरज दीक्षित ने तरूणमित्र को अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि उन्नाव के नवाबगंज में अपनी बेटी का रिश्ता तय किया है।

उन्होंने बताया बेटी की शादी की तारीख और अन्य कार्यक्रमों की बातचीत के लिए वह अपने समधी से मिलने के लिए बीते 30 मार्च को नवाबगंज गए थे। उन्होंने ने बताया कि वृन्दावन स्थित ग्रीन गार्डेन बेकरी से मिठाइयां खरीदी। उन्होंने बताया रेवड़ी बर्फी 800 रुपए किलो और खोये की मिठाई 700 रुपए किलो की दर से खरीदी थी। इसे लेकर वह बेटी के ससुराल नवाबगंज पहुंच गए। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान शादी के तिथि 21 अप्रैल तय हुई। वह मिठाइयां देकर देर रात लखनऊ वापस लौट आये। अगले दिन सुबह उनके रिश्तेदार ने मोबाईल पर रेवड़ी बर्फी की फोटो भेजी जिसमे फंगस लगा हुआ था। इसके बाद उन्होंने दुकान पर पहुंचकर इसकी शिकायत खाद्य विभाग से की। जिसके बाद फूड इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंचकर नमूने सील करके जांच के लिए भेज दिए हैं।

वहीं कुछ जिम्मेदार शहर वासियों का कहना रहा कि अभी हाल ही में निर्वाण संस्था में जिस तरीके से फूड प्वाइजनिंग का शिकार बेकसूर बच्चे हुए, और पूरा शासन-प्रशासन हिल गया, बावजूद इसके अभी तक राजधानी लखनऊ में ऐसे अधोमानक तरीके से महंगी मिठाईयां बेचने वालों को किसी प्रकार का भय नहीं है...उनके मुताबिक ऐसे लोगों के खिलाफ तो कड़े एक्शन लेने चाहिये।

### क्या बोले जिम्मेदार...!

मिठाइयों सहित अन्य सामग्री के सैम्पल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं, इसकी रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जायेगी।

**कमल कुमार, फूड इंस्पेक्टर**

बेकरी संचालक ब्रजेश सिंह के नंबर अपने को उनका भाई बताते वाले विपिन नाम शख्स का कहना रहा कि यहां से जो मिठाई खरीदी गई थी, उस समय कोई गड़बड़ी नहीं थी, जब उनसे यह पूछा गया कि क्या यह जरूरी नहीं है कि किसी भी खुली मिठाई बेचने के साथ उसके रेट के साथ ही उसके एक्स्पॉयर या खराब होने की तिथि की जानकारी भी संबंधित खरीददार को देना चाहिये क्योंकि वो तो केवल खरीद-फरोख्त के दौरान प्रथम दृष्ट्या रेट ही देखता है।

**खराब मिठाई खाने से जज की तबियत बिगड़ गई थी तब...!**

बीते वर्ष अगस्त में खराब मिठाई खाने से महिला जज की तबीयत बिगड़ गई। वह कोर्ट के रेस्ट रूम में बेहोश होकर गिर गईं थी। स्टॉफ ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। इस दौरान वह तीन दिन एडमिट रहने के बाद तबीयत में सुधार हुआ था।

वही मिठाई खाकर जज की बहन और नौकरानी की भी तबीयत खराब हो गई थी। इस घटना के बाद जिला न्यायालय की विशेष न्यायाधीश जज मंजुला सरकार ने नीलकंठ स्वीट्स पर मुकदमा दर्ज कराया था। नीलकंठ स्वीट्स के लड् ?डू खाने से पेट में इंफेक्शन होने की बात कही थी। जज की तबियत बिगड़ने पर खाद्य विभाग की टीम हरकत में आई थी और संचालक के खिलाफ कार्रवाई की थी।

## एकेटीयू में इंफोसिसा बना रही हाइटेक लैब

लखनऊ, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय जल्द ही प्रदेश में पहला हाइटेक मेकर्स लैब स्थापित करने वाला पहला विश्वविद्यालय बन जाएगा। यह लैब इंफोसिस बना रही है। इसके अलावा लड़ाकू विमान बनाने वाली फ्रांस की प्रसिद्ध कंपनी डसॉल्ट और भारत की ब्रह्मोस कंपनी विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस स्थापित करेगी।

मेकर्स लैब में जहां विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के छात्रों को आधुनिक तकनीकी और विज्ञान से जुड़ने का मौका मिलेगा। छात्र इस लैब में अपने प्रोजेक्ट्स को मूर्त रूप दे सकेंगे। वहीं, डसॉल्ट और ब्रह्मोस के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में तीन सालों में पांच हजार से ज्यादा छात्रों को हाईटेक और नई तकनीकी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षित छात्रों में से ही कुछ छात्रों को दोनों कंपनियां अपने यहां समायोजित भी करेंगी। एक ओर जहां मेकर्स लैब जल्द ही बन कर तैयार हो जाएगा, वहीं सेंटर ऑफ एक्सिलेंस जुलाई-अगस्त तक शुरू हो सकते हैं। सॉफ्टवेयर बनाने वाली जानी-मानी कंपनी इंफोसिस विश्वविद्यालय में मेकर्स लैब बना रही है।



गोमती नगर में ई-रिक्शा की चेकिंग करती यातायात पुलिस। छाया: तरूणमित्र

## जिम में लगी आग, दमकल गाड़ियों ने आग पर पाया काबू




- धुंआ दो किमी दूर तक नजर आया
- गोमतीनगर विस्तार स्थित जिम का मामला

लखनऊ, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। गोमतीनगर विस्तार इलाके में मौजूद एक जिम में आग लग गई। जिम से धुआं निकलते देख लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। फायर विभाग की टीम आग लगने के कारणो का पता लगाने में जुटी है।

प्रथम दृष्टया शॉट सर्किट से आग लगने की जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक सेक्टर- 5 गोमतीनगर विस्तार निवासी एके सिंह के मकान की तीसरी मंजिल पर बुधवार दोपहर 2 बजे आग लग गई। जहां आल टाईम फिटनेस जिम है, जिसका संचालन पीयूष सिंह करते हैं। फायर स्टेशन गोमतीनगर से 3 फायर यूनिट घटनास्थल पहुंची। पंपिंग के सहारे तुरंत राहत कार्य में लग गई।

करीब आधे घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। घटना में कोई भी जनहानि नहीं हुई। जिम में रखा सारा जल कर राख हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि लपटें और धुआं दो किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। जिम के पास से गुजर रहे राहगीर घटनास्थल पर रुक गए। इससे सड़क पर जाम जैसे हालत हो गए। पुलिस ने रास्ता खुलवाया।

**मुंशी पुलिया चौराहे पर दुकान में आग लगी**

इंदिरा नगर फायर स्टेशन को दोपहर करीब 3:30 बजे मुंशी पुलिया चौराहे पर एक दुकान में आग लगने की सूचना मिली। मौके से एक गाड़ी को रवाना किया गया। दमकल मौके पर पहुंचती। इससे पहले ही लोगों ने खुद ही आग बुझा ली। आग दुकान में लगे मीटर में लगी थी।



गोमती नगर एलडीए में लगे रजिस्ट्री शिविर में पहुंचे लोग। छाया: तरूणमित्र

## 126वें दिन जनपदों व परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन जारी

लखनऊ, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने यह कहा है कि वर्ष 2025-26 में एटी एंड सी हानियां 13.8 2% लाने के पावर कारपोरेशन के दावे के बाद पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण किसके हित में किया जा रहा है। संघर्ष समिति के आह्वान पर बुधवार को लगातार 126 वें दिन सभी जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि मल्टी ईयर टैरिफ डिस्ट्रीब्यूशन रेगुलेशन 2005, एक अप्रैल से लागू होने के बाद पावर कॉरपोरेशन द्वारा यह दावा किया गया है कि वर्ष 2025 - 26 में ए टी एंड सी हानियां घटकर 13.82% रह जाएंगी। उन्होंने कहा की 2 दिन पूर्व प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा जी ने स्वयं ट्वीट कर बताया था कि वर्ष 2017 की 40% की तुलना में ए टी एंड सी हानियां वर्ष 2024 में घटकर 16.5% रह गई है।

अब जब चालू वित्तीय वर्ष में ए टी एंड सी हानियों को 13.82% तक आने की बात कही जा रही है जो 15% के राष्ट्रीय मानक से कम है, तब निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जानी चाहिए। समिति ने कहा कि सितंबर 2020 में केंद्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग रेगुलेशन में स्पष्ट कहा गया है कि जहां 15% से कम ए टी एंड सी हानियां हों , ऐसे विद्युत वितरण निगमों में निजीकरण करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस दृष्टि से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की चल रही प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जानी चाहिए।

## वक्फ बिलः मसला संशोधन का नहीं, नीयत का हैः कांग्रेस



**बोले अजय राय पहले भी संशोधन हुआ मगर ऐसा विरोध नहीं हुआ**

लखनऊ, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। संसद में पेश हुए वक्फ संशोधन बिल पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि मसला संशोधन का नहीं, नीयत का है और सरकार हमेशा की तरह धार्मिक तुष्टिकरण कर मुसलमानों को निशाना बनाने की कोशिश कर रही है। ऐसा नहीं कि वक्फ बिल में पहली बार संशोधन हो रहा है इसके पहले वर्ष 2013 और 1995 में भी संशोधन हुए हैं मगर तब ऐसा कोई विरोध मुस्लिम समुदाय की ओर से नहीं हुआ था।

सवाल यह है कि आज जब मोदी सरकार संशोधन की बात कर रही है तो पूरे का पूरा मुस्लिम समाज इस बिल विरोध में क्यों है? बुधवार को जारी बयान में राय ने कहा कि पहले ही दिन से सरकार की मंशा संशोधन के जरिए पूरे के पूरे वक्फ बोर्ड को कटघरे में खड़ा करने की थी। सरकार और पूरे का पूरा भाजपा का आईटी सेल इस नेरेटिव को बनाने में लगा रहा कि लोकतांत्रिक भारत में वक्फ एक ऐसी संस्था है जो मनमाना व्यवहार करती है। वक्फ संशोधन बिल को लेकर बनाई गई जेपीसी में भी विपक्षी सांसदों के सुझाए गये सारे संशोधनों को भी खारिज कर दिया गया। इतना ही नहीं खंड दर खंड चर्चा की जो परंपरा थी उसका भी पालन नहीं किया गया यानी मोदी सरकार अपने मनमाने तरीके से वही बिल संसद में पास कराने के लिए आमादा है जो वह चाहती है और जेपीसी सिर्फ एक दिखावा था।

अजय राय ने कहा कि हम संशोधन और सुधार के नहीं बल्कि मोदी सरकार नीयत के खिलाफ हैं जो इस देश में धार्मिक सदभाव खत्म कर वैमनस्यता और नफरत हावी कर देना चाहती है। आगे बोले कि कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध है कि उनकी इस विभाजनकारी नीति के खिलाफ लड़ने के लिए हम संविधान को मानने वाले लोग हैं।

## लोहिया संस्थान में रोबोटिक सर्जरी पूरी तरह शुरू



लखनऊ, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में अब रोबोटिक सर्जरी शुरू हो चुकी है। इसके लिए संस्थान प्रशासन ने हरी झंण्डी दिखा दी है। जोकि पीजीआई व मेंदांता समेत अन्य निजी अस्पतालों से कम खर्च पर मरीजों की सर्जरी हो सकेगी। बुधवार को डॉ. इश्वर राम धयाल, यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट विभाग के प्रमुख ने बताया विभाग ने दा विंची एक्सआई डबल कंसोल सिस्टम का उपयोग करके अपनी पहली रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की है।

बीतें 28 को दो रोबोटिक सिम्पल नेफ्रेक्टोमी की गई। यह उपलब्धि संस्थान की प्रतिबद्धता को दशार्ती है कि वह सामान्य जनता के लिए सस्ती और नवीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करे। दा विंची एक्सआई सिस्टम डॉ. आरएमएलआईएमएस की विश्व-स्तरीय चिकित्सा देखभाल प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, और यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट विभाग की सर्जिकल नवाचार में आगे रहने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

डाक्टर रामदयाल ने बताया कि दा विंची एक्सआई सिस्टम के साथ, संस्थान के यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट विभाग के सर्जन जटिल प्रक्रियाओं को अभूतपूर्व सटीकता, चपलता, और नियंत्रण के साथ करने में सक्षम होंगे। जिससे रोगियों को बेहतर परिणाम और तेजी से रिकवरी समय का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा उनकी टीम विश्व-स्तरीय देखभाल प्रदान करने के लिए समर्पित है, और यह उपलब्धि उनकी उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करती है और स्वास्थ्य सेवाओं को सभी वर्गों के लिए सुलभ बनाने के लिए।

डॉ. सीएम सिंह, निदेशक आरएमएलआईएमएस ने बताया कि संस्थान ने हमेशा नवीन प्रौद्योगिकी को सभी वर्गों के लिए सुलभ बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है, जिसमें वंचित वर्ग भी शामिल है। संस्थान का मिशन सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, जो उसके स्वस्थ समुदाय बनाने के विजन के अनुरूप है।

## नगर विकास मंत्री ने शिवरी प्लांट का निरीक्षण किया



लखनऊ, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में स्थित ग्राम शिवरी का नगर निगम द्वारा स्थापित कूड़ा प्लांट बुधवार चर्चा में रहा। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा और रामचंद्र प्रधान ने भी शिरकत की। नगर निगम कार्यकारिणी से केएन सिंह और रणजीत सिंह यादव भी निरीक्षण में शामिल हुए। स्थानीय प्रधान राम नरेश राजपूत समेत क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोगों ने भी निरीक्षण में हिस्सा लिया।

## केजीएमयू में होगा गोलमेज सम्मेलन

लखनऊ, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश में नैदानिक परीक्षणों के बारे में चिकित्सा संस्थानों को संवेदनशील बनाना है। इसके साथ–साथ फार्मा उद्योग के हितधारकों को प्रदेश में नैदानिक परीक्षणों की संभावनाओं और परिदृश्य से परिचित कराया जाएगा। ये जानकारी केजीएमयू प्रो डॉ सुधीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में क्लिनिकल ट्रायल के विस्तार के लिए गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में होने जा रहा है। सम्मेलन में राज्य से चिन्हित 20 चिकित्सा संस्थानों के प्रतिनिधि,चिकित्सा शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के अधिकारी,उद्योग जगत के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित हितधारक भाग लेंगे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश में नैदानिक परीक्षणों के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए उद्योग जगत के विचार प्राप्त कर अग्रिम रणनीति बनाई जाएगी। सम्मेलन में कुलपति केजीएमयू प्रो सोनिया नित्यानंद एवं प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा भाग लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता रिसर्च सेल प्रो हरदीप सिंह मल्होत्रा एवं मन्नान अख्तर, विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा किया जा रहा है।

## अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाएंगी भाजपा

लखनऊ, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। भाजपा का 45वां स्थापना दिवस बड़े स्तर पर मनाने जा रहा है। भाजपा स्थापना दिवस 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक मनाया जाएगा। 6 अप्रैल को पार्टी पदाधिकारी कार्यालय की सजावट कर कार्यालय एवं अपने-अपने घरों पर भाजपा का ध्वजारोहण करना है। ध्वज के साथ सेल्फी लेना एवं सोशलमीडिया पर हैशटैग के साथ पोस्ट करना है। ये जानकारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष,लखनऊ महानगर प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी ने दी। बुधवार को लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी की अध्यक्षता में पार्टी कैसरबाग कार्यालय पर आयोजित बैठक में त्रयंबक त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का तृतीय कार्यकाल भारत की राजनीति में विकास के परिवर्तन का नया युग लेकर आगे बढ़ रहा है। सात अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं० दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता का चित्र लगाकर पुष्पांजलि करना है। बूथ पर बूथ समिति के सदस्य और पन्ना प्रमुखों, प्राथमिक व सक्रिय सदस्यों तथा वरिष्ठ कार्यकताओं उपस्थित रहेंगे। बूथ पर वरिष्ठ कार्यकर्ता का एकल भाषण भी होगा। घरों पर ध्वज फहराकर स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाना। सोशल मीडिया पर पोस्ट कराना।

## बीबीएयू को हासिल हुई 3.5 स्टार रेटिंग

लखनऊ, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय को शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा स्थापित इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी)से 5 में से 3.5 स्टार रेटिंग हासिल हुयी। इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल, बीबीएयू के अध्यक्ष प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा, समन्वयक डॉ. अर्पित शैलेश एवं अन्य टीम के सफल प्रयासों के फलस्वरुप विश्वविद्यालय ने यह सफलता हासिल की है। विवि कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने आईआईसी अध्यक्ष एवं टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल बीबीएयू के अध्यक्ष प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा ने चर्चा के दौरान बताया कि इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह परिषद छात्रों को नये विचारों पर कार्य करने के लिए प्रेरित करती है, जिससे वे अपने शैक्षणिक वर्षों के दौरान नवाचार कौशल विकसित कर सकें। साथ ही आईआईसी स्थानीय स्तर पर एक जीवंत नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने, स्टार्ट-अप और उद्यमिता समर्थन तंत्र स्थापित करने, और संस्थानों को अटल रैंकिंग ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ऑन इनोवेशन अचीवमेंट्स के लिए तैयार करने पर केंद्रित है।

## एकाना में गूंजेगा सीएम योगी पर बनी फिल्म का गीत

लखनऊ, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। सम्राट सिनेमैटिक्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ मिलकर अपनी आगामी फिल्म अजेय - द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी के जोश से भरपूर गीत 'है तैयारइ को आईपीएल 2025 सीजन को समर्पित किया है। यह गीत, लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में गूंजेगा, जिससे खिलाड़ियों और प्रशंसकों में जोश भरा जाएगा। संगीतकार मीट ब्रदर्स द्वारा रचित और गायक सोनू निगम की आवाज से सजे गीत हैं तैयारइ को आधिकारिक रूप से लखनऊ में लॉन्च किया गया। इस मौके पर एलएसजी के स्टार खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर और रवि बिश्नोई, एलएसजी के सीईओ विनय चोपड़ा, सम्राट सिनेमैटिक्स की निमार्ता ऋतु मेंगी, और फिल्म के मुख्य कलाकार अनंत जोशी, दिनेश लाल यादव (निरहुआ) और अजय मेंगी मौजूद थे। इस अवसर पर फिल्म निमार्ता ऋतु मेंगी ने कहा कि एलएसजी ने आईपीएल 2025 में एक शानदार शुरूआत की है।

# ट्रेनी आईएएस अपने कार्यक्षेत्र में नवाचार लायेंः डीआरएम

## स्टेशन प्रबंधन, राजस्व अर्जन, रेल संरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यात्री सुरक्षा पर चर्चा



लखनऊ, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में बुधवार को मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में तथा अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परि.) विक्रम कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इंफ्रा.) भुवनेश सिंह की उपस्थिति में आईएएस 2023 बैच के 18 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें मंडल के वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिकारियों द्वारा उपस्थित प्रशिक्षु अधिकारियों को भारतीय रेल के प्रबंधकीय कार्यों, ट्रेनों के संचालन, रेल उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं की पूर्ति, विभिन्न सरकारी संस्थानों से समन्वय के साथ ही प्रशासकीय कार्य तथा फील्ड पर होने वाली जटिलताओं से निपटने एवं कर्मचारी कल्याण से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। सीनियर डीपीओ राहुल यादव ने कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षु अधिकारियों का शाखाधिकारियों से परिचय कराया तथा पावर प्वाइंट के माध्यम से भारतीय रेलवे की संरचना एवं कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। डीआरएम ने ट्रेनी आईएएस अफसरों से कहा कि वो अपने कार्यक्षेत्र में नवाचार और जन-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाएं, ताकि वे प्रभावी प्रशासक बन सकें।

मण्डल के शाखाधिकारियों द्वारा अपने कार्य क्षेत्रों के सम्बन्ध में प्रशिक्षु अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिसमें रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर, उपकरणों के निर्माण तथा अनुरक्षण, ट्रेन के इंजन, कोच एवं वैगनों के निर्माण, नियमित जांच, तकनीकी उन्नयन आदि, रेलवे के वित्तीय लेनदेन, बजट तथा नियम, यातायात और स्टेशन प्रबंधन, राजस्व अर्जन, रेल संरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यात्री सुरक्षा, आपात कार्य योजना आदि महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।

### 35 रेल कर्मियों को सौंपे भुगतान समापक चेक

**लखनऊ।** मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के बहुउद्देशीय हाल में मण्डल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार की उपस्थिति में सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी प्रमोद कुमार भारती द्वारा 35 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर भाव भीनी विदाई देते हुए समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों के दीघार्यु की कामना की।

## केजीएमयू में न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रोफेसर ने दिया इस्तीफा

लखनऊ, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के चीफ प्रॉक्टर प्रो.क्षितिज श्रीवास्तव ने अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया। प्रो.क्षितिज श्रीवास्तव न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रोफेसर हैं। न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ.क्षितिज श्रीवास्तव लंबे समय से चीफ प्रॉक्टर की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। अचानक उनके इस्तीफा देने से विश्वविद्यालय प्रशासन को बड़ा झटका लगा है। प्रो.क्षितिज श्रीवास्तव के इस्तीफे पर चिकित्सा विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से अभी कोई औपचारिक बयान नहीं आया हैं पर अटकलें लगाई जा रही हैं कि बहुत जल्द डॉ.क्षितिज शहर के एक बड़े कॉर्पोरेट हॉस्पिटल ग्रुप को जॉइन कर सकते हैं। न्यूरो सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.बीके ओझा फिलहाल यूनिवर्सिटी के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक हैं। प्रशासनिक पद की जिम्मेदारी होने के कारण मरीजों के लिए उनके पास कम समय रहता है। ऐसे में प्रो.क्षितिज श्रीवास्तव को इस्तीफा यहां के मरीजों के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है।